धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, रविवार

09.03.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, दशवीं, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 12 | अंक : 236



12 दिल्ली में महिला समृद्धि योजना लागू






# अंतिम विजय हमारी होगी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अबतक भारत जिस तरह से खेल रहा है, उससे रविवार को भी फाइनल में जीतने की पूरी उम्मीद है। इस प्रतियोगिता में भारत अबतक अजेय है। अंतिम विजय भीहमारी ही होगी, करोड़ों देशवासियों को यही उम्मीद है। लीग स्टेज में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को भी धोया था। ऐसे में उम्मीद है कि अब फाइनल में भी भारत कीवी टीम को जरूर मात देगी।

**बदला चुकाने का सुनहरा मौका**

आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल मुकाबले में भारत और न्यूजीलैंड दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के मैदान में रविवार को भिड़ेंगी। भारत के पास 25 साल पहले का बदला चुकता करने का भी सुनहरा मौका है। साल 2000 में हुए खिताबी जंग में टीम इंडिया को कीवी टीम से हार का सामना करना पड़ा था। कल भी हमारी ही जीत होगी। फाइनल में भारत और न्यूजीलैंड 25 साल बाद एक दूसरे से भिड़ रही।

**सानिया ने जीत का किया टोटका**

फाइनल मैच के लिए भारत की पूर्व टेनिस प्लेयर सानिया मिर्जा ने रोहित सेना को बिल्कुल देसी अंदाज में भारतीय टीम की नजर उतारते हुए फाइनल के लिए चीयर किया है। जीत की शुभकामनाएं दी। सानिया मिर्जा ने कहा, 'मैं टीम इंडिया को शुभकामनाएं देती हूं। मैं दुबई में ही हूं, लेकिन मैच देखने नहीं जा पायी। थू थू थू... वो जो भी कर रहे हैं बस करते रहे हैं। कल भी जीतें। भारत में कई बार किसी चीज को लेकर नजर ना लगे उसके लिए थू थू थू कर एक टोटका किया जाता है। ऐसे में जब सानिया ने टीम इंडिया के लिए टोटका किया तो वहां मौजूद सभी लोग हंसने लगे।

**फाइनल छप्पर फड़ कमाई**

इस बार फाइनल मुकाबला रोचक होने की उम्मीद है। आईसीसी भी इसके लिए कमर कस चुका है। इसी लिए चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की कुल प्राइज मनी 6.9 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 59.9 करोड़ रुपए) कर दी गयी है। 2017 में हुए पिछले संस्करण से 53 फीसदी अधिक है। जो टीम जीतेगी उसे छप्पर फड़ कमाई होगी।

**भारत प्रबल दावेदार**

भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत को प्रबल दावेदार बताया है। भारतीय टीम ने अपने सारे मैच दुबई में खेले और सभी जीतकर फाइनल में पहुंची है। सेमीफाइनल में भारत ने आस्ट्रेलिया को हराया था। न्यूजीलैंड टीम ग्रुप ए में भारत के बाद दूसरे स्थान पर रही थी जिसे भारत ने लीग चरण में हराया था।

## न्यूज डायरी

### एमपी में धर्मांतरण कराने वालों को होगी फांसी

**भोपाल।** सीएम डॉ मोहन यादव ने कहा है कि एमपी में धर्मांतरण करवाने वालों को फांसी की सजा दी जायेगी। इसके लिए धार्मिक स्वतंत्रता विधेयक में बदलाव किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने यह बयान 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भोपाल के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में दिया। महिला दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था और अन्य जिम्मेदारियां भी महिला अधिकारियों को ही सौंपी गयी थी। उन्होंने कहा कि ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बनेगा एमपी। प्रदेश में जबरन धर्मांतरण के बढ़ते मामलों को देखते हुए मुख्यमंत्री ने कड़ा रुख अख्तियार किया है।

### राज्यपाल, सीएम, नेता प्रतिपक्ष ने दी शुभकामनाएं

**रांची।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, सीएम हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, नारी शक्ति सिर्फ सृजन नहीं, बल्कि अटूट संकल्प, प्रेम और प्रेरणा की मूर्ति है। वहीं सीएम ने भी महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा, जब आधी आबादी सशक्त होती है तो पूरा समाज समृद्ध हो जाता है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा, नारी तू नारायणी।

### तेलंगाना हादसा : रोबोट से ली जायेगी मदद

**नगरकुरनूल।** तेलंगाना में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) सुरंग के अंदर शनिवार को 15वें दिन भी बचाव अभियान तेजी से जारी रहा। वहां खोजी कुत्तों ने ऐसे दो स्थानों की पहचान की है जहां 3 लोगों के फंसे होने के आसार हैं। बचाव दल को एसएलबीसी सुरंग के आखिरी 50 मीटर में खुदाई करने में भी खतरा है। प्रशान अब रोबोट की मदद लेगा। सुरंग में फंसे 8 लोगों का पता लगाने के लिए चल रहे उपायों की समीक्षा की।

### मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, उपद्रवियों ने बस फूंकी

**गुवाहाटी।** हिंसामुक्त मणिपुर के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आह्वान के एक सप्ताह बाद फिर से वहां हिंसा भड़क उठी। ताजा हिंसा में एक की मौत हो गयी। वहीं 25 से अधिक लोग घायल हैं। शनिवार को उपद्रवियों एक बस को फूंक दिया।




| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 80,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 1,02,000 रु./प्रति किलो |




# एनटीपीसी अधिकारी की सरेआम हत्या

## घर से दफ्तर निकले थे, अपराधियों ने घेर कर मारी गोली, 3 हिरासत में





### आइजी ने उच्चस्तरीय बैठक में की समीक्षा

एनटीपीसी के अधिकारी की हत्या से इलाके में हड़कंप मच गया है। पूरे राज्य में सनसनी फैल गयी। मामले की गंभीरता को देखते हुए बोकारो रेंज के आइजी एस माइकल राज हजारीबाग पहुंचे। उन्होंने एसपी अरविंद कुमार सिंह, डीएसपी और एसडीपीओ सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। इस हत्याकांड ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े कर दिये हैं। पुलिस मुख्यालय भी सतर्क हो गया है। बैठक के दौरान आईजी ने घटना की पूरी जानकारी ली और जांच की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों से यह भी पूछा कि एनटीपीसी के कर्मियों और अधिकारियों को सुरक्षा देने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं।

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** एनटीपीसी कोल परियोजना के केरेडारी में डिस्पैच डिपार्टमेंट के सीनियर मैनेजर (डीजीएम रैंक) गौरव कुमार की गोली मार कर हत्या कर दी गयी। शनिवार को हर अपने घर से ऑफिस के लिए निकले थे। रास्ते में ही सुबह करीब 9:30 बजे कटकमदाग थाना क्षेत्र के फतहा के पास उनकी गाड़ी को रोक कर गोलाबारी की गयी। अननफानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वरीय अधिकारी की हत्या से राज्य में सनसनी फैल गयी। बोकारो रेज के आइजी ने वहां पहुंच कर उच्चस्तरीय बैठक की। हजारीबाग के एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में तीन संदिग्धों को हिरासत में ले कर पूछताछ की जा रही है। मामले का जल्द खुलासा कर दिया जायेगा। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। कुमार गौरव (45) नालंदा जिले के रहने वाले थे। उनकी पोस्टिंग 6 माह पहले ही केरेडारी में हुई थी। वह परिवार के इकलौते पुत्र थे। उनकी एक बेटी है जिसकी उम्र 10 वर्ष है, जो हजारीबाग के स्कूल में पढ़ाई करती हैं। उनका शव पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया।

### मंईयां योजना में राशि में बड़ा फजीवाड़ा, एफआईआर दर्ज

**रांची।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत तमाड़ प्रखंड में बड़ा फजीवाड़ा सामने आया है। जांच के दौरान पता चला कि 112 लाभुकों की सम्मान राशि को एक ही बैंक खाते में ट्रांसफर किया गया। इस मामले में जिला प्रशासन ने आरोपी कार्तिक पातर और उसके भाई, जो प्रज्ञा केंद्र संचालक है, के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। रांची जिला प्रशासन द्वारा योजना के लाभुकों के सत्यापन के दौरान तमाड़ प्रखंड के पंडरानी गांव में यह मामला उजागर हुआ। जांच में पाया गया कि कार्तिक पातर ने अपने भाई, जो प्रज्ञा केंद्र संचालक है, के साथ मिलकर 112 लाभुकों के बैंक खाते बदलकर सभी का पैसा एक ही खाते में ट्रांसफर करवा लिया। रांची के डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो भी अपात्र व्यक्ति इस योजना का लाभ ले रहे हैं, वे स्वेच्छा से आवेदन देकर अपना नाम हटवा लें। खुद नहीं हटाने पर प्रशासन उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगा।

## महिलाओं के विकास से ही झारखंड आगे बढ़ेगा: कल्पना



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** महिला दिवस पर अपने आवास पर महिलाओं को संबोधित करते हुए, विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि महिलाओं के विकास के बिना विससित झारखंड संभव नहीं हो सकता। इन्होंने कहा कि यही कारण है कि सीएम हेमंत सोरेन सरकार झारखंड की महिलाओं को शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने निरंतर प्रयास कर रही है। महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही हैं। सीएम के नेतृत्व में महिलाओं को उनका हक-अधिकार देने का कार्य किया जा रहा है। दिन-प्रतिदिन झारखंड सकारात्मक दिशा की ओर आगे बढ़ रहा है। राज्य की महिलाओं के त्याग, संघर्ष और तकलीफ को राज्य सरकार ने करीब से देखा है। सीएम चाहते हैं कि यहां की महिलाओं के चेहरे पर सदैव खुशी झलकती रहे। राज्य सरकार महिलाओं की हर समस्या का समाधान करने का प्रयास कर रही है। सीएम चाहते हैं कि यहां की महिलाओं के चेहरे पर सदैव खुशी झलकती कल्पना ने महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं अशेष शुभकामनाएं दी।

## रांची- लोहरदगा ट्रेन की कमान महिलाओं ने संभाली

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आठ मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रांची रेल मंडल के द्वारा महिलाओं के सम्मान में एक विशेष ट्रेन चलायी गयी, जिसकी जिम्मेदारी महिला रेल कर्मियों के ऊपर रही। रांची के प्लेटफार्म नंबर एक से खुली इस विशेष ट्रेन को सीनियर डीसीओएम श्रेया सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महिला दिवस पर झारखंड समेत देश भर में कई आयोजन किये गये। सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी व विधायक कल्पना सोरेन ने इस मौके पर महिलाओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उनके आवास पर बड़ी संख्या में महिलाएं उनसे मिलने आयी थीं। कल्पना सोरेन ने इस मौके पर कहा कि मुख्यमंत्री । के नेतृत्व में सरकार झारखंड की महिलाओं को हर स्तर पर आत्मनिर्भर बनाने में लगी है। वहीं पीएम मोदी ने नारी शक्ति को नमन किया और कहा, हमारी सरकार ने हमेशा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए काम किया है, जो हमारी योजनाओं और कार्यक्रमों में झलकता है।



**हर दिन है खास : सीनियर डीईओएम**

श्रेया सिंह ने कहा कि हर दिन महिलाओं के लिए खास है। इसलिए हमेशा महिला दिवस मनाना चाहिए। एक दूसरे के प्रति सम्मान का भाव हो और जो जिम्मेदारी आपको सौंपी जाती है, चाहे घर हो या सरकारी कामकाज उसे बखूबी से निभाये। वहीं सीनियर डीसीएम निशांत कुमार ने इसे महिला सशक्तिकरण का परिचायक बताते हुए कहा कि रांची रेल मंडल के द्वारा महिला दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

**पीएम की सुरक्षा महिलाओं ने संभाली :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर पीएम मोदी गुजरात में कार्यक्रम में शामिल पहुंचे। उनकी सुरक्षा व्यवस्था की कमान भी महिला पुलिसकर्मियों ने संभाली। उनका सोशल मीडिया अकाउंट का संचालन महिलाओं ने किया। इसकी घोषणा पीएम ने पहले ही की थी। गुजरात के गृह राज्यमंत्री हर्ष सांघवी ने कहा कि भारत के इतिहास में पहली बार पीएम के कार्यक्रम की पूरी सुरक्षा व्यवस्था महिला पुलिसकर्मियों ने संभाली। दौरे के बाद पीएम ने 'लखपति दीदी सम्मेलन' को भी संबोधित किया।

### महिला दिवस पर हेमंत सरकार का तोहफा, हम जो कहते हैं, करते हैं

# मंईयां सम्मान राशि खाते में पहुंची

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन सरकार ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिलाओं को बड़ी सौगात दी है। मंईयां सम्मान योजना की 3 महीने की राशि खातों में हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। शनिवार शाम जनवरी, फरवरी और मार्च के 7,500 रुपये खटाखट लाभुकों के खाते में जाने शुरू हो गये। राशि मिलने से मंईयां के घरों में जश्न का माहौल है। सरकार ने एक साथ तीन महीने की राशि का तोहफा दिया है, जिससे महिलाओं में खुशी की लहर दौड़ गयी है। सीएम ने सदन में ही घोषणा की थी कि हम जो कहते हैं, वही करते हैं।

### वादा निभाया, भाजपा भी वादा पूरी कर




सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि आज महिला दिवस का शुभ अवसर है। आज ही मुहलाओं के खाते में सम्मान राशि जानी शुरू हो गयी। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, यह राशि आपके स्वाभिमान की राशि है। झारखंड की लाखों मंईयां से किए वादों को हम निभाने का काम कर रहे हैं, राज्य की हर मंईयां को सशक्त बनाने का काम कर रहे हैं। श्री सोरेन ने आशा जतायी कि भाजपा भी अपने राज्यों में माताओं-बहनों से किये वादों को पूरा करने का काम करेगी। झारखंड के पदचिन्हों पर चलने का काम जल्द करेगी। सीएम ने कहा, आने वाले दिनों में होली, बाहा पर्व और ईद भी है। यह राशि सभी लाभुका का परिवार त्योहारों को हर्षोल्लास से मनाने में मदद करेगी।



# झारखंड के सात नक्सलियों पर एक लाख से सात लाख इनाम की घोषणा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के सात नक्सलियों पर इनाम की घोषणा की गई है। जिन नक्सलियों पर इनाम की घोषणा की गई है वे भाकपा माओवादी, टीएसपीसी और जेजेएमपी संगठन से जुड़े हुए हैं। नक्सलियों पर एक लाख से लेकर 5 लाख तक का इनाम रखा गया है।

**सात में चार जेजेएमपी के नक्सली** : पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिन सात नक्सलियों पर इनाम की घोषणा की गई है, उनमें से सबसे ज्यादा चार जेजेएमपी के हैं। वहीं एक टीएसपीसी और दो भाकपा माओवादी है। जेजेएमपी और टीएसपीसी दोनों का ही झारखंड के लातेहार, पलामू और चतरा में प्रभाव है।



## इससे पूर्व इनामी नक्सलियों की संख्या थी 50

झारखंड में 50 की संख्या में इनामी नक्सली मौजूद हैं। सात अन्य नक्सलियों पर इनाम की घोषणा के बाद इनकी संख्या 57 हो गई है। 50 नक्सलियों पर लगभग 9 करोड़ रुपए का इनाम घोषित है। झारखंड में एक करोड़ के चार इनामी नक्सली हैं, जिनमें मिसिर बेसरा और असीम मंडल शामिल हैं। जबकि 25 लाख रुपए के पांच, 10 लाख रुपए के सात, दो लाख के आठ और एक लाख रुपए 9 नक्सली मौजूद हैं।

## किस नक्सली पर पुलिस मुख्यालय ने रखा है कितना इनाम

जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के सब जोनल कमांडर सचिन बेंग उर्फ यूजीन पर पांच लाख रुपये के इनाम की घोषणा की गई है। सचिन झारखंड के गुमला जिले का रहने वाला है। टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के सब जोनल कमांडर मुखदेव यादव उर्फ तूफानी जी पर पांच लाख रुपए के इनाम की घोषणा की गई है। मुखदेव यादव



उर्फ तूफानी झारखंड के पलामू जिले का रहने वाला है। इसके अलावा भाकपा माओवादी के कैडर बासु पूर्ति पर एक लाख रुपये के इनाम की घोषणा की गई है। बासु झारखंड के चाईबासा का रहने वाला है। भाकपा माओवादी के कैडर बासमती जेराई पर एक लाख रुपये के इनाम की घोषणा की गई है। बासमती भी झारखंड के चाईबासा की रहने वाली है। जेजेएमपी के कैडर विशाल जी उर्फ तुलसी पर एक लाख रुपये के इनाम की घोषणा की गई है। तुलसी झारखंड के लातेहार का रहने वाला है। जेजेएमपी के कैडर पलेंद्र गंझु पर एक लाख रुपये के इनाम की घोषणा की गई है। पलेंद्र झारखंड के लातेहार का रहने वाला है। जेजेएमपी के कैडर प्रमोद गंझु पर एक लाख रुपये के इनाम की घोषणा की गई है। प्रमोद झारखंड के लातेहार का रहने वाला है।

# कोयले के अवैध व्यापार में कितने निर्दोषों की जान लेगी राज्य सरकार : बाबूलाल

### हेमंत सरकार से कोयला चोरी बंद कराने का किया आग्रह

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपराधियों द्वारा एनटीपीसी हजारीबाग के डीजीएम गौरव कुमार की दिनदहाड़े हत्या किये जाने को लेकर पर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग में एनटीपीसी कोयला परियोजना के डीजीएम गौरव कुमार की गोली मारकर हत्या किये जाने की घटना से स्तब्ध हूं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जिस प्रकार भड़काऊ बयान देकर कोयला कारोबार को प्रभावित करने की धमकी दी, उसके बाद से अपराधियों के हौसले और बुलंद हैं।

**कोयला कारोबारी पर जानलेवा हमले के बाद भी पुलिस नहीं हुई सचेत** : सात मार्च को रांची में एक कोयला कारोबारी पर जानलेवा हमले होने के बाद भी पुलिस सचेत नहीं हुई। अंततः अपराधियों ने एक युवा होनहार अधिकारी की जान ले ही ली। हेमंत सोरेन ने अपराधियों को उकसा कर कोयला कारोबार में खूनी संघर्ष का आगाज कर दिया है। न जाने कोयले के काले कारोबार में कितने निर्दोष लोगों की जान लेगी यह सरकार?

## सरकारी तंत्र के संरक्षण में हो रहा कोयला चोरी



झारखंड में धनबाद, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, चतरा के इलाके से प्रतिदिन हजारों ट्रक कोयले की चोरी ₹सरकारी तंत्र₹ के संरक्षण में हो रही है, जिसके वसूली का पैसा नीचे से ऊपर तक बंट रहा है। यदि इस चोरी पर रोक नहीं लगी, तो रोज इसी तरह हत्याएं होंगी, निर्दोष लोगों की जानें जाती रहेंगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए यह उपयुक्त समय है कि सबसे पहले वे कोयले की चोरी बंद कराएं।

**रक्षक ही भक्षक बने रहेंगे, तो कोयला चोरी व अपराध पर कैसे लगेगा अंकुश** : अपराधियों को पकड़ने के लिये एसआईटी बनाकर कार्रवाई करना अच्छी बात है लेकिन इससे भी जरूरी है कि कोयला चोरी पर अंकुश लगाने के लिये ईमानदार अधिकारियों के नेतृत्व में एसआईटी बनायी जाए, क्योंकि जबतक रक्षक ही भक्षक बने रहेंगे, तबतक कोयला चोरी और इसको लेकर हो रहे अपराध पर अंकुश कैसे लगेगा? राज्य के डीजीपी तत्काल कोयला कारोबार के सुरक्षित संचालन के लिए सभी परियोजना अधिकारियों, कर्मचारियों और व्यवसायियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

खबर एक नजर में

## राष्ट्रपति से मिले राज्यपाल संतोष गंगवार



रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्य के विकास से संबंधित विभिन्न अहम विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। राज्यपाल ने इस अवसर पर राज भवन, रांची द्वारा प्रकाशित राजभवन पत्रिका की प्रति राष्ट्रपति को भेंट की। यह पत्रिका 31 जुलाई 2024 से 31 जनवरी 2025 तक राज भवन, झारखण्ड की विभिन्न गतिविधियों पर आधारित है।

## डीजीपी नियुक्ति को लेकर बाबूलाल मरांडी ने हाई कोर्ट में किया पीआईएल

**रांची।** झारखंड में डीजीपी नियुक्ति को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री व झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। पीआईएल संख्या 1194/2025 में उन्होंने राज्य सरकार की मुख्य सचिव अलका तिवारी, गृह विभाग की सचवि वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, केंद्रीय गृह मंत्रालय के सचिव व यूपीएससी के चेयरमैन को प्रतिवादी बनाया है। जानकारी के मुताबिक, बाबूलाल मरांडी ने 22 फरवरी को पीआईएल फाइल किया था। पांच मार्च को याचिका हाईकोर्ट में रजिस्टर हुई है। गौरतलब है कि झारखंड में डीजीपी नियुक्ति नियमावली को असंवैधानिक बताते हुए बाबूलाल मरांडी ने सुप्रीम कोर्ट में भी अवमानना याचिका दायर की है।

## भाकपा (माले) महासचिव दीपांकर ने छात्र-युवा संघर्ष का किया समर्थन

**रांची।** आइसा द्वारा 11 मार्च को आयोजित राजभवन घेराव को भाकपा (माले) के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने पूर्ण समर्थन दिया है। उन्होंने छात्रों और युवाओं से शिक्षा, रोजगार और लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए एकजुट होकर आवाज बुलंद करने की अपील की है। इससे पहले, भाकपा (माले) राज्य कार्यालय, महेंद्र सिंह भवन, रांची में राजभवन मार्च को सफल बनाने के लिए पोस्टर का लोकार्पण किया गया।

## होली से पहले रेलवे ने रद्द की कई ट्रेनें

रांची। होली के पहले रेलवे ने कई ट्रेनों को रद्द कर दिया है। रेलवे ने धनबाद और जमशेदपुर से खुलने वाली कई ट्रेनों को 10 मार्च से 16 मार्च तक रद्द कर दिया है। इसका कारण आद्रा स्टेशन पर चल रहे रेललाइन के कार्य बताए जा रहे हैं।

**रद्द की गई ट्रेनों की सूची** : भारतीय रेलवे ने रद्द की गई ट्रेनों की सूची जारी कर दी है। इसके साथ ही कुछ ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट भी किया गया है। रद्द की गई ट्रेनों में आद्रा-मिदनापुर मेमू और आद्रा पैसेंजर ट्रेन 10 से 16 मार्च तक रद्द रहेंगी। इसके अलावा आसनसोल-आद्रा-आसनसोल मेमू पैसेंजर ट्रेन भी इस दौरान रद्द की गई है।

**ट्रेनों के रूट में बदलाव** : टाटा-आसनसोल-बड़ाभूम मेमू ट्रेन: 10 मार्च को यह ट्रेन आद्रा तक ही चलेगी और आद्रा-आसनसोल-आद्रा रूट पर नहीं चलेगी। आसनसोल-पारसनाथ-आसनसोल ट्रेन: 13, 14 और 15 मार्च को यह ट्रेन आद्रा में शॉर्ट टर्मिनेट होगी और आद्रा-पुरुलिया रूट पर नहीं चलेगी। खड़गपुर-गोमो-खड़गपुर मेमू एक्सप्रेस: 10 मार्च को यह ट्रेन महुदा-गोमो-महुदा रूट तक ही चलेगी। आद्रा-बाड़ाभूम-आद्रा मेमू पैसेंजर ट्रेन: 11, 15 और 16 मार्च को यह ट्रेन पुरुलिया में शॉर्ट टर्मिनेट कर दी जाएगी।

### झारखंड में 6 महीने से कांग्रेस की प्रदेश कमेटी नहीं, सभी प्रमंडल में प्रदेश प्रभारी कर रहे बैठक

# झारखंड में कांग्रेस की प्रदेश कार्यसमिति वन-मैन-टीम है, जल्द ही गठित हो सकती कमेटी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में गत छह महीने से प्रदेश कांग्रेस की कमेटी नहीं है। प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति अभी वन मैन टीम है। दरअसल 16 अगस्त 2024 को केशव महतो कमलेश को प्रदेश कांग्रेस की कमान सौंपे जाने के बाद से पीसीसी यानी प्रदेश कांग्रेस कमेटी वन मैन टीम बनी हुई है। करीब छह महीने से बिना प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों के ही पीसीसी चल रही है।

पार्टी में प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, सह सहसचिव जैसे महत्वपूर्ण पद खाली पड़े हैं। वर्तमान समय में पीसीसी केवल अध्यक्ष एवं प्रवक्ताओं के भरोसे चल रही है। इसके बावजूद



झारखंड कांग्रेस द्वारा लगातार राज्य में कांग्रेस को मजबूत करने की कवायद हो रही है। नए प्रदेश प्रभारी के राजू खुद अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर वहां के पार्टी नेताओं और कार्यकताओं से मुलाकात कर रहे हैं। उनके साथ बैठकें कर जमीनी स्तर पर पार्टी की स्थिति का आकलन कर रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर बिना प्रदेश स्तरीय टीम के कैसे पार्टी मजबूत होगी।

इस संबंध में प्रदेश कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य डॉ राजेश गुप्ता छोटू कहते हैं कि दरअसल, इस बार प्रदेश प्रभारी की कोशिश है कि जनसंख्या के हिसाब से संगठन में पिछड़ों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यकों को जगह देने की योजना है। प्रभारी खुद भी अलग-अलग प्रमंडल में जाकर जिलावार लगातार बैठकें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार जनसंख्या के अनुपात में पार्टी संगठन में भागीदारी देने के लिए ही प्रदेश कमेटी के गठन में कुछ देरी हो रही है।

**प्रभारी का दौरा समाप्त होने के बाद घोषित कर दी जाएगी प्रदेश कमेटी** : राज्य में बिना प्रदेश कार्यसमिति के छह महीने से सिर्फ प्रदेश अध्यक्ष के सहारे पीसीसी चलाने के सवाल पर प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि अभी नए प्रभारी के राजू का प्रमंडलीय स्तर का दौरा अंतिम चरण में हैं। जैसे ही यह दौरा पूरा हो जाएगा, उसके बाद जल्द ही प्रदेश कार्यसमिति गठित हो जाएगी।

# महिलाओं को अधिकार, समृद्ध समाज का आधार: सुदेश महतो

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची/सिल्ली।** महिलाओं को सम्मान, समान अधिकार और अवसर मिलना समृद्ध और सशक्त समाज की नींव है। सिल्ली विधानसभा स्तरीय महिला सम्मेलन में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने यह बात कही। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में सामाजिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य और सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। सुदेश महतो ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का अर्थ सिर्फ. आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और नेतृत्व के अवसर देना है। वर्तमान सरकार महिलाओं के नाम पर सिर्फ चंद रुपये बांटकर उन्हें भरण-पोषण तक सीमित रखना चाहती है, जो महिला विकास का अपमान है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले सरकार ने 50 लाख महिलाओं को 1000 रुपये देने का वादा किया था, लेकिन अब 38 लाख महिलाओं को ही राशि देने की बात हो रही है। यह सरकारी खजाने की लूट और वोट बैंक की राजनीति है, जिसकी जांच होनी चाहिए। सुदेश महतो ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का सही अर्थ उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी देना है। आजसू पार्टी महिलाओं के अधिकार, सम्मान और स्वाभिमान के लिए हमेशा संघर्षरत रहेगी।

# राज्य सरकार ने किया स्टेट ऑयलसीड मिशन का गठन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार नयी दिल्ली द्वारा नेशनल मिशन ऑन एडीबल ऑयल- ऑयलसीड 2024 के लिए दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। इसके तहत झारखंड सरकार ने स्टेट ऑयलसीड मिशन और जिला ऑयलसीड मिशन का भी गठन किया है। राज्य स्तर पर मुख्य सचिव झारखंड की अध्यक्षता में कमेटी बनायी गयी है। भारत सरकार ने मिशन को 10,103 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ 2024-25 के वर्ष 2030-31 तक की अवधि तक के लिए लागू किया है।

**स्टेट ऑयलसीड मिशन के उद्देश्य :** घरेलू तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देना और खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करना है।

## सीएस की अध्यक्षता में बनी कमेटी

मुख्य सचिव झारखंड की अध्यक्षता में कमेटी बनायी गयी है। कमेटी में कृषि सचिव, ग्रामीण विकास सचिव, वित्त सचिव, खाद्य आपूर्ति सचिव, कुलपति बीएयू, कृषि निदेशक, राज्य में अवस्थित आईसीएमआर के निदेशक, मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड, राज्य समन्वयक एसएलबीसी, तिलहन, वनस्पति तेल उत्पादन आदि से संबंधित दो उद्योग प्रतिनिधि, कृषि कल्याण विभाग भारत सरकार के प्रतिनिधि, राज्य मिशन निदेशक नेशनल ऑयलसीड मिशन शामिल हैं।

### भाजपा ने मिशन यूपीएससी पर उठाये सवाल, चयन प्रक्रिया को बताया अव्यवहारिक

# आदिवासी छात्रों के साथ क्रूर मजाक और गलतियों से भरपूर है 'मिशन यूपीएससी योजना': अजय साह

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने झारखंड सरकार के मिशन यूपीएससी को लेकर कड़ी आलोचना की है। भाजपा मुख्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने सरकार को घेरते हुए कहा कि यह योजना छात्रों के लिए कारगर साबित होने के बजाय एक क्रूर मजाक बन गई है। सरकार के नोटिफिकेशन के अनुसार, इस योजना के तहत झारखंड के 100 आदिवासी छात्रों को दिल्ली में यूपीएससी की कोचिंग के लिए 80,000 रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। हालांकि, इस योजना का लाभ किन छात्रों को मिलेगा, इसकी चयन प्रक्रिया



चौंकाने वाली है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत छात्रों की मेरिट लिस्ट तैयार करने का तरीका पूरी तरह से अव्यवहारिक और अनुचित है। चयन प्रक्रिया के अनुसारः सबसे पहले उन छात्रों को लाभ मिलेगा जिन्होंने यूपीएससी का साक्षात्कार दिया है इसके बाद, यूपीएससी प्रीलिम्स पास करने वाले छात्रों को लिस्ट में शामिल किया जाएगा। तीसरे स्थान पर जेपीएससी साक्षात्कार में शामिल हुए छात्र होंगे। चौथे और अंतिम स्थान पर जेपीएससी प्रीलिम्स पास करने वाले छात्र होंगे।

अजय साह ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि जिन छात्रों ने पहले ही यूपीएससी प्रीलिम्स और मेंस जैसी कठिन परीक्षाएं पास कर ली हैं, उन्हें कोचिंग के लिए आर्थिक सहायता देने का क्या औचित्य है? यह योजना उन छात्रों की जरूरतों को नजरअंदाज कर रही है जो वास्तव में इसकी सहायता से अपनी तैयारी बेहतर कर सकते थे। अजय साह ने अन्य राज्यों का उदाहरण देते हुए कहा कि महाराष्ट्र में ऐसी योजनाओं के तहत छात्रों की मेरिट लिस्ट प्रतियोगिता के जरिए तैयार की जाती है, ताकि योग्य और जरूरतमंद छात्रों का चयन हो सके। गुजरात सरकार ने खुद की कोचिंग व्यवस्था स्थापित की है। यहां छात्रों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन मिल रहा है। अन्य राज्यों में भी ऐसी योजनाओं का लाभ उन छात्रों को दिया जाता है, जिन्हें वास्तव में इसकी आवश्यकता होती है। उन्होंने झारखंड सरकार से आग्रह किया कि मिशन यूपीएससी के तहत लाभार्थियों की सूची खुली प्रतियोगिता या ग्रेजुएशन के अंकों के आधार पर तैयार की जाए। इससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि योजना का लाभ सही मायनों में उन आदिवासी छात्रों तक पहुंचे, जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है।

### अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर मांडर कॉलेज मैदान में आयोजित समारोह में महिलाओं को संगठित हो कर अन्याय के खिलाफ लड़ने का आह्वान

# अत्याचार को सहना और देखना अन्याय से कम नहीं : शिल्पी नेहा तिर्की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**मांडर।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को रांची के मांडर कॉलेज मैदान में प्रगतिशील महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में एक बार फिर आधी आबादी ने अपनी ताकत का अहसास कराया। इस मौके पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अन्याय और अत्याचार को चुप चाप सहने और देखने को भी अन्याय की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि आज आधुनिक भारत की महिलाएं अब घर की चौखट को लांघ कर अपने हक-अधिकार और खुद पर हो रहे जुल्म-अत्याचार के खिलाफ लड़ने को तैयार है।

शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आज जरूरत है कि महिलाएं एक दूसरे की ताकत बने और जरूरत पड़ने पर संगठित हो कर अन्याय



के खिलाफ लड़ाई लड़ने को तैयार रहे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में हमेशा से महिलाओं की भागीदारी ने चौंकाया है। कई महिलाएं है जो गांव-पंचायत में बेहतर काम कर रही है। ऐसी महिलाओं का सम्मान जरूरी है। आज समाज में 80 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं अपना योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि मैंने अच्छा काम करने वाली महिला अधिकारियों को भी सबसे ज्यादा महत्व दिया है। यही वजह है कि चान्हो, लापुंग, बेड़ों प्रखंड कार्यालय में महिला अधिकारी काम करती हुई दिख जायेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि होली से पहले मिलने जा रही है। सम्मान राशि 2500 रुपया का निवेश बेहतर तरीके से करें और लखपति दीदी कैसे बने उस पर इस जोर देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग से जिस भी योजना की जरूरत है विभाग का दरवाजा सदैव खुला है।

## महिलाओं को किया गया सम्मानित

प्रगतिशील महिला सम्मान समारोह में अलग-अलग क्षेत्र में बेहतर काम करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज लक्ष्मी नारायण मांझी, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी लवली चौबे भी शामिल थी। मौके पर महिला समूह की भूमिका, ाहिलाओं पर हो रहे अत्याचार सहित सामाजिक कुरीतियों पर आधारित नाटक की प्रस्तुति भी की गई।

## महिला संघर्ष-जीत और आकांक्षा की प्रतीक : के राजू

झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के राजू ने अपने संबोधन में महिला को संघर्ष-जीत और आकांक्षा का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश की महिलाओं ने झारखंड के गांव में आ कर महिला समूह बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आंध्र प्रदेश की महिलाओं ने शराब के खिलाफ सबसे पहले लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया था। शराब बंदी के नाम पर सबसे पहले महिलाओं की गोलबंदी हुई। उस वक्त वो खुद उस जिला के अधिकारी थे। एक गांव से शुरू हुए शराबबंदी आंदोलन से प्रभावित हो कर एक हजार के करीब गांवों में शराब पीने पर पाबंदी लग गई। सरकार ने भी महिलाओं के इस प्रयास का समर्थन किया। वहीं से एसएचजी ग्रुप बनाने की शुरूआत हुई। झारखंड में 2500 रुपए महिला सम्मान के तौर पर मिल रहा है। इस राशि का उपयोग बेहतर तरीके से करें। राशि का बचत कर अपने बच्चे को बेहतर शिक्षा और परिवार के विकास में अपना योगदान दे सकते है।

## महिला अपने काम की बदौलत कर सकती है मुकाम हासिल : डिसूजा

महिला कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नेटा डिसूजा ने कहा कि आज जो मंच के नीचे भीड़ में बैठी हुई महिला है वो कल इस मंच पर होगी। वो अपने काम की बदौलत ये मुकाम हासिल कर सकती है। उन्होंने मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के पिता बंधु तिर्की को प्राउड फादर के नाम से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं को सबसे ज्यादा सम्मान दिया है। पहले लोग



कहते थे कि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण से किसको लाभ मिलेगा। आज राजनीति के मैदान में महिलाओं की उपस्थित उसका जवाब है। नेटा डिसूजा ने कहा कि महिलाएं मल्टी टास्किंग होती है। एक महिला दूसरी महिला को सम्मान देते हुए आगे बढ़े, ये आज की जरूरत है। महिला पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने का काम करे। महिला पर अत्याचार होते हुए नहीं देखेंगे इसका संकल्प लीजिए। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि आज महिलाओं के लिए शिक्षा के साथ-साथ राजनीतिक दखलंदाजी जरूरी है। झारखंड सरकार में कांग्रेस कोटे के 4 मंत्री में से 2 महिला मंत्री है। ऐसा कांग्रेस ही कर सकती है। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि हर साल ये सम्मान महिलाओं को देने का काम करते है। घर की चौखट से बाहर निकल कर अलग-अलग क्षेत्र में काम कर रही महिलाओं को मैं सलाम करता हूं।

सुप्रभात
रविवार 09.03.2025
धनबाद, वर्ष 01, अंक 317
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



# एग्यारकुंड में 43 लाख की लागत से बनेगा नया स्कूल भवन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विधायक अरूप चटर्जी ने किया शिलान्यास**



**धनबाद।** मैथन के मवि एग्यारकुंड में शनिवार को भाकपा माले विधायक अरूप चटर्जी ने भवन निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। डीएमएफटी योजना के तहत 43 लाख रुपये की लागत से स्कूल में चार नए कमरों का निर्माण होगा। इस मौके पर प्रधान शिक्षक प्रमोद कुमार झा ने विधायक चटर्जी, जिला परिषद सदस्य बादल बाउरी, मुखिया अजय कुमार राम और अन्य अतिथियों को गुलदस्ता एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। प्रधान शिक्षक प्रमोद झा ने बताया कि वर्तमान में स्कूल में केवल सात कमरे हैं, जिससे आईसीटी लैब, प्रयोगशाला, पुस्तकालय और कार्यालय संचालित करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। नए कमरे बनने से छात्रों को सुविधा मिलेगी और शिक्षकों को पढ़ाने में सहूलियत होगी। विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि शिक्षा के विकास के लिए सरकार पूरी तत्परता से कार्य कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही स्कूल में शिक्षकों की कमी को दूर किया जाएगा, ताकि बच्चों की शिक्षा प्रभावित न हो। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक बिदन मंडल, कुमारी सोना दास, ज्योति कुमारी, जोगेंद्र प्रसाद सहित वार्ड सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# जमुआ में नकाबपोश अपराधियों ने दिया डकैती की घटना को अंजाम

▸▸ **आठ लाख नकद और जेवरात लूटे**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



गिरिडीह। जिले के जमुआ में अपराधियों का आतंक बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार देर रात नकाबपोश अपराधियों ने किराना दुकानदार के घर पर धावा बोलते हुए डकैती की वारदात को अंजाम दिया। यह घटना जमुआ-द्वारपहरी रोड स्थित शुभम किराना दुकान के समीप हुई, जहां छह हथियारबंद अपराधी लूटपाट कर फरार हो गए। दुकान मालिक मनोज साव के अनुसार, रात 1:30 बजे के करीब अपराधियों ने दुकान का शटर तोड़कर घर में प्रवेश किया। उन्होंने मनोज साव और उनके परिवार को हथियार के बल पर बंधक बना लिया। अपराधियों के मुंह गमछे से ढके हुए थे, और वे बेहद आक्रामक थे। डकैतों ने मनोज साव पर लोहे की रॉड से हमला किया, जिससे उनका माथा फट गया और खून बहने लगा। इसके बाद अपराधियों ने उनकी पत्नी को धमकाकर अलमारी की चाबी ली और वहां रखे करीब 8 लाख रुपए नकद, सोने-चांदी के जेवरात लूटकर फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई। खोरीमहुआ एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि अज्ञात अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा। इस घटना के बाद क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है, और स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

# नेशनल लोक अदालत में 3.41 लाख मामलों का निपटारा

## 1.51 अरब रुपये की रिकवरी, सागर देवी को मिला 1.42 करोड़ का मुआवजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** धनबाद में आयोजित नेशनल लोक अदालत में हजारों मामलों का समाधान हुआ और बड़ी धनराशि की रिकवरी की गई। लोक अदालत के माध्यम से कुल 3,41,440 विवादों का निपटारा किया गया, जिसमें से 3,08,938 प्री-लिटिगेशन मामले और 32,502 लंबित मुकदमों का निष्पादन हुआ। इसके साथ ही 1 अरब 51 करोड़ 70 लाख 36 हजार 833 रुपये की रिकवरी भी की गई।

**सड़क दुर्घटना में पति की मौत, सागर देवी को मिला मुआवजा :** लोक अदालत के दौरान मोटर यान दुर्घटना दावा से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में न्याय मिला। सड़क दुर्घटना में पति की मौत के बाद बेसहारा हुई सागर देवी को 1 करोड़ 42 लाख 60 हजार रुपये का मुआवजा प्रदान किया गया। चेक मिलने के बाद सागर देवी भावुक हो गईं और कहा कि डालसा (जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) ने उन्हें नया जीवन दिया है। इसके अलावा, माता-पिता खो चुके चार बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना के तहत 4,000 रुपये प्रति माह की सहायता राशि प्रदान की गई ताकि वे अपनी शिक्षा जारी रख सकें।

लोक अदालत में न्यायिक पदाधिकारियों की अहम भूमिका : नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) के निर्देश पर न्यायमूर्ति सुजित नारायण प्रसाद ने ऑनलाइन किया।

धनबाद में इसका उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा चेयरमैन वीरेंद्र कुमार तिवारी, उपायुक्त माधवी मिश्रा, और अन्य न्यायिक अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ।

इस अवसर पर न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि लोक अदालत संविधान में सुलभ और त्वरित न्याय की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि नवंबर 2013 से पूरे देश में हर तीन माह में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाता है।

धनबाद की उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा कि लोक अदालत आम लोगों के लिए त्वरित और किफायती न्याय दिलाने का एक सशक्त माध्यम है। वहीं, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सहाय ने लोक अदालत को समय, धन और मानसिक शांति बचाने का जरिया बताया।

**न्यायिक पदाधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी रहे मौजूद :** लोक अदालत के दौरान 14 बेंचों का गठन किया गया, जिन्होंने विभिन्न प्रकार के सुलहनीय विवादों का निपटारा किया। इस आयोजन में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय टी. हसन, जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी, एस.एन. मिश्रा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पांडेय, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी मनोज कुमार, और कई अन्य अधिकारी शामिल रहे। बैंकिंग क्षेत्र से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के रीजनल मैनेजर निर्मल कुमार, बैंक ऑफ इंडिया के डिप्टी जीएम विकास रंजन पटनायक, यूको बैंक के डिप्टी जोनल हेड पवन कुमार भारती और कंज्यूमर फोरम की सदस्या शिप्रा समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। न्याय प्रणाली में लोक अदालत की महत्वपूर्ण भूमिका : लोक अदालत के माध्यम से मामलों का तेजी से निपटारा होने से लोगों को लंबे मुकदमों से राहत मिलती है और न्याय प्रक्रिया सरल बनती है। धनबाद लोक अदालत में इस बार बड़ी संख्या में मामलों का निपटारा हुआ और कई लोगों को न्याय मिला।

## स्पीड न्यूज

### नेल्लूर स्टेशन पर रुकेगी धनबाद-कोयम्बत्तूर स्पेशल

**धनबाद।** धनबाद से कोयम्बत्तूर के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन के यात्रियों के लिए खुशखबरी है। रेलवे ने यात्री सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इस ट्रेन को नेल्लूर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव देने का निर्णय लिया है। यह बदलाव 8 मार्च से लागू होगा। नई व्यवस्था के तहत ट्रेन संख्या 03679 धनबाद-कोयम्बत्तूर स्पेशल सुबह 06:59 बजे नेल्लूर स्टेशन पहुंचेगी और 07:00 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 03680 कोयम्बत्तूर-धनबाद स्पेशल शाम 17:49 बजे नेल्लूर पहुंचेगी और 17:50 बजे अपनी आगे की यात्रा के लिए रवाना होगी।

### सड़क किनारे मिला अज्ञात युवक का शव

**धनबाद।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा बोरागड़ मुख्य सड़क किनारे एक 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस को सूचना मिली कि सड़क किनारे एक युवक गिरा पड़ा है, जिसके बाद अहले सुबह करीब 3:15 बजे पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और युवक को जामाडोबा अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

### 12 मार्च को धूमधाम से मनाया जाएगा फाल्गुन महोत्सव

**धनबाद।** धनबाद के अशोक नगर स्थित राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर में आगामी 12 मार्च को संध्या 5:00 बजे से भव्य फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन मारवाड़ी यूथ ब्रिगेड एवं धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल ने बताया कि इस महोत्सव में धनबाद जिले के सभी समाज बंधुओं को आमंत्रित किया गया है, साथ ही मारवाड़ी युवा मंच, महिला समिति सहित समाज की विभिन्न संस्थाओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।
मारवाड़ी यूथ ब्रिगेड के अध्यक्ष सुरेश पोद्दार ने जानकारी दी कि यह कार्यक्रम पूर्ण रूप से निःशुल्क रहेगा।

## एक नजर में

### स्कूल में बच्चों ने खेली होली, मस्ती में डूबे छात्र-छात्राएं



फोटो निकुंज

छुट्टी का नाम सुनते ही छात्र-छात्राएं मस्ती के मूड में आ गए और स्कूल में ही रंगों की होली खेल ली। एक-दूसरे को गुलाल लगाकर सभी ने होली की शुभकामनाएं दीं। छात्राओं ने हंसी-खुशी के इस पल को सेल्फी लेकर यादगार बनाया।

### अवैध खनन और परिवहन पर कसेगा शिकंजा, प्रशासन ने बनाई सख्त रणनीति



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी/बलियापुर।** बलियापुर क्षेत्र में अवैध कोयला खनन, परिवहन और भंडारण को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए ठोस कदम उठाने का निर्णय लिया है। शनिवार को बलियापुर अंचल कार्यालय में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई, जिसमें अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के निर्देश दिए। अंचलाधिकारी ने बताया कि गोल्डेन पहाड़ी, गोकुल पथ और सुरुँगा क्षेत्र में कोयले के डंप से जनता को हो रही परेशानियों को लेकर बीसीसीएल प्रबंधन को सर्वे रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। इसके तहत प्रभावित परिवारों की सूची चार दिनों के भीतर प्रबंधन को सौंपनी होगी। वहीं, पहाड़ीगोड़ा क्षेत्र में अवैध खनन की जांच के लिए सीआईएसएफ, बीसीसीएल, स्थानीय थाना और अंचल की संयुक्त टीम तैनात की जाएगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रभावित क्षेत्रों में पब्लिक मीटिंग आयोजित कर स्थानीय लोगों को जानकारी दी जाएगी और उनकी समस्याओं का समाधान निकाला जाएगा।

# धनबाद के मां डायग्नोस्टिक सेंटर में की गयी छापेमारी

▸▸ **नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** धनबाद जिला अंतर्गत बलियापुर स्थित माँ हॉस्पिटल के माँ डाइग्नोस्टिक सेंटर में उपायुक्त माधवी मिश्रा के निदेर्शानुसार जिला स्तरीय पीसी एंड पीएनडीटी जांच टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस जांच के दौरान एक अनाधिकृत व्यक्ति को अल्ट्रासाउंड करते हुए पकड़ा गया, जो पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के नियमों का उल्लंघन है। इस गंभीर अनियमितता को देखते हुए सिविल सर्जन और उपायुक्त द्वारा गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सेंटर को सील कर दिया और वहां मौजूद यूएसजी मशीन को भी जब्त कर लिया। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई भ्रूण लिंग परीक्षण पर रोक लगाने और चिकित्सा क्षेत्र में नियमों के सख्त पालन को सुनिश्चित करने के लिए की गई। इस छापेमारी में कार्यपालक दंडाधिकारी रविंद्र नाथ ठाकुर, सहायक नोडल पीसी एंड पीएनडीटी डॉ. विकास कुमार राणा, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. राकेश ईंदर सिंह, डॉ. सैम्स तबरेज आलम और एनजीओ प्रतिनिधि नीता सिन्हा मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध रूप से संचालित किसी भी चिकित्सा गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी इस तरह की जांच जारी रहेगी।

## साहू समाज के कुल देवता की महापूजा में शामिल हुए सांसद ढुल्लू महतो

**धनबाद।** मैथन के कालीपहाड़ी स्थित संतोष साहू, सागर साहू और पूर्णचंद साहू के आवास पर साहू समाज के कुल देवता श्री श्री कार्तिक नायक बाबा जी की तीन दिवसीय महापूजा का भव्य आयोजन किया गया। यह महापूजा गुरुवार को नहाए-खाए अनुष्ठान के साथ प्रारंभ हुई और शनिवार को नायक बाबा के बड़े पूजन के साथ संपन्न हुई। इस धार्मिक आयोजन में धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो विशेष रूप से शामिल हुए।

**साईं मंदिर में पूजा अर्चना के बाद विधायक मथुरा महतो ने सिंदरी में**

# रात्रि चिकित्सा सेवा का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** सिंदरी में झारखंड विधानसभा के मुख्य सचेतक एवं टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने शनिवार को साईं मंदिर में पूजा-अर्चना की।

मंदिर के स्थापना पखवाड़ा के अवसर पर पहुंचे विधायक का ऊँ श्री साईं संस्थान के संरक्षक रविंद्र प्रसाद सिंह ने अंगवस्त्र देकर सम्मान किया।

इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने विधायक से सिंदरी में रात्रि चिकित्सा सुविधा की मांग की। लोगों ने बताया कि एफसीआई सिंदरी के बंद होने के बाद वर्ष 2003 में यहां का मुख्य अस्पताल भी बंद कर दिया गया था, जिससे पिछले 23 वर्षों से रात के समय चिकित्सा सुविधा पूरी तरह से ठप पड़ी थी। आपातकालीन स्थिति में धनबाद ले जाते समय कई मरीजों की मौत तक हो चुकी है। स्थानीय लोगों की इस गंभीर समस्या पर विधायक महतो ने तुरंत संज्ञान लेते हुए धनबाद नगर आयुक्त रविराज शर्मा को निर्देश दिया कि सिंदरी गुरुद्वारा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रात के समय भी चिकित्सक की सेवा बहाल की जाए। संभावना है कि जल्द ही सिंदरी के लोगों को इस बहुप्रतीक्षित चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।

# 43 लाख की लागत से बनेगा चार सीएसआर भवन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** कुमारधुबी के एगयारकुंड दक्षिण पंचायत स्थित मध्य विद्यालय निरसा 3 में शनिवार को विधायक अरूप चटर्जी ने नारियल फोड़कर चार सीएसआर भवनों का शिलान्यास किया। यह भवन डीएमएफटी मद से 43 लाख की लागत से बनाए जाएंगे। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने विधायक का फूल-माला और बुके देकर स्वागत किया। विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद झा व शिक्षकों ने भी विधायक व अन्य अतिथियों को शॉल व फूल-बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक अरूप चटर्जी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अभिभावकों की लंबे समय से मांग थी कि विद्यालय में नए भवनों का निर्माण हो। मुखिया अजय कुमार राम ने विधायक से विद्यालय में शिक्षकों की कमी का मुद्दा विधानसभा में उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि स्कूल में 400 छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं, लेकिन शिक्षकों की संख्या सिर्फ तीन है, जिससे पठन-पाठन में दिक्कतें आ रही हैं। इस कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य बादल चंद्र बाउरी, मुखिया अजय राम, पार्षद वरुण दे, सदस्य गौरी दास, प्राचार्य प्रमोद झा, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# हर क्षेत्र में अग्रसर महिलाएं, देश की प्रगति में निभा रही अहम भूमिका : डॉ. शिवानी झा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कतरास।** भारतीय संस्कृति में नारी को देवी का स्वरूप माना गया है और वह घर की जिम्मेदारियों से लेकर देश की प्रगति और समृद्धि में अपना अमूल्य योगदान दे रही है। प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शिवानी झा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कहा कि महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। राष्ट्रपति पद से लेकर संसद तक, हर महत्वपूर्ण पद पर महिलाएं अपनी सफलता की कहानी लिख रही हैं, जो गर्व की बात है। उन्होंने महिलाओं को संदेश देते हुए कहा कि जिस भी क्षेत्र में उनकी रुचि हो, वे निडर होकर उसे अपनाएं। बाधाएं आएंगी, लेकिन हिम्मत और मेहनत से हर मुश्किल का हल निकलता है। डॉ. झा ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि 40 वर्षों से चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत रहते हुए उन्होंने हजारों माताओं की गोद में किलकारी भरने का सौभाग्य पाया है। जब दूसरी और तीसरी पीढ़ी की महिलाएं उनसे मिलकर यह कहती हैं कि उनका जन्म भी उन्हीं के हाथों हुआ था, तो यह सुनकर उनका मन गर्व से भर उठता है।

**डीएवी पब्लिक स्कूल में शिक्षक प्रशिक्षण और महिला दिवस का भव्य आयोजन :** मैथन स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल, मुग्मा एरिया, निरसा में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में इन-हाउस टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सशक्तिकरण और एकता का उत्सव :** जामाडोबा स्थित डिगवाडीह कम्युनिटी सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें जामाडोबा और सिजुआ क्षेत्र की लगभग 450 महिलाएँ टाटा स्टील फाउंडेशन के कर्मचारियों के साथ शामिल हुईं।

**केटीएमपीएल ने महिला प्रशिक्षुओं के साथ मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस :** सिंदरी में सेल चासनाला की सहयोगी कंपनी केटीएमपीएल द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उड़ान, कौशल और उद्यमिता विकास केंद्र की 80 महिला प्रशिक्षुओं के साथ एक विशेष आयोजन किया गया।

**महिला दिवस पर सेमिनार और सम्मान समारोह आयोजित किया**

**महुदा।** महुदा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा प्रधान कार्यालय, कंचनपुर में सेमिनार सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

**महिला दिवस पर एग्यारकुंड में कार्यक्रमों की धूम :** मैथन के एग्यारकुंड प्रखंड के उत्तर पंचायत सचिवालय सभागार में महिला दिवस पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शनिवार को हुए इस आयोजन की शुरूआत पंचायत में जागरूकता रैली और दीप प्रज्वलन से हुई। रैली का नेतृत्व मुखिया ककुली मुखर्जी ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



सिंदरी कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ऐक्सेलीरेट ऐक्शन थीम पर आधारित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. के. के. पाठक ने की, जबकि मंच संचालन एनएसएस यूनिट 1 की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. नीतू गौरव ने किया।

**विविध कार्यक्रमों के साथ मनाया गया महिला दिवस :** झरिया के डिगवाडीह कम्युनिटी सेंटर, जामाडोबा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन में जामाडोबा और सिजुआ क्षेत्र की करीब 450 महिलाएं टाटा स्टील फाउंडेशन के कर्मचारियों के साथ शामिल हुईं और नारीत्व एवं सशक्तिकरण की भावना का उत्सव मनाया।

**महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को बताया शुभ संकेत :** मैथन पावर लिमिटेड (एमपीएल) में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिला अधिकारियों एवं कर्मियों ने केक काटकर उत्सव मनाया और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया।

## स्पीड न्यूज

### मौर्या फार्म हाउस में होली मिलन 12 को



**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने नीलांबर पीतांबरपुर स्थित मौर्या फार्म हाउस में 12 मार्च को रंगारंग व भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया है। उक्त जानकारी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने दी। विधायक ने समारोह में पंचायत प्रतिनिधियों, भाजपा नेताओं पार्टी कार्यकर्ता सहित पांकी विस क्षेत्र के प्रबुद्धजनों आम नागरिकों मीडिया कर्मियों से अपना बहुमूल्य समय निकालकर शामिल होने की अपील की है।

### उवि कटैया में खेल महोत्सव आयोजित



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड के कटैया गांव स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय परिसर में शनिवार को विद्यार्थियों के बीच खेल महोत्सव मनाया गया। इसमें कक्षा एक से पांच के विद्यार्थियों में बोरा रेस, मेढक रेस, चम्मच रेस, दौड़ सहित कई खेल प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर प्राचार्या अभिलाषा कुमारी ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल जरूरी है। मौके पर आइसीटी इंस्ट्रक्टर मनीष रूद्र, लिपिक संतोष कुमार, शिक्षिका बसंती कुशवाहा भी थे।

### मवि बेदौलिया में बच्चे हुए सम्मानित



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के पोलडीह पंचायत के बेदौलिया में शनिवार को आठवीं बोर्ड के विद्यार्थियों को मॉक टेस्ट लिया गया। मॉक टेस्ट में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रभारी प्राचार्य जयप्रकाश शर्मा ने कलम-कॉपी देकर सम्मानित किया। मालूम हो कि आठवीं बोर्ड परीक्षा 10 मार्च को होनी है। इसके पूर्व पिछले माह से अपने विद्यालय के आठवीं कक्षा की विद्यार्थियों को प्रतिदिन मॉडल टेस्ट क्वेश्चन हल करा रहे थे। जनवरी में शत प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चे सम्मानित किये गये। जिसमें अर्चना, रितिक, पीयूष, रिया, काजल, पूजा, चांदनी, प्रियांशु, गीतांजलि, अनमोल, राहुल, निहु शामिल थे।

### परिभ्रमण पर गये स्कूली बच्चे



**हरिहरगंज पलामू।** स्टूडेंट पुलिस कैडेट्स योजना के तहत शनिवार को पिपरा प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय विश्रामपुर पिठौरा के 48 स्कूली बच्चे एकदिवसीय परिभ्रमण पर गये। थाना प्रभारी बिमल कुमार ने उन्हें टॉफी, बिस्किट देकर तथा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। थाना प्रभारी बिमल कुमार ने कहा कि स्टूडेंट पुलिस कैडेट प्रोग्राम सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इसका उद्देश्य स्कूली बच्चों को एक जिम्मेवार नागरिक बनाने, शांति व नागरिक सुरक्षा के लिए पुलिस और छात्रों में मित्रवत संबंध स्थापित करना है। मौके पर प्राचार्य सुनील उपाध्याय, शिक्षक सुनील कुमार, रमाकांत यादव, मनोज जायसवाल, कृष्णा यादव, धिरेंद्र सिंह आदि थे।

### बेटियां-छात्राएं की गयीं सम्मानित



**पांकी पलामू (शिवशंकर पासवान)।** पांकी महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का भव्य आयोजन हुआ। इसकी मुख्य अतिथि पुलिस निरीक्षक अंचल पांकी पूनम टोप्पो थीं। वहीं, विशिष्ट अतिथि सामुदायिक चिकित्सा केंद्र पांकी की डॉ किरण कुमारी, पांकी मध्य जिप सदस्या खुशबू कुमारी, पश्चिमी जिप सदस्या निधि कुमारी रहीं। मौके पर सचिव डॉ विंदेश्वर सिंह, दानदाता सदस्य सकेटेश्वर सिंह, प्राध्यापक डॉ वंशीधर सिंह, रामविलास सिंह, राजीव रंजन, डॉ राजेश्वर चौधरी, रमेश सिंह, अमित कुमार, राजेश महतो, सुरेंद्र शर्मा, राजेंद्र सिंह, लालन कुमार सहित सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### मांगें पूरी नहीं हुईं, तो होगा व्यापक आंदोलन : डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी



**विश्रामपुर (पलामू)।** गढ़वा रोड जंक्शन पर फूट ओवर ब्रिज की मांग को लेकर खैरा विकास मंच के अध्यक्ष ललन प्रसाद पांडेय ने शनिवार को एक दिवसीय भूख हड़ताल की। वहीं श्री पांडेय के समर्थन में स्थानीय लोगों ने स्टेशन के समक्ष धरना-प्रदर्शन भी किया। संचालन वरीय भाजपा नेता डॉ वी पी शुक्ला ने किया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि गढ़वा रोड जंक्शन रेलवे को पलामू प्रमंडल में सबसे ज्यादा राजस्व देता है। राजस्व के हिसाब से इस स्टेशन को सुविधा भी ज्यादा मिलना चाहिए। फुट ओवर ब्रिज की मांग वर्षों पुरानी है। अगर यह मांग जल्द पूरी नहीं हुई तो व्यापक आंदोलन किया जायेगा। मौके पर रंजीत सिंह, अमरेश तिवारी, सुधीर चौबे, पंकज लाल, मंगल गुप्ता, रवींद्र उपाध्याय, विकास चौबे मिंटू, कश्यप चौबे, प्रमोद दीक्षित, अनिल सिंह, कश्यप चौबे थे।

### राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ ने महिला दिवस पर की संगोष्ठी

**सतबरवा।** राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ सतबरवा प्रखंड इकाई ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बोहिता देवी मंडप के प्रांगण में संगोष्ठी आयोजित की। जिसकी अध्यक्षता महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजो देवी तथा संचालन मनोरमा देवी ने किया। बैठक में अतिथि के रूप में महासंघ के राष्ट्रीय संरक्षक अवधेश सिंह चेरो ने भाग लिया। श्री चेरो ने कहा कि देश की आधी आबादी जीवन के हर एक क्षेत्र में तेजी गति से आगे बढ़ रही हैं। महिला के बिना मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए महिलाओं को रक्षा तथा सम्मान होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज की महिला एक ग्रहणी से लेकर पायलट के रूप में कार्य कर रही हैं। जब महिला सशक्त होगी कभी हमारा व समाज सशक्त होगा। महासंघ के राष्ट्रीय सलाहकार भरदुल सिंह ने कहा समाज को आगे बढ़ाने को लेकर महिला शिक्षा पर बल देने की जरूरत है। उन्होंने समाज में फैले कुरीतियों पर चर्चा करते हुए कहा कि अशिक्षा, दहेज प्रथा, नशा जैसे सामाजिक बुराई को दूर करने के लिए आगे आने की जरूरत है।

# महिला दिवस पर ऑक्सफोर्ड स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल, कैलीग्राफी प्रोजेक्ट वर्क प्रदर्शनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शनिवार को सत्र 2024-25 का वार्षिक परीक्षा परिणाम विद्यालय के चेयरमैन सह पांकी विधायक डॉ एसबीपी मेहता ने ऑनलाइन जारी किया। फिर निदेशक ने फीता काटकर बच्चों द्वारा लिखी गयी अंग्रेजी, हिंदी एवं संस्कृत सुलेख प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने छात्रों के साथ बेहतर परीक्षा परिणाम एवं कैलीग्राफी प्रदर्शनी के लिए प्रोत्साहित करने वाले शिक्षकों का भी आभार जताया। महिला दिवस पर चेयरमैन ने सभी शिक्षिकाओं एवं महिला कर्मचारियों को पुष्पगुच्छ देकर महिला दिवस की शुभकामनाएं दी।



**खास बातें :** विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों का परीक्षाफल काफी संतोषप्रद है। आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित हमारा विद्यालय शिक्षा की नवीन परिभाषा गढ़ेगी। विश्वास है कि हम शिक्षा के क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण दृष्टांत पेश करेंगे। इतनी बाधाओं के उपरांत भी ऑक्सफोर्ड विद्यालय अपने प्रगति पथ पर अग्रसर है, जिसका प्रमाण आप परीक्षाफल और प्रदर्शनी के माध्यम से देख सकते हैं। पालकों, शिक्षकों और छात्रों की अत्यधिक सक्रियता से ही हम बेहतर प्रदर्शन कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुल 1602 बच्चों के परीक्षा परिणाम में 72 बच्चों को 100% अंक तथा 90% से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 360 रही और 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाने वाले विद्यार्थियों की कुल संख्या 911 रही। विद्यालय के प्राचार्य ने महिला दिवस के हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कहा कि महिला दिवस-महिला अधिकार आंदोलन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं को बहुत अधिक सम्मान दिया गया है। वर्तमान में लोगों द्वारा स्त्री सम्मान को कम करना चिंता का विषय है। हमें प्रत्येक महिला का सम्मान करना चाहिए। बच्चों द्वारा कला विज्ञान, गणित, संस्कृत, सामाजिक विज्ञान, कंप्यूटर आदि विषयों पर आधारित प्रदर्शनी लगायी गयी।

# महिला दिवसः पलामू एसपी कार्यालय में ब्रेस्टफीडिंग रूम और किड जोन स्थापित

■ महिलाओं को अपने शिशुओं की देखभाल के लिए एक सुरक्षित स्थान मिलेगा : एसपी रीष्मा रमेसन

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** वुमेंस इंटरनेशनल डे के अवसर पर पुलिस अधीक्षक के द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। पलामू एसपी कार्यालय में ब्रेस्टफीडिंग रूम और किड जोन की स्थापना की गयी है, जिससे कार्यालय आने वाली महिलाओं को अपने शिशुओं की देखभाल के लिए एक सुरक्षित और आरामदायक स्थान मिल सके। पलामू एसपी रीष्मा रमेसन ने यह निर्णय लिया कि पुलिस कार्यालय में आने वाली महिलाओं को बेहतर सुविधा दी जाये, ताकि वे बिना किसी असुविधा के अपनी शिकायत दर्ज करा सकें और अपने छोटे बच्चों की देखभाल भी कर सकें। इस पहल का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक के साथ शहर, छतरपुर और हुसैनाबाद महिला थाना प्रभारी ने किया। मौके पर एसपी रीष्मा रमेसन ने कहा कि कार्यालय आने वाली महिलाओं को शिशुओं की देखभाल के लिए सुरक्षित स्थान मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि अगर यह पहल सकारात्मक होगा तो जल्द ही जिले के अन्य थानों में भी ब्रेस्टफीडिंग रूम और किड जोन की स्थापना की जायेगी। पलामू पुलिस महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा व सुविधा के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# गुड गवर्नेंस व लोकतंत्र की मजबूती में महिलाओं की अहम भूमिका : उपायुक्त

■ महिला होना गर्व की बात, समाज में लायें सकारात्मक बदलाव : एसपी

■ महिलाओं के उत्थान में तकनीकी व आर्थिकी मजबूती जरूरी, निर्णय लेने में भी बनें भागीदार

■ डीसी ने सीएम का संदेश सुनाया, एसपी ने दिलायी शपथ

■ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सह फूलो झानो आशीर्वाद सम्मेलन आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत करते डीसी-एसपी।

**मेदिनीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं द्वारा समाज में दिए गए योगदान, उनके संघर्ष तथा उनके सामने आने वाली चुनौतियों की याद दिलाता है। महिलाएं हम सभी के लिए खास हैं। प्रत्येक घरों में महिलाओं के संघर्ष की अपनी-अपनी कहानी है। इसमें महिलाओं का विशेष स्थान होता है, जो परिवार को संभालकर चलती हैं। गुड गवर्नेंस व लोकतंत्र की मजबूती में महिलाओं की अहम भूमिका है। वर्तमान दौर में महिलाएं कहीं से भी कम नहीं हैं। पुरूषों के बराबर ही महिलाओं की हर कार्य में भागदारी हो रही है, जो समाज के लिए अच्छा संकेत है। महिलाओं की आत्मविश्वास व आगे बढ़ने की ललक से यह प्रतीत होता है कि उन्हें अवसर मिले, तो वे बुलंदियों पर पहुंचेगी। यह बातें उपायुक्त शशि रंजन ने कही। वे शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-सह-फूलो झानों आशीर्वाद सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

**खास बातें :** सम्मेलन का आयोजन ग्रामीण विकास विभाग के पलाश-झारखंड लाईवलीहुड प्रोमोशन सोसाईटी की ओर से स्थानीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर स्मृति भवन में किया गया। उपायुक्त ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं के लिए भेजे गये संदेश को पढ़कर सुनाया। वहीं एसपी रीष्मा रमेसन ने सभी उपस्थितों को शपथ दिलाई। फूलो झानो आशीर्वाद अभियान से संबंधित एक लघु फिल्म प्रसारित कर महिलाओं के विकास की कहानी को प्रदर्शित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य के लिए आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, सीडीपीओ एवं महिला पर्यवेक्षिका को सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने महिलाओं से तकनीकी एवं आर्थिक रूप से मजबूत होने एवं अपने घर व समाज के विकास के लिए निर्णायक की भूमिका में रहने का आह्वान किया।

# ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में धूमधाम से मना महिला दिवस

■ मुख्य अतिथि अरुणा शंकर ने केक काटकर दीं शुभकामनाएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**



महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अरुणा शंकर।

**मेदिनीनगर।** ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज, चींकी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रथम महापौर अरुणा शंकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अरुणा शंकर एवं प्राचार्या डॉ अनुपमा गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। महिला सशक्तिकरण को केंद्र में रखते हुए निबंध लेखन, कविता पाठ, स्लोगन लेखन, पोस्टर मेकिंग और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं की गयीं, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और महिलाओं की स्थिति, उनके संघर्ष और समाज में उनके योगदान पर प्रभावशाली विचार दिये।

**कार्यक्रम की मुख्य बातें :** कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण केक कटिंग सेरेमनी रही, जिसमें मुख्य अतिथि अरुणा शंकर ने केक काटकर छात्राओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए शिक्षा सबसे बड़ा हथियार है। वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर समाज में बदलाव ला सकती हैं। इस कार्यक्रम में कॉलेज के सभी शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित रहीं और कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्या डॉ अनुपमा गुप्ता ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और छात्राओं का आभार व्यक्त किया और इस सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी।

# महिलाओं का सम्मान करना हम सबका कर्त्तव्य है : डॉ शशिभूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ प्रखंड स्तरीय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सम्मान समारोह आयोजित



**सतबरवा।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि देश के विकास में महिलाओं का योगदान पुरुषों की अपेक्षा कम नहीं है। महिलाएं पुरुषों के साथ कंधा मिलाकर कार्य कर रही हैं जिसके कारण देश का विकास तेजी गति से हो रहा है। डॉ मेहता सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा के द्वारा आयोजित प्रखंड स्तरीय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। विधायक ने प्रखंड प्रमुख रीमा देवी, जिप सदस्य सुधा कुमारी, मुखिया रिंकी यादव,निरोतमा कुमारी, अनीता देवी, पुष्पा देवी, पंसस साखो देवी, कविता देवी, मधु देवी, लक्ष्मी देवी, पंचायत सचिव पुष्पा कुमारी, रूप माला कुमारी समेत कई जनप्रतिनिधियों तथा समाज से जुड़े कई महिलाओं को शॉल, डायरी तथा पेन देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आज की महिलाएं अंतरिक्ष से लेकर खेतों तक कार्य करने में निपुण हैं। इसलिए महिलाओं का सम्मान करना हम सबका कर्त्तव्य है।

# शादाब की मौत दुखद : अरुणा शंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** ईरान में काम करने गये शादाब राईन का शुक्रवार को शहर में आये पार्थिक शव पहुंचते ही अंतिम दर्शन हेतु काफी संख्या में नगर वासी उनके आवास पर पहुंचकर मिट्टी मंजिल किया। शाबदा के अंतिम दर्शन हेतु पहुंचे प्रमुख लोगों में मेदिनी नगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर, कब्रिस्तान कमेटी के अध्यक्ष आजाद खान, सोहेल भाई, मुमताज खान, जीशान खान, फिरोज अंसारी, शाहरुख राईन कमाल मुस्तफा एवं काफी संख्या में लोग एकत्रित हुए। इस दुख की घड़ी में प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने शादाब राईन की पत्नी से मिलकर दुख साझा किया और कहा कि पूरा समाज आपके लिए इस दुख की घड़ी में खड़ा है। कोई भी दिक्कत हो मुझे अपनी बहन समझकर बताना मैं हमेशा साथ खड़ी रहूंगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि शादाब राइन के शव को लखनऊ से लाया गया। वह अपने पीछे दो छोटे-छोटे बेटी एवं एक बेटा छोड़ गये हैं। शादाब राईन जाबिर

### कस्तूरबा विद्यालय में महिला दिवस आयोजित



**चैनपुर पलामू।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय+2 कोल्हुआ चैनपुर पलामू में वार्डेन सुमिता कुमारी व शिक्षिकाओं ने महिला दिवस मनाया। वार्डेन ने कहा कि आज महिलाएं सफलता का परचम हर क्षेत्रों में लहरा रही है। यदि हम अपने कर्तव्य पथ पर मजबूती से प्रयास व मेहनत करें तो हर कार्य संभव है। मौके पर नीलम कुमारी, फुलमनी कुमारी, श्वेता कुमारी व छात्राएं भी थीं।

### पांकी विस में चंद्रवंशी समाज का होली मिलन आज



**नीलांबर पीतांबरपुर।** पांकी विधानसभा स्तरीय अखिल भारतीय क्षत्रिय चंद्रवंशी समाज जरासंध जयंती सह होली मिलन समारोह 9 मार्च, रविवार को पिरी मोड़, सगालीम में करेगा। इसे लेकर समाज में जबरदस्त उत्साह है। कुराईन पतरा मुखिया पूनम देवी ने बताया कि चंद्रवंशी समाज के अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है। आयोजन में विधायक प्रतिनिधि मिंटी वर्मा, वीरेंद्र वर्मा, अजय रंजन, मुखिया इंदु देवी, पूर्व मुखिया सुमन देवी, कौशल किशोर बच्चन, वीरेंद्र कुमार, यशवंत चंद्रवंशी लगे हुए हैं।

### पुलिस ने अवैध शराब भट्ठी को ध्वस्त किया



**हरिहरगंज पलामू।** पलामू एसपी के निर्देश पर शराब माफियाओं के खिलाफ हरिहरगंज थाना पुलिस ने शनिवार को छापेमारी अभियान चलाया। बिहार सीमा से सटे थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव कूलहिया के बाहर चल रहे अवैध देसी महुआ शराब भट्ठी की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की। जहां शराब भट्ठी को ध्वस्त किया।

### गुरियादामर से 300 किलो जावा महुआ नष्ट



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के पूर्णाडीह के टोला गुरियादामर में शनिवार की अहले सुबह पुलिस ने अवैध शराब चुलाई के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू गुप्ता ने बताया कि पुलिस ने 300 किलो जावा महुआ और शराब बनाने के उपकरणों को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। बताया कि होली को देखते हुए अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आगे भी अवैध शराब बिक्री और निर्माण रोकने के लिए लगातार छापेमारी जारी रहेगी, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में मनाया जा सके। वहीं उन्होंने लोगों से अपील की है कि अवैध शराब के व्यापार से दूर रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

# महिला सशक्तिकरण में पुरुषों की भूमिका नजरंदाज नहीं की जा सकती है : एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हिंडालको ने किया महिलाओं को सम्मानित



**मेदिनीनगर।** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस की सीएसआर इकाई ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान समारोह किया। जिसका उद्घाटन पलामू एसपी रीष्मा रमेसन ने किया। अध्यक्षता सीएसआर हेड शोभा रानी व संचालन नेहा शुक्ला व अभिलाषा ने किया। समारोह में कंपनी ने सेविका, सहायिका, सहिया व सहिया साथी सहित अपने काम के बदौलत समाज में अपनी पहचान बनाने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। एसपी ने कहा कि महिलाओं के सर्वांगीण विकास पुरुषों का भी अपेक्षित सहयोग रहा है। महिलाओं की समाज में अलग पहचान हों इसके लिए पुरुषों ने भी अपना सक्रिय सहयोग दिया है। इसलिए उनकी भूमिका को कभी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

### शहर के दो दर्जन स्थानों पर लगेगा सीसीटीवी कैमरा

**हरिहरगंज पलामू।** शहर में सुरक्षा के लिए प्रशासन शीघ्र ही सीसीटीवी कैमरा लगायेगा। इसके लिए शहरी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का सर्वे किया गया है। इन सभी कैमरों को थाना में बने नियंत्रण कक्ष से जोड़ा जायेगा। जहां से पूरे शहर की गतिविधियों पर नजर रखेगी। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि शहर के 24 स्थानों का चयन सुरक्षा के दृष्टिकोण से किया गया है, जो एनएच 98 किनारे, मेन बाजार, सतगावां, बंजारी, अररुआ सहित प्रमुख चौक- चौराहों व संवेदनशील इलाकों में स्थित है।

# सच्चिदानंद त्रिपाठी समय के बेहद पाबंद थे : पीडीजे नीरज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ पूर्व विधायक सह अधिवक्ता सच्चिदानंद त्रिपाठी की पुण्य तिथि पर कई अधिवक्ता सम्मानित

■ स्वर्गीय त्रिपाठी के वकालत के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान को भुलाया नहीं जा सकता



**मेदिनीनगर।** पूर्व विधायक व वरिष्ठ अधिवक्ता सच्चिदानंद त्रिपाठी के दिव्य स्मृति में शनिवार को 38 वां पुण्यतिथि सह अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पलामू के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलित कर व स्वर्गीय त्रिपाठी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संदीप दास, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव आदि को बुके देकर शॉल ओढ़ाकर व धार्मिक पुस्तक व न्याय की देवी का प्रतिमा भेंटकर स्वागत किया गया।

केंद्रीय विद्यालय पलामू में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

# नारी तुम केवल श्रद्धा हो विश्वास रजत नग-पग तल में

**खबर मन्त्र संवाददाता**



■ प्राचार्य माणिक कुमार ने कहा कि महिला दिवस का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें समाज में उचित सम्मान दिलाना है। खेल शिक्षिका कंचन सिंह ने छू ले हर ऊंचाई तू कविता, संस्कृत शिक्षिका शीला गुप्ता ने फूल जैसी कोमल नारी, कांटों जितनी कठोर नारी का काव्य पाठ श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। प्राथमिक शिक्षिका हनी सिंह ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, लेकिन अब भी उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। विज्ञान शिक्षक दामोदर साहू ने कहा कि यदि हमें समाज को सशक्त बनाना है, तो सबसे पहले महिलाओं को सशक्त करना होगा। हिंदी शिक्षक अरविंद पांडेय ने महाकवि जयशंकर प्रसाद की प्रसिद्ध कविता नारी तुम केवल श्रद्धा हो विश्वास रजत नग-पग तल में पीयूष स्रोत सी बहा करो जीवन के सुंदर समतल में पंक्तियों के साथ सबका मन मोहा।

**चैनपुर पलामू।** केंद्रीय विद्यालय पलामू में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। मौके पर विद्यालय में संगोष्ठी हुई, जिसमें महिलाओं के अधिकार, समानता और सशक्तिकरण पर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए वरिष्ठ शिक्षक इंतखाब आलम ने इस वर्ष की थीम सभी महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए अधिकार, बराबरी और सशक्तिकरण पर प्रकाश डाला और विद्यालय में इसे सुनिश्चित करने के उपायों पर चर्चा की।

# पाटन प्रखंड परिसर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सह होली मिलन समारोह आयोजित



■ महिलाओं को पौधा व गिफ्ट देकर किया गया सम्मानित

■ होली के रंगों में सराबोर हुए प्रतिनिधि व पदाधिकारी

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड परिसर में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह पाटन बीडीओ अमित झा ने आयोजित किया। इसमें उपस्थित सभी महिलाओं को पौधा एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पाटन प्रमुख शोभा देवी, पाटन जिप सदस्य संग्राम सिंह, बीपीओ स्वीटी सिन्हा, मुखिया हरेंद्र सिंह, राकेश दुबे, टीपी मेहता, मनोज कुमार, जैनुल सिद्दीकी, बीस सूत्री अध्यक्ष रामानंदन पांडेय, उप प्रमुख एमो ललन पासवान, आवास को-ऑर्डिनेटर शिवम जायसवाल, मुखिया सुमन गुप्ता सहित सभी प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम में पाटन बीडीओ अमित कुमार झा ने कहा कि समाज में महिलाओं की अहम भूमिका है। महिलाओं का सम्मान करना चाहिए। महिला पुरुष के मुकाबले हर क्षेत्र में दो कदम आगे हैं। महिला के बिना पुरुष का जीवन अधुरा होता है। बीडीओ ने कहा कि आदि काल से सबसे पहले महिलाओं की ही पूजा होता आया है।

# देवरी खुर्द पंचायत में महिला दिवस पर आयोजित किया गया भव्य कार्यक्रम

■ महिला सशक्तिकरण से ही पंचायत का विकास संभव है : एसडीएम

■ महिलाओं की सुरक्षा पुलिस का प्राथमिक कर्त्तव्य है : एसडीपीओ

■ कल भी श्रेष्ठ थे आज भी कमजोर नहीं, महिला हर क्षेत्र में आगे : ममता देवी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**हुसैनाबाद, पलामू।** शनिवार को देवरी खुर्द पंचायत सचिवालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर भव्य कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एसडीएम गौरांग महतो, विशिष्ट अतिथि एसडीपीओ सह आइपीएस एस मोहम्मद याकूब, मुखिया ममता देवी ने देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले, रमाबाई अंबेडकर, रानी लक्ष्मीबाई, पूर्व पीएम इंदिरा गांधी व फूलन देवी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व पुष्पर्पित कर किया। कार्यक्रम का संचालन अजीत ओझा ने किया। एसडीएम ने कहा कि मुझे इस गांव पंचायत में महिलाओं की उपस्थिति यह बताने के लिए काफी है कि यहां की महिला जागरूक हैं। मुखिया, उप मुखिया, पंचायत सचिव वार्ड मेंबर सभी महिला हैं। एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस आप महिलाओं की सुरक्षा में सदैव तत्पर रहेगी, हुसैनाबाद पुलिस इसके लिए कटिबद्ध हैं, साथ महिलाओं में जारूकता होना जरूरी है, महिला शिक्षा प्राप्त कर किसी भी क्षेत्र में जाने के लिए स्वतंत्र है।

स्पीड न्यूज

### होली एवं रमजान के महीने को लेकर शांति समिति की बैठक



**धुरकी।** होली एवं रमजान महीने को लेकर बीडीओ जुल्फिकार अंसारी की अध्यक्षता में थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे धुरकी सह सगमा बीडीओ सह सीओ जुल्फिकार अंसारी ने कहा कि होली हिंदुओं का एक पवित्र त्यौहार है, इस त्यौहार में लोग अपने आपसी मतभेद को भुलाकर भाईचारे का संदेश देते हैं। बताया कि पुरानी परंपरा के अनुसार कामदेव ने शिव पर अपने पुष्प बाण से प्रहार किया, जिससे शिव की समाधि भंग हो गयी। क्रुद्ध होकर, शिव ने अपना तीसरा नेत्र खोलकर कामदेव को भस्म कर दिया। बाद में, सभी देवी देवताओं ने शिव को पार्वती से विवाह के लिए राजी किया। इस घटना को याद करते हुए, फाल्गुन पूर्णिमा को होली के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि रमजान के महीने में रोजा रखा जाता है, जो चांद दिखने के साथ ही शुरू होता है और चांद दिखने पर ही पूरा होता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस्लाम में रोजा रखना हर मुस्लिम का फर्ज माना गया है, लेकिन जो लोग बहुत ज्यादा बीमार है और रोजा नहीं रख सकते, उन्हें गरीबों को दान जरूर देना चाहिए। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया पर पुलिस की निगरानी रखी जा रही है पूरे थाना क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस की उपस्थिति रहेगी। बैठक के पश्चात उपस्थित लोगों ने रंग अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की अग्रिम बधाई व शुभकामनाएं दी। बैठक में उप प्रमुख धर्मेंद्र यादव, प्रमुख अजय साह, पूर्व जिला परिषद सदस्य नंद गोपाल यादव, किसान मोर्चा के दामोदर जायसवाल, पूर्व मुखिया लक्ष्मण यादव, धुरकी सदर मुखिया महबूब अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष धीरेंद्र यादव, कमलेश सिंह गोंड सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### पत्रकार के भतीजा का निधन



**कांडी।** थाना क्षेत्र के भिलमा गांव निवासी कृष्ण कुमार पांडेय के 27 वर्षीय पुत्र व पत्रकार विजय पाण्डेय के भतीजा नीलेश कुमार पाण्डेय की मौत इलाज के दौरान बनारस स्थित एक निजी अस्पताल में शुक्रवार की रात हो गयी। परिजनों ने बताया कि तीन दिन पूर्व उसकी तबियत खराब होने के बाद इलाज के लिए गढ़वा एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने बनारस के लिए रेफर कर दिया। जहां बनारस में एपेक्स नामक अस्पताल में उसकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ और उसकी मौत हो गई। शनिवार को सोन नदी के तट पर अंतिम संस्कार किया गया।

### के बी कॉलेज बेरमो में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**बेरमो।** प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में जंतु शास्त्र सभागार में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। लक्ष्मी नारायण ने कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है वहां देवताओं का वास होता है। नारी केवल एक शब्द नहीं बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है, जीवनदायिनी हैं। प्राचार्य एवं एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025 के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि तिथि 09 मार्च से बढ़ाकर 16 मार्च तक कर दी गई है। 18 से 25 वर्ष के युवा अब 16 मार्च 2025 के रात 12 बजे तक रजिस्ट्रेशन एवं एक मिनट का वीडियो, विकसित भारत का अर्थ क्या है, अपलोड कर सकते हैं। डा मधुरा केरकेट्टा ने कहा नारी प्रेम की मूर्ति व रिश्ते संवारने वाली शक्ति स्वरूपा हैं। वुमन सेल कॉर्डिनेटर डा नीला पूर्णीमा तिर्की ने कहा महिलाओं का शशक्तिकरण सामाजिक आवश्यकता के साथ साथ एक प्रगतिशील समाज की पहचान भी है। आबिद जहां ने कहा महिला दिवस का उद्देश्य केवल महिलाओं की सफलता का जश्न मनाना ही नहीं बल्कि उनके अधिकारों, समानता व सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाना भी है। डॉ प्रभाकर कुमार ने कहा समाज में महिलाओं के सम्मान, समानता और अधिकारों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह दिन मनाया जाता है। रविंद्र कुमार दास ने कहा, एक शसक्त महिला ही अपने परिवार और सशक्त समाज का निर्माण करती है। गाने में मनीषा कुमारी, मोहिनी कुमारी, नीतू कुमारी, डांस में प्रीति कुमारी, भाषण में सरिता कुमारी, पूणीर्मा कुमारी, सिमरन कुमारी, तनीषा कुमारी, पोस्टर में काजल कुमारी, मुस्कान कुमारी, सिमरन कुमारी, नेहा कुमारी, आशा कुमारी, कविता पाठ में कोमल सिंह, मोहिनी कुमारी, सरिया प्रवीण रहे। सभी प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान बनाने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल टीम में डॉ अरुण रंजन, डॉ सुशांत बैरा, प्रो विपुल कुमार पांडे रहे। मंच संचालन डॉ नीला पूणीर्मा तिर्की धन्यवाद ज्ञापन प्रो सुनीता कुमारी किया। मौके पर प्राचार्य लक्ष्मी नारायण, डॉ नीला पूणीर्मा तिर्की, डॉ मधुरा केरकेट्टा, डॉ साजन भारती, डॉ प्रभाकर कुमार, डॉ व्यास कुमार, डॉ अरुण रंजन, डॉ शशि कुमार, डॉ विश्वनाथ प्रसाद, प्रो विपुल कुमार पांडे, प्रो अमीत कुमार रवि, प्रो पी पी कुशवाहा, प्रो सुनीता कुमारी, पम्मी कुमारी, डॉ राजेन्द्र प्रसाद, डॉ नाज खान, प्रो संजय कुमार दास, रविंद्र कुमार दास, सदन राम, मो साजिद, रवि यादविन्दु, नंदलाल राम, शिव चन्द्र झा, दीपक कुमार राय, बालेश्वर यादव, आबिद जहां, करिश्मा, काजल, आशा देवी, सुसारी देवी, भगन घासी, आदि कॉलेज परिवार के सभी सदस्यों, छात्र छात्राएं की उपस्थिति रही।

# भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के लिए जल यात्रा में उमड़े श्रद्धालू

खबर मन्त्र संवाददाता



**मझिआंव।** प्रखंड कार्यालय के सामने नवनिर्मित भगवान विश्वकर्मा मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के लिए तीन दिवसीय श्री विश्वकर्मा विराट वैदिक महायज्ञ का आयोजन किया गया। इसके लिए शनिवार को राधा कृष्ण मंदिर के महंत बाल ब्रह्मचारी साधु श्री श्री 1008 श्री बाबा केशव नारायण दास के नेतृत्व में घोड़ा जुते रथ पर भगवान श्री राम, जानकी एवं बजरंगबली की झांकी व बैंड बाजे एवं 1151 कलशों के साथ जल यात्रा कर शोभायात्रा निकाली गई। जलयात्रा विश्वकर्मा मंदिर से निकलकर मुख्य पथ लोहरपुरवा, चन्द्री, बाजार होते कोयल नदी के बैलगाड़ी घाट पर पहुंचा। जहां पर पंडित विजय कान्त दुबे द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पवित्र कलशों में जल भरा गया। इस दौरान लोग भगवान विश्वकर्मा की जय, जय श्री राम एवं श्रीमन नारायण का जयघोष करते हुए चल रहे थे। जल यात्रा वापस पुनः विश्वकर्मा मंदिर में पहुंचा और सभी कलशों को स्थापित किया गया। इस संबंध में यज्ञ कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष मारुति नंदन सोनी एवं अध्यक्ष पिंटू विश्वकर्मा ने बताया कि नौ मार्च को हवन यज्ञ एवं पूजन भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति का नगर भ्रमण शाह भव्य शोभायात्रा तथा 10 मार्च को मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा एवं पूणार्हुति की जाएगी। इसके बाद 11 मार्च को अतिथियों की विदाई की जाएगी। इस दौरान महायज्ञ में संध्या समय वृंदावन से आए हुए आचार्य प्रज्ञा भारती एवं अयोध्या से आए हुए श्याम नारायणाचार्य द्वारा प्रवचन किया जायेगा। जल यात्रा में निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी, विवेक सोनी, पिंटू विश्वकर्मा, गायत्री परिवार के प्रखंड संयोजक नागेंद्र सिंह, आनंद विश्वकर्मा, अक्षयवर विश्वकर्मा, देवमुनि विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

## कसमार प्रखंड सभागार में महिला दिवस समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** सहयोगिनी द्वारा कसमार प्रखंड सभागार में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में बेरमो एसडीओ मुकेश मछुआ ने कहा कि महिला सशक्त होंगी तो हमारा देश भी सशक्त होगा। इसके लिए हम सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाज में शिक्षित महिलाओं को आगे आना चाहिए और आईपीएस आईएएस एसडीओ सीओ जैसी उच्च प्रशासनिक भूमिकाओं में अपनी जगह बनानी होगी। जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी ने कहा कि हर महिला अनमोल है और उसे अपने जीवन का सम्मान करना चाहिए। समाज में महिलाओं को सशक्त होकर आगे बढ़ना चाहिए। कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो ने महिलाओं को साइबर क्राइम के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी और कहा कि महिलाएं लहरों की तरह होती हैं। कार्यक्रम के दौरान सीओ प्रवीण कुमार मुखिया परिपूषा कुमारी गीता देवी चंद्रलेखा मसीह दिलीप महतो विनीता देवी मंजू देवी नीतू कुमारी अनिल हेंब्रम सूरजमानी देवी रेखा देवी संगीता देवी प्रकाश कुमार महतो गौतम सागर सनी कुमार रवि कुमार राय अमरजीत कुमार कुमारी किरण मंजू देवी संगीता देवी आदि उपस्थित थी।

## नेहरू युवा केंद्र ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर किया जागरूकता कार्यक्रम




खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** नेहरू युवा केंद्र गढ़वा तथा जेएसएलपीएस के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को जिले के डंडई प्रखंड के सभागार में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि बीडीओ देवलाल करमरी, संस्था के सचिव रमाशंकर चौबे तथा जेएसएलपीएस के बीपीएम सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर की। मौके पर बीडीओ ने कहा कि आज का दिन महिलाओं के सम्मान में समर्पित है। यह दिन महिलाओं के लिए सशक्तिकरण का प्रतीक है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुरूआत न्यूयॉर्क में 1908 ई में की गई थी। 3 वर्ष बाद 1911 ई में पहली बार डेनमार्क में मनाया गया था। संयुक्त राष्ट्र संघ ने आधिकारिक रूप से 8 मार्च 1975 से प्रत्येक वर्ष मनाया जाने लगा। रमाशंकर चौबे ने कहा कि आज महिलाएं पुरुषों से आगे निकल रही हैं। आज दुनिया में 87 देश में महिलाओं ने शासन किया है। मौके पर डंडई प्रखंड समन्वयक सुनील कुमार पांडेय, अनीता देवी व महिलाएं उपस्थित थी।

# मैट्रिक की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**रमना।** प्रखंड मुख्यालय स्थित चार परीक्षा केंद्रों पर शुक्रवार को विज्ञान की परीक्षा के साथ मैट्रिक की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हो गई। मैट्रिक के कुल 1460 परीक्षार्थियों में 1450 परीक्षार्थी परीक्षा लिखे। जबकि 10 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। जमा दो उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक अजय सेठ ने बताया कि प्रथम पाली में मैट्रिक के कुल 716 में 5 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। जबकि 711 परीक्षार्थी परीक्षा लिखे। बालिका उच्च विद्यालय के केंद्राधीक्षक शशि रमण प्रकाश व सहायक धर्मदेव उरांव ने बताया कि मैट्रिक के कुल 125 परीक्षार्थी में 3 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। जबकि 122 परीक्षार्थी परीक्षा लिखे। राजकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग एक के केंद्राधीक्षक फुलेन्द्र राम ने बताया कि मैट्रिक के कुल 303 में 1 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। जबकि 302 परीक्षार्थी परीक्षा लिखे। राजकीय मध्य विद्यालय रमना के केंद्राधीक्षक रिंकु कुमार पासवान ने बताया कि मैट्रिक के कुल 316 परीक्षार्थी में 1 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। जबकि 315 परीक्षार्थी परीक्षा लिखे। जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न होने पर सीओ विकास पांडेय एवं थाना प्रभारी आकाश कुमार ने सभी केंद्राधीक्षक, दंडाधिकारी, विक्षक, परीक्षार्थियों व अभिभावकों को ससमय कुशल कर्तव्य निर्वहन पर धन्यवाद देते हुए कहा कि सभ्य समाज के लिए अनुशासन आवश्यक है।

### माध्यमिक परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**केतार।** पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय केतार में 2025 के माध्यमिक परीक्षा कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। परीक्षा में प्लस टू उच्च विद्यालय छाताकुंड एवं प्लस टू विद्यालय परसोडीह के 432 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें दो छात्र अनुपस्थित रहे। केंद्र अधीक्षक मोहम्मद मोकारिम एवं उप केंद्र अधीक्षक देवेंद्र कुमार ने वीक्षण कार्य में लगे सभी शिक्षकों को सही सलामत एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने के लिए धन्यवाद दिया। परीक्षा संचालन के लिए महिला पर्यवेक्षिका तेरेसा बाखला, दंडाधिकारी घनश्याम गुप्ता, सब इंस्पेक्टर चंदन शाह, ए वेंकटेश शर्मा को नियुक्त किया गया था। वहीं निरीक्षण कार्य में लगे शिक्षकों में संतोष कुमार, राजीव कुमार सिंह, संजय कुमार मिश्रा, मनोरंजन कुमार, धनंजय कुमार, अजय कुमार, प्रेम कुमार गुप्ता, दिलीप कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मना अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

प्राचार्या डॉ सुनीता गुप्ता ने कहा कि आज के समय महिलाएं हर दिशा में आगे बढ़ रही हैं

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सभागार कक्ष में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुनीता गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। प्राचार्या डॉ सुनीता गुप्ता ने महिला सशक्तिकरण के बारे में बताते हुए कहा कि आज के समय महिलाएं हर दिशा में आगे बढ़ रही हैं। प्राध्यापक आनंद कुमार चौबे ने कहा कि आज के समय में महिलाओं की साक्षरता शत प्रतिशत बढ़ रही है। प्रवक्ता रेखा कुमारी ने कहा कि महिलाएं अपने दम पर आज पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। वहीं महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं में संतु, अमृता, प्रतिज्ञा, काजल, मधु आदि ने अपना मंतव्य प्रकट किया। मौके पर प्राध्यापक अरविंद तिवारी, शशिकांत सिंह यादव, आनंद कुमार चौबे, सतीश कुमार बिंद, एसएन ठाकुर, रविंद्र तिवारी आदि उपस्थित थे।

## ढाई सौ छात्राओं के बीच साइकिल वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**सगमा।** प्रखण्ड कार्यालय परिसर में प्रखण्ड क्षेत्र के सगमा, कटहर कलां, सोनडीहा, शारदा, बीरबल स्थित मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच प्रखण्ड के प्रभारी कल्याण पदाधिकारी रविरंजन कुमार ने 250 साइकिल का वितरण किया। साइकिल प्राप्त के बाद छात्रों के चेहरे पर गजब की मुस्कुराहट देखने को मिली। मौके पर संबंधित विद्यालय के शिक्षक गण छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन

**कथारा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कथारा मोड़ स्थित झारखंड विद्युत निगम लिमिटेड कॉलोनी में समान समारोह का आयोजन किया गया समारोह में उपस्थित दर्जनों महिलाओं को बेरमो विधायक प्रतिनिधि एवं राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन कथारा क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय सिंह ने सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सिंह ने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है की मातृशक्ति रूपी महिलाओं को सम्मानित करने का मौका मिला है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रतियोगिताओं का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रमना।** मड़वनिया व सिलीदाग पंचायत सचिवालय के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया स्वीटी वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि समृद्ध समाज के निर्माण लिए महिलाओं का सशक्त होना आवश्यक है। आधी आबादी को उचित अवसर देकर ही महिला हितैषी पंचायत की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। उन्होंने विकास योजनाओं के क्रियान्यवायन में महिलाओ की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। भाषण प्रतियोगिता के लिए पूनम देवी, घड़ा फोड़ प्रतियोगिता के लिए वीणा देवी, कुर्सी रेस के लिए सिलीदाग पंचायत के उर्मिला देवी, पेंटिंग प्रतियोगिता के लिए सुषमा देवी एवं किरण देवी तथा स्वच्छता के लिए मुनिया देवी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बीपीओ प्रभु टोप्पो, सीआई राजकुमार सिंह, जेई रवि कुमार, रोजगार सेवक धर्मेंद्र कुमार, वार्ड सदस्य शिवशंकर पांडेय, मटुकी सिंह, राजनाथ चौधरी, अक्षय कुमार, मीना देवी, किरण देवी, रेखा देवी, कलावती देवी काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

### बोकारो : कोटपा में चलाया गया छापामारी अभियान

**बेरमो।** डॉ अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो के निर्देशन एवं चास थाना प्रभारी खुर्शीद आलम के सहयोग से तम्बाकु विशेष जांच अभियान के तहत जिला छापामारी दल के सदस्य मो असलम के द्वारा चास थाना क्षेत्र के धर्मशाला मोड, महावीर चौक, जोधाडीह रोड, आईटीआई मोड एवं चास चेकपोस्ट के कुल 103 दुकानों की जांच की गई जिसमें 19 दुकानों/व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लघंग करते हुये पाया गया जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 3200 रुपए की वसूली की गई।


**कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़**

**शुद्धि–पत्र**

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि नगर परिषद्, रामगढ़ द्वारा प्रकाशित अति–अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- **NIT/RGH/NP/23/2024-25** जिसका PR No.-346779 District 24-25(D) के द्वारा प्रकाशित की गई है, जिसमें निविदा की तिथि का आंशिक संशोधन किया जाता है जो निम्न प्रकार है:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | परिमाण विपत्र विक्रय की तिथि | :– | दिनांक : 17-03-2025 से 19-03-2025 अपराहन 04:00 बजे तक। |
| 2 | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | :– | दिनांक 22-03-2025 पुर्वाहन 04:00 बजे |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि व समय | :– | दिनांक :24-03-2025 अपराहन 12:00 बजे से। |

निविदा सूचना की शेष भाग एवं शर्तें पूर्ववत् रहेंगे।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ़

PR 348156 (District)24-25*D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉंची**

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 28/2024–25**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का पदनाम:- | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉंची। |
| 2 | परिमाण विपत्र विक्रय की अंतिम तिथि एवं समय तक:- | दिनांक 15.03.2025 अपराह्न 4.00 बजे तक। |
| 3 | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय, :- | दिनांक 17.03.2025 अपराह्न 3.30 बजे तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- | दिनांक 17.03.2025 को अपराह्न 4.00 बजे से। |
| 5 | परिमाण विपत्र विक्रय का स्थान:- | (1) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, डोरण्डा, रॉंची–02। (2) अधीक्षण अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, डोरण्डा, रॉंची–02। |
| 6 | निविदा खोलने का स्थान:- | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, डोरण्डा, रॉंची–02। |
| 7 | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता:- | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना,डोरण्डा, रॉंची–02। |
| 8 | कार्य की विस्तृत विवरणी | |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of drain front side of staff quarter no.- E/13 to E/30 at new PHED colony Hinoo, Ranchi | 4,19,004/- | 8,500/- | 750/- | 7 दिन |
| 2 | Repair maintenance and miscellaneous work of staff Quarter no. D/2 at new PHED Colony Hinoo, Ranchi | 4,51,200/- | 9,200/- | 750/- | 7 दिन |
| 3 | Repair maintenace and other allied work of staff quarter no. D/4 at New PHED colony, Hinoo Ranchi | 5,45,715/- | 11,000/- | 1,250/- | 7 दिन |
| 4 | Repair maintenace and other allied work of staff quarter no. D/8 at New PHED colony, Hinoo Ranchi | 3,86,155/- | 8,000/- | 750/- | 7 दिन |
| 5 | Raising of compound wall and other allied works at tower campus Hinoo, Ranchi | 5,55,149/- | 11.500/- | 1,250/- | 7 दिन |
| 6 | Repair and maintenance and other allied work of staff quarter no.- D/1 at Hatia Filtration Plant Dhurwa Ranchi | 3,82,333/- | 8,000/- | 750/- | 7 दिन |
| 7 | Repair and maintenance and miscellaneous work of staff quarter no.- D/20 at Hatia Filtration Plant Dhurwa Ranchi | 4,31,649/- | 9,000/- | 750/- | 7 दिन |

विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय से सम्पर्क करें या विभागीय वेबसाईट:–http//:daa.jharkhand.gov.in पर देखें। प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ़ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन राशि भी देय होगी है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉंची

PR 348136 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D


# दो मुसहर परिवारों का अबुआ आवास योजना के तहत घर का निर्माण शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता



**भवनाथपुर।** गढ़वा जिले के भवनाथपुर प्रखंड में अबुआ आवास योजना के तहत मुसहर परिवारों के लिए घर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम ने निर्माण हो रहे आवास का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की यह योजना गरीबों और बेघर परिवारों के लिए एक वरदान साबित हो रही है। बताया की दोनो मुसहर परिवार का घर प्रखण्ड कर्मियों के देख रेख में बनवाया जा रहा है ताकि इन दोनो का घर पूर्ण रूप से बन जाने के बाद बाकी के भी मुसहर परिवार के लोग घर बनाने के लिए प्रेरित होंगे और पैसा मिलने के बाद अपना अपना घर बना लेंगे। इस दौरान नंदजी राम ने कहा कि अबुआ आवास योजना के तहत समाज के सबसे वंचित वर्गों को पक्का आवास उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने और समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। लाभार्थी परिवारों ने सरकार और प्रशासन का आभार व्यक्त किया। सोनी मुसहरिन और रिंकी मुसहरिन ने कहा कि अब तक वे कच्चे और अस्थायी घरों में रह रही थीं, लेकिन अबुआ आवास योजना से उन्हें स्थायी छत मिलने जा रही है, जिससे उनके परिवार को बड़ी राहत मिलेगी। मौके पर मनरेगा बीपीओ आनंद रजक, जेई कुमार वरुण, परमेंद्र विश्वकर्मा, आवास को-ऑर्डिनेटर अशोक प्रसाद मौजूद थे।

# देश की सामाजिक स्थिति की विवेचना

**समय संवाद**

इसमें पहला नाम जो पूर्ण व्यवस्थित मानवीय सत्ता और समाजवाद चिंतन का प्रखर उदाहरण है वह हैं श्रीराम। लगभग दस हजार साल पहले इनका राज्य था और इनके राज्य में देश के सांस्कृतिक मूल्य, मानवीय भाव और आंतरिक और वा्हय सुरक्षा को लेकर उच्चें मापदंड थे। लेकिन हमारे देश में इस काल को लेकर कई संगठन, व्यक्ति प्रतिवाद करते रहें हैं। उनकी बुद्धि सीमित है या फिर विज्ञान का ज्ञान वहां तक नहीं पहुंचा है यह दोनों बात के अतिरिक्त हम सहजता पूर्वक मान सकते हैं कि आज का समाज भारतीय समाज राम राज्य की कल्पना में जीता है।

**एनके मुरलीधर**

देश की सामाजिक स्थिति कैसी है इसके लिये हमें अपने अतीत को समझना होगा। हमारा अतीत संस्कृति और सत्य सनातन के आधार पर तय किया गया है। सामाजिक स्थिति को समझने के हमारे दो रास्ते हैं एक तो हम वर्तमान से अतीत की ओर जायें या फिर अतीस से वर्तमान की ओर आये। आज रांची रोटरी के इस कार्यक्रम में मैं इस विषय पर अतीत से वर्तमान की चर्चा करूंगा। हमारे अतीत में योग्य और अति कुशाग्र राजाओं की एक परम्परा रही है जिन्हें हम ईश्वर तुल्य मानते हैं। इसमें पहला नाम जो पूर्ण व्यवस्थित मानवीय सत्ता और समाजवाद चिंतन का प्रखर उदाहरण है वह हैं श्रीराम। लगभग दस हजार साल पहले इनका राज्य था और इनके राज्य में देश के सांस्कृतिक मूल्य, मानवीय भाव और आंतरिक और वा्हय सुरक्षा को लेकर उच्चें मापदंड थे। लेकिन हमारे देश में इस काल को लेकर कई संगठन, व्यक्ति प्रतिवाद करते रहें हैं। उनकी बुद्धि सीमित है या फिर विज्ञान का ज्ञान वहां तक नहीं पहुंचा है आज का समाज भारतीय समाज राम राज्य की कल्पना में जीता है। उनके होने न होने का




प्रमाण विज्ञान खोजें लेकिन हिंदू जन मानस के अतः करण में रामत्व है। भारतीय समाज आज भी राम और कृष्ण के प्रतिकात्मक बिम्ब से ही प्रचारित-प्रसारित होता रहा है।

हम बढ़ते है कृष्ण के काल के समाज की ओर जो महाभारत के युद्ध जैसे स्मिता के पहचान के संघर्ष की बात बताता है। कृष्ण काल में जिस लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना की गयी और क्रूर होने पर अपनी मामा कंस का बध किया गया। और प्रेम की स्थापना के लिये राधे श्याम बनकर कृष्ण ने एक कीर्तिमान स्थापित किया। उस काल में धर्म की स्थापना के लिये समाज में समरसता की नयी ऊचांई गढ़ने का प्रयत्न किया गया। आज हमारे समाज में जाति और संकीर्णता को लेकर जो स्वर मुखरित होते हैं उसका कृष्ण के काल में कही नामोनिशान नहीं था। दुनिया की सबसे पहली मोटिवेशनकी किताब गीता में जीवन के सभी समस्याओं का हल है और 1980 के दशक में जब सोवियत रूस में सामाजिक हलचल मची तो गीता का एक लाख रूसी भाषा का अनुवाद वहां के बुदिजीवीयों को सैन्य जवानों अधिकारियों के साथ युवाओं को दिया गया। दुनिया की सबसे प्राचीन और समृद्ध भाषा संस्कृत हमारे बीच था और लगभग 12 हजार साल तक भारत उपमहाद्धीप दुनिया का सबसे समृद्ध और ताकतवर शक्ति बना रहा। हमारी ताकत हमारा समाज ही था जिससे एक मजबूत भारत बना। चाणक्य और चन्द्रगुप्त ने जिस मौर्य सम्राज्य की स्थापना की। चाणक्य ब्राह्मण थे और चन्द्रगुप्त मौर्य थे। यह संकेत है कि देश में तब जातिवाद का प्रभाव कम था। फिर बुद्ध का प्रभाव और उसके कारण हमारा समाज और शासकगण अहिंसा ब्रत का धारण किया। पूरी दुनिया के समूह जिनका मालूम था कि एक अति समृद्ध देश भारत मानवीय और सांस्कृतिक मूल्यों के साथ जी रहा है। कई गैर भारतीय समूहों का आक्रमण और देश का कमजोर होना तब आंरभ हुआ। हम लगभग हजार साल गुलाम रहे और उस काल में हम हीनभावना और उन तमाम बुराइयों से बच नहीं सके जो देश को कमजोर करता है। फिर भी हमारी धार्मिक मान्यतायें और संस्कृति का ओज हमें जोड़कर रखा। हम आजाद हुए। देश में फिर से लोकतांत्रिक मूल्य स्थापित हुई। समाज देश के निमार्ण में लगा। स्वार्थी तत्वों ने भाषा, जाति, धर्म और वैमन्स्यता की दिवार खड़ी की। लेकिन लोकतंत्र के अविष्कारक देश जहां मूल्य राम,कृष्ण और शिव के अवधारणाओं से संरक्षित होते हैं वहां फिर से हम विश्व को मार्ग दर्शन दिखाने की ताकत बने तो यह सशक्त समाज से संभव हुआ जो तीस हजार से अधिक जाति, उपजाति और 1500 से अधिक भाषाओं में अर्तनिहित है। अलोचना चाहे जितना कर लें भारतीय समाज की नींव उच्च मानवीय मूल्यों पर आधारित है जिसे हजारे संतों, ऋषि मुनियों से पोषित किया है। व्यक्ति से परिवार और परिवार से समाज का निर्माण होता है। देश में लगभग 30 करोड़ परिवार रहते हैं। इनके कार्य और आर्थिक स्थिति से हम देश का आकलन कर सकते हैं। देश में जाति आधारित कार्य और समाज का भ्रम टूट रहा है।समाज से बनी मजबूत सरकारे, व्यवस्था, हमें उम्मीद देती है। इस उम्मीद के सहारे, अपने अतीत पर गर्व करते हुए हम अपने मूल्यों के साथ विकास करेगे। हम हिंसक समाज न थे न हैं न हो सकते हैं (रोटरी रांची में व्याखानमाला)

# जिंदगी की जोड़

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**जड़** और चेतन के इस संसार में जड़ के बंधन काटने वाले तत्व ज्ञानियों, सदगुरु नानक देव, कबीर, धरनीदास, दरियादास, रैदास गुरु ग्रंथ हीं हैं। गुरु ग्रंथ में इनकी ही वाणी सुरक्षित है। गुरुग्रंथ को जानिए प्रकट गुरु की देह। वर्तमान समय में जीव ग्रंथियों में उलझकर अपने मूल कर्त्तव्य से विमुख हो रहा है। साहित्यकार जयशंकर प्रसाद की रचना कामायनी की पंक्तियां- एक तत्व की है प्रधानता उपर ही जल है, नीचे एक तरल है एक सघन। कहां जड़ या कहां चेतन। मनुष्य का शरीर या गुरु दरबार जड़ है। गुरु चेतन है और चेतन का ही महत्व है। जीवन में व्यक्ति और स्थान का बड़ा महत्व है। परमहंस दयाल जी ने छपरा से अपनी भक्ति यात्रा आंरभ की, लेकिन टेरी जो अब पाकिस्तान में है वहां जाकर ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम स्थापित किया। इस कार्य में उन्हें 20 वर्षों का समय लगा। संत आनंदपुर से मिले तो दरबार बना। प्रकृति नहीं मिलाती तब तक पुरुष निद्रा में होता है। उन्होंने जो भक्ति की चेतना जगाई वह आज भी गढ़वा घाट काशी और राजपुर होते फिर से छपरा पहुंचा। 1846 में इनका जन्म छपरा में हुआ था। स्वामी जी की स्वरचित भजन ज्ञान पद करहुं मैं भक्ति सिंगार नाथ महारानी हूं जी। अपने आप में भक्ति की ऊंचाई तक स्पर्श करने वाली संसार की श्रेष्ठ रचना है।



हमको द्वैत दृष्टि नहीं आती, जहां देखो तहां वहीं आत्मा पिता पुत्र और नाती। जैसी प्रार्थना भक्ति का पद दूसरा कोई नहीं है। उनकी बहाई भक्ति धारा गढ़वा घाट काशी के बाद जाकर 1949 में राजपुर बक्सर आयी। सद्गुरु गढ़वा घाट के महाराज के आदेश पर स्वामी शिवर्धमानंद जी वह कार्य किया जो सतयुग में हनुमान भी नहीं कर पाये थे। राम की भक्ति के शिए हनुमान को गुरु अगस्त ने भेजा था। राम की भक्ति के क्रम में हनुमान को अयोध्या में ही रह गये जैसा राम ने आदेश दिया और उनका काम था राम सहित उनके भाइयों के आठ संतानों को भक्ति से जोड़े रखना। उन्हें कार्य के लिये अयोध्या जैसा नगर मिला। लेकिन स्वामी शिवर्धमानंद ने वगैर किसी व्यक्ति को जाने सदगुरु के आदेश पर आये और राजपुर नामक स्थान पर ज्ञान और भक्ति को स्थापित किया। गढ़वा घाट के स्वामी जी के आदेश पर इस क्षेत्र में आये और उन्होंने पांच पीढ़ियों केबीव भक्ति, ज्ञान योग और प्रेम को स्थापित किया।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

# गुणों की खान मेथी

**स्नेहलता मिश्रा**

**मेथी** का नाम सुनते ही कुछ कड़वाहट तो नहीं महसूस होती? शायद होती हो। क्योंकि मेथी के दानों में कड़वाहट तो होती ही है। असल में मेथी के दाने बेशक कड़वे होते हों, लेकिन गुणकारी बहुत होते हैं।

**मेथी के ढेबरे सामग्री :**

मेथी के पत्ते आधा किलो, बाजरे का आटा चार कटोरी, गेहूं का आटा एक कटोरी, थोड़ा सा गुड़, हरा धनिया, हरी मिर्च, पिसा गरम मसाला, तेल, अदरक।

**विधि :** मेथी के पत्तों को धोकर काट लें और उन्हें बाजरे और गेहूं के आटे में मिला दें। इसमें मसाले एवं गुड़ डालें और इस मिश्रण को गूंथ लें। ध्यान रहे कि यह ज्यादा गीला न हो, बल्कि पूड़ियों के लिए गूंथे जाने वाले आटे की तरह हो। कड़ाही में तेल डालकर गैस पर चढ़ा दें। मेथी-आटे से छोटी-छोटी पूड़ी बनाकर इन्हें तल लें। मेथी के ढेबरे तैयार हैं। इन पर बारीक कटी हरा धनिया और अदरक बुरक दें। स्वाद के लिए आप चटनी भी बना सकते हैं। इसे नाश्ते में ले सकते हैं या कभी भी गरमागरम परोस सकते हैं। ढेबरे सुपाच्य होने के साथ-साथ सेहत के लिए भी अच्छे हैं। **मेथी के गट्टे सामग्री :**

बेसन 2 कप, मेथी बारीक कटी हुई 2 कप, हरी मिर्च का पेस्ट 2 छोटे चम्मच, गरम मसाला 2 छोटे चम्मच, हींग एक चुटकी, तेल मोयन, नमक स्वादानुसार। तेल 50 ग्राम, मीठी नीम 15 पत्ते, हींग एक चुटकी, जीरा एक छोटा चम्मच, हल्दी 1/2 छोटा चम्मच, लाल मिर्च पाउडर एक छोटा चम्मच, गरम मसाला एक छोटा चम्मच, अमचूर एक छोटा चम्मच नमक इच्छानुसार, सफेद तिल 2 छोटे चम्मच भुने हुए, 2 हरी मिर्च लंबाई में कटी हुई, 2 छोटे चम्मच चाट मसाला, धनिया बारीक कटी हुई। **विधि :** पहले बेसन में मेथी, सभी मसाले एवं तेल डालकर पानी से कड़ा गूंथ लें। लगभग 10 से 15 मिनट तक ढक कर रखें। एक बड़े भगौने में पानी उबालें, उसमें बेसन के मोटे रोल बनाकर डालें। नुकीली सलाई से चेक करें, यदि सलाई आर पार हो जाती है तो गट्टे उबल कर तैयार हैं। ठंडा होने पर काट लें। अब कड़ाही में तेल गर्म करें। दोनों साबुत लाल मिर्च तल कर निकाल लें। अब तेल में जीरा, हींग, मीठी नीम के पत्तों को डालकर भूनें। अब इसमें हल्दी, मिर्च, गट्टे आदि डालकर हल्के हाथ से चलाएं। 3 या 4 मिनट बाद गरम मसाला और अमचूर पाउडर डालें। हल्का भूरा होने पर उतार लें।

# बद्रीनाथधाम में मौजूद है जाग्रत विष्णु

**जीवी एस शास्त्री**

बद्रीनाथ मंदिर उत्तराखंड के चमोली जनपद में अलकनन्दा नदी के तट पर स्थित है। कहा जाता है कि इस मंदिर का निर्माण 7वीं-9वीं सदी में हुआ था। मंदिर के आस-पास बसे नगर को बद्रीनाथ ही कहा जाता है। यहां पर भगवान बद्रीनारायण की प्रतिमा स्थापित है। बद्रीनारायण, भगवान विष्णु के ही एक रूप हैं। बद्रीनारायण की यह मूर्ति 3.3 फीट लंबी शालिग्राम से निर्मित है। कहा जाता है कि इस प्रतिमा को आदि शंकराचार्य ने 8वीं शताब्दी में समीपस्थ नारद कुण्ड से निकालकर स्थापित किया था। इस मूर्ति को विष्णु भगवान की 8 स्वयंभू प्रतिमाओं में से एक माना जाता है।

बद्रीनाथ को अलग-अलग कालों में अलग-अलग नामों से जाना गया है। स्कन्दपुराण में बद्री क्षेत्र को मुक्तिप्रदा कहा गया है। ऐसे में यह स्पष्ट है कि सत युग में यही इस क्षेत्र का नाम था। त्रेता युग में भगवान नारायण के इस क्षेत्र को योग सिद्ध कहा गया। द्वापर युग में भगवान के प्रत्यक्ष दर्शन के कारण इसे मणिभद्र आश्रम या विशाला तीर्थ कहा गया है। वहीं, कलियुग में इसे बद्रिकाश्रम अथवा बद्रीनाथ कहा जाता है।



ऐसे मिला बद्रीनाथ नाम

एक पौराणिक कथा के अनुसार, भगवान विष्णु ने इस स्थान पर कठोर तप किया था। अपने गहन ध्यान के दौरान, वह मौसम की गंभीर स्थितियों से अनजान थे। उन्हें सूरज की चिलचिलाती गर्मी, धूप, बारिश और हिम से बचाने के लिए, उनकी पत्नी देवी लक्ष्मी ने बद्री के पेड़ रूप धारण किया और इस बात से भगवान विष्णु उनकी भक्ति से प्रसन्न हुए और इसलिए उन्होंने इस स्थान का नाम बद्रीनाथ रखा।

नर और नारायण की कहानी

बद्रीनाथ धाम धर्म के दो पुत्रों, नर और नारायण की कहानी से संबंधित है, जिन्होंने धर्मपत्नी हिमालय के बीच अपने धार्मिक आधार को स्थापित करने और अपने धार्मिक आधार का विस्तार करने की इच्छा की थी। किंवदंतियों के अनुसार, अपने धर्मोपदेश के लिए एक उपयुक्त स्थान खोजने के लिए वे पंच बद्री के चार स्थलों - ध्यान बद्री, योग बद्री, ब्रिधा बद्री और भावेश बद्री की खोज के लिए गए थे। अंत में वे एक जगह पर आए जो अलकनंदा नदी के पीछे दो आकर्षक ठंड और गर्म झरनों के साथ धन्य था। इस जगह को खोजने के लिए वे बेहद खुश थे और इस तरह उन्होंने इस स्थान का नाम बद्री विशाल रखा, यही से बद्रीनाथ अस्तित्व में आया।

# सभी वर्गों के लिए उपयोगी है सूक्ष्मासन योग

**डॉ परिणीता सिंह**

**सूक्ष्मासन** वे योगाभ्यास है, जिसमें शरीर के सभी बाहरी छोटे बड़े जोड़ों- जैसे पांव की अंगुलियों से लेकर गर्दन, चेहरा तक के जोड़ों एवं मांसपेशियों में उसकी निर्धारित सीमा तक मोड़ते या घूमते आते हैं। सामान्य खिंचाव उत्पन्न किया जाता है। यह अभ्यास बड़ा ही सरल दिखता है लेकिन इसका प्रभाव भाग में काफी बदलाव लाता है जिससे ना सिर्फ जोड़ों और मांसपेशियों में स्फूर्ति और लचीलापन आता है बल्कि मन मस्तिष्क से यह जुड़े रहने के कारण यहां भी सकारात्मक बदलाव होते हैं। स्नायु में परिवर्तन हमारे प्राण संचार को सक्रिय करता है जिससे इन जोड़ो से विषैले तत्व बाहर आते हैं और मन स्थिर एवं स्वस्थ शरीर की प्राप्ति होती है। यह अभ्यास



किसी भी अभ्यास से कम नहीं होता है। हम सभी जानते हैं कि शरीर एवं मस्तिष्क एक ही इकाई के दो भाग हैं। मन मस्तिष्क में उत्पन्न तनाव हमारे मांसपेशियों तथा जोड़ों मैं कडापन एवं थकान उत्पन्न कर देता है। शारीरिक दुर्बलता का असर भावना पर पड़ता है और यह भावनात्मक विक्षेप हमारे जीवन का नियमित अंग बन जाता है। जब इस अभ्यास को स्वास एवं सजगता के साथ करते हैं तो प्रत्येक अंगों के प्रति एकाग्रता उत्पन्न होती है। मस्तिष्क के सोमेटोसेंसरी क्षेत्र जहां दर्द, तापमान,दबाव, स्पर्श की अनुभूति ,मांसपेशियों की गति और जोड़ो की स्थिति के बारे में महसूस किया जाता है। जोड़ो की गति इस तनाव से उत्पन्न बीमारियां जैसे गठिया ,उच्च रक्तचाप ,अस्थमा, अल्सर के लिए रामबाण का काम करती है। इस अभ्यास को सभी वर्ग के लोग कर सकते हैं खासकर वृद्ध व्यक्तियों के लिए काफी लाभप्रद है क्योंकि बढ़ती उम्र के कारण सभी योगाभ्यास संभव नहीं हो पाता है। परंतु यह सूक्ष्म अभ्यास सरलता से हो सकता है और शारीरिक एवं मानसिक विश्रांति को प्राप्त किया जा सकता है ।वे अभ्यास जो उच्च आसन को करना चाहते हैं वह इन सूक्ष्म अभ्यास द्वारा अपने शरीर को लचीला एवं मनःस्थिति को तैयार कर सकते हैं।

गेस्ट फैकल्टी : स्कूल ऑफ योग, रांची यूनिवर्सिटी, रांची

# लोकप्रिय होता गोबर पेंट

**प्रकाश नारायण सिंह**

**गोबर** से बने पेंट को देशभर में काफी पसंद किया जा रहा है। इस पेंट से लोग अपने सपनों के घर को रंग रहे हैं। खादी ग्रामोद्योग के साथ मिलकर जयपुर के एक इंस्टीट्यूट में तैयार किया गया यह पेंट तेजी से बिक रहा है। खादी ग्रामोद्योग आयोग के वरिष्ठ अधिकारी की ओर से बताया गया है कि इसकी सेल काफी बेहतर है। महज 12 दिन के अंदर गोबर से बना साढ़े तीन हजार लीटर पेंट अभी तक बिक चुका है। यह भी तब है जबकि पेंट की बिक्री सिर्फ दिल्ली और जयपुर के दो स्टोर से ही की गई थी। हालांकि अब खादी ग्रामोद्योग ने इसकी ऑनलाइन बिक्री भी शुरू कर दी है। जिसके बाद से देशभर में कहीं से भी लोग इसे ऑर्डर कर सकते हैं।

गोबर से बने इस पेंट के ट्रायल और टेस्टिंग के दौरान भी यह पेंट तीन हजार लीटर बिक चुका है। किसी भी कंपनी का पेंट बनता है तो उसमें एक वॉलेटाइल ऑर्गनिक कंपाउंड होता है। वीओसी में कुछ हानिकारक तत्व होते हैं जो पेंटिंग के दौरान भाप बनकर बाहर निकलते हैं। इससे पेंट करने वाले को आंखों में जलन शुरू हो जाती है। टेस्टिंग और इसकी फाइनल रिपोर्ट में देखा गया कि गोबर से बने इस पेंट में वीओसी की मात्रा न के बराबर है। जिसकी वजह से इससे कोई परेशानी नहीं होती। इस पेंट को ऑर्डर करने वाले लोगों के फीडबैक में भी यह सामने आया है कि यह एक ईकोफ्रेंडली प्रोडक्ट है जिसकी वजह से लोग इसे बहुत ज्यादा पसंद कर रहे हैं। ग्रामोद्योग की ओर से बताया गया कि इसे गाय से मिलने वाले रोजगार के लिए शुरू किया गया है। हालांकि इसके उपयोगी होने के कारण यह लोगों को भा रहा है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने लांच किया था। इतना ही नहीं इस पेंट को लांच करने से पहले नितिन गडकरी ने भी इसका इस्तेमाल अपने आवास की दीवारों पर किया है। वहीं खादी ग्रामोद्योग की कई बिल्डिंगों में इसको पेंट किया गया है। इसे बनाने का काम खासतौर पर गौशालाओं में शुरू किया गया है।

# चमचमाते किचन के लिये कुछ टिप्स

**डॉ शीतल**

**बिना** मेहनत पाना है चमचमाता किचन तो आजमाएं ये 6 स्मार्ट किचन क्लीनिंग हैक्स

किचन को साफ-सुथरा रखने में काफी मेहनत और समय लगता है। अगर आप भी चमचमाता हुआ किचन चाहती हैं लेकिन किचन की सफाई को लेकर परेशान हैं तो आज का लेख जरूर पढ़ें। आज हम आपको कुछ आसान हैक्स बताने जा रहे हैं, जिन्हें फॉलो करके आप आसानी से और कम समय में किचन की सफाई कर सकती हैं

किचन का साफ-सुथरा और व्यवस्थित रहना बहुत जरूरी है क्योंकि अगर किचन साफ नहीं होगा तो हाइजीन से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। लेकिन किचन को साफ-सुथरा रखने में काफी मेहनत और समय लगता है। अगर आप भी चमचमाता हुआ किचन चाहती हैं लेकिन किचन की सफाई को लेकर परेशान हैं तो आज का लेख जरूर पढ़ें। आज हम आपको कुछ आसान हैक्स बताने जा रहे हैं, जिन्हें फॉलो करके आप आसानी से और कम समय में किचन की सफाई कर सकती हैं -

**किचन टाइल्स**

अक्सर किचन में गर्मी और खाना पकाने की वजह से टाइल्स पर तेल और गंदगी जमा हो जाती है। यह देखने में खराब लगती है और



इससे किचन में कीटाणु पैदा होने का भी डर रहता है। अगर आप किचन की टाइल्स को साफ करना चाहती हैं तो एक स्प्रे बोतल में एक कप सिरका और आधा कप बेकिंग सोडा मिलाएं। अब इस लिक्विड को टाइल्स पर स्प्रे करें और टूथब्रश की मदद से साफ करें।

**चॉपिंग बोर्ड**

किचन में सब्जियां काटने के लिए चॉपिंग बोर्ड का इस्तेमाल होता है। इसे साफ करने के लिए आप नमक और नींबू का इस्तेमाल कर सकते हैन इसके लिए चॉपिंग बोर्ड पर नमक छिड़के। इसके बाद इसके ऊपर नींबू का रस डालें और नींबू से इसे रगड़कर साफ करें। ऐसा करने से चॉपिंग बोर्ड साफ हो जाएगा और बदबू भी चली जाएगी।

**बर्तन**

हम किचन के बर्तनों को तो साफ करते हैं लेकिन बर्तन साफ करने वाले स्पंज की सफाई करना भूल जाते हैं। इससे स्पंज पर बैक्टीरिया और कीटाणु पनपने लगते हैं। इसके लिए बर्तन साफ करने वाले स्पंज को भी दिन में एक बार जरूर साफ करना चाहिए। इसके लिए स्पंज को एक गिलास पानी के साथ कुछ मिनटों केली माइक्रोवेव में रख दें। इससे उसमें जमा तेल और गंदगी निकल जाएगी।

**सिंक**

किचन सिंक में जमा गंदगी को साफ करने के लिए आधा कप पानी में तीन चार चम्मच विनेगर मिलाएं। अब इसमें एक सूती कपड़ा डुबोकर सिंक को अच्छी तरह साफ करें।

**कैबिनेट**

किचन कैबिनेट को साफ करने के लिए सिरका और लिक्विड सोप का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आधा कप सिरका में लिक्विड सोप मिलाएं। फिर एक स्क्रबर की मदद से कैबिनेट को अच्छी तरह रगड़कर साफ करें। उसके बाद एक साफ कपड़े कोगीला करके कैबिनेट को पोंछ लें।

# त्वचा कहती है विटामिन की कमी है, आप समझें

**निधि सिंह**

**लैंग्वेज** यानी भाषा ही तो है जो हमारे-आपके बीच सेतु है। ऐसी ही एक भाषा हमारी त्वचा के लिए है। यानी स्किन लैंग्वेज। स्किन लैंग्वेज सिर्फ 6 अक्षर। यानी केवल 6 अक्षरों से आप ग्लोइंग स्किन के लिए जरूरी विटामिंस जान पाएंगे।

**विटामिन ए :**

स्किन लैंग्वेज का पहला अक्षर। कई बार त्वचा सूखी, बेजान व रूखी हो जाती है। बाहर से लीपापोती करेंगे तो यह क्षणिक सुधार है। लीपापोती की परत उतरते ही ड्राई स्किन ही दिखेगी। इसका स्थायी समाधान है विटामिन ए का सेवन। विटामिन ए के लिए भोजन में शामिल करें साग (गहरे हरे रंग की विविधता), गाजर, सलाद, मछली, कॉड लिवर ऑयन, शकरकंद, ब्रोकली, लाल शिमला मिर्च, आम, अंजीर, कद्दू, टमाटर, संतरा, पपीता आदि। औसतन 700 से 900 एमजी प्रतिदिन विटामिन ए का सेवन करना चाहिए। विटामिन ए एजिंग प्रक्रिया को धीमा करता है, यूवी किरणों से त्वचा को बचाता है, स्किन सेल प्रोडक्शन को बढ़ाता है, स्किन इंफेक्शन को रोकता है, त्वचा को चमकदार बनाता है।

**विटामिन बी :**

यह त्वचा को ग्लोइंग और हाइड्रेटेड रखता है। साथ ही त्वचा से एजिंग के निशान मिटाता है, स्किन पिग्मेंटेशन को रोकता है। जब ये सब त्वचा से नदारद हो, तो



समझ जाएं कि स्किन में विटामिन बी की कमी है। विटामिन बी त्वचा के साथ-साथ बालों व नाखूनों की सेहत के लिए जरूरी हैं। इस विटामिन में 8 प्रकार के विटामिंस का समावेश होता है।यानी बी1, बी2, बी3, बी5, बी6, बी7, बी9 और बी12। विटामिन बी के प्रमुख स्त्रोत है सैलमन फिश, टूना फिश, अंडे, एवोकाडो, अनार, खजूर, तरबूज, दालें, पालक, आलू, दलिया, केले, खुबानी, सूरजमुखी के बीज, चावल आदि।

**विटामिन सी :**

जवां दिखने के लिए कोलेजन बहुत जरूरी है। इसके लिए विटामिन सी का सेवन करें। कोलेजन का सीधा कनेक्शन है इम्यून सिस्टम से। विटामिन सी के प्रमुख स्त्रोत हैं खट्टे फल, पत्तेदार साग, केला, फूलगोभी, हरी मिर्च, ब्रोकली, शलगम, टमाटर, शकरकंद आदि।

**विटामिन ई :**

ब्यूटी कॉन्शियस हैं, तो विटामिन ई के फायदों से आप वाकिफ होंगे। ये मददगार है एजिंग व यूवी के निशान मिटाने, त्वचा में कसावट लाने और त्वचा को मुलायम बनाने में। इसके प्राकृतिक स्त्रोत हैं- ब्रोकली, केला, पालक, बादाम, मूंगफली, सूरजमुखी का तेल, जैतून और नारियल तेल, कद्दू, लाल शिमला मिर्च आदि।

**विटामिन के :**

इस तत्व को काफी नजरअंदाज किया जाता है। तो अगली बार काले धब्बे, खरोंच या निशान दिखें तो उन्हें क्रीम से बेअसर नहीं, बल्कि विटामिन से उसका खात्मा करें। बता दें कि ये एक एंटीऑक्सीडेंट की तरह काम करता है जो फ्री रेडिकल्स से त्वचा को बचाता है। इसके प्रमुख प्राकृतिक स्त्रोत हैं- पत्तागोभी, फूलगोभी, पालक, हरी पत्तेदार सब्जियां, केला, सलाद, हरी फलियां, अंडे आदि।



# नलकूप, जल मीनार और बोरिंग को जल्द करें दुरुस्त : जायसवाल

## रामगढ़ : दिशा की बैठक में सांसद ने दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** जिला समाहरणालय सभाकक्ष में शनिवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोऑर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी डीडीसीएमसी/दिशा की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान रामगढ़ विधायक ममता देवी, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, मांडू विधायक निर्मल महतो, उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी सहित अन्य उपस्थित थे बैठक में पूर्व में हुई दिशा की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की सभी को विस्तार से जानकारी दी गई जिसकी क्रमवार समीक्षा करते हुए हर घर जल नल योजना के संबंध में गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले के सभी पंचायत में सर्वे कराकर जलापूर्ति सुनिश्चित कराने को लेकर सांसद ने अधिकारियों को सभी जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर बंद पड़े नलकूप, जल मीनार, बोरिंग कार्य को जल्द ही दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। जेएसएलपीएस के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए सांसद द्वारा वर्तमान में जिले में संचालित सखी मंडलों एवं उन्हें मिल रहे लाभ की जानकारी ली गई मौके पर विभिन्न उपायों से जेएसएलपीएस के संगठनों को मजबूत करने, रोजगार से अधिक से अधिक जोड़ने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। विद्युत संबंधित योजनाओं की समीक्षा करते हुए सांसद के द्वारा वर्तमान में विद्युत आपूर्ति, ट्रांसफार्मर की मरम्मति आदि की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने नए कनेक्शन हेतु प्राप्त आवेदनों को भी त्वरित निष्पादित करने का निर्देश दिया। सामाजिक सुरक्षा शाखा अंतर्गत संचालित विभिन्न राष्ट्रीय व राज्य पेंशन योजनाओं की समीक्षा के क्रम में सभी योग्य लाभार्थियों को योजनाओं से आच्छादित करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चल रहे कार्यों को लेकर जानकारी लेते हुए, सांसद के द्वारा कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क समस्याओं पर विशेष ध्यान देने, सड़क की स्थिति को देखते हुए सर्वे करने तथा सड़क निर्माण से संबंधित प्रस्ताव उपलब्ध कराने को लेकर

# महिला दिवस पर भाजपा महिला मोर्चा ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता




हजारीबाग। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा हजारीबाग सदर विधायक कार्यालय में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर और अंगदान जागरूकता अभियान का भव्य आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और अंगदान के महत्व को समाज तक पहुंचाना था। कार्यक्रम में पारस हॉस्पिटल की टीम ने महिलाओं के लिए ब्लड प्रेशर, शुगर टेस्ट, बीएमआई, आंखों की जांच और स्त्री रोग संबंधी परीक्षण किए, जिससे बड़ी संख्या में महिलाओं ने लाभ उठाया। साथ ही, शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के चिकित्सकों ने अंगदान की प्रक्रिया और उसके लाभों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति का अंगदान कई जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन दे सकता है। इस अभियान के अंत में भाजपा महिला मोर्चा की कई सदस्यों ने अंगदान का संकल्प लिया, जो समाज के लिए एक प्रेरणादायक पहल रही। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि महिलाएं समाज का आधार स्तंभ हैं, और उनका स्वस्थ और सशक्त होना समाज के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। भाजपा महिला मोर्चा का यह प्रयास स्वास्थ्य और सेवा भावना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।₹भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष साक्षी राणा ने कहा कि यह कार्यक्रम सिर्फ स्वास्थ्य जांच तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य और सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक करने की एक पहल है। उन्होंने महिलाओं से स्वास्थ्य जांच को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने और अंगदान जैसे महान कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में विधायक प्रदीप प्रसाद ने पारस हॉस्पिटल और शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज की टीम को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस आयोजन में स्थानीय महिलाओं की भारी भागीदारी देखी गई, जिससे यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य जागरूकता और समाज सेवा की दिशा में एक सफल पहल बन गया।

## महिला सशक्तिकरण पर निबंध प्रतियोगिता

**हजारीबाग।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारत स्काउट और गाइड, राज्य प्रशिक्षण केंद्र सह जिला मुख्यालय हजारीबाग में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का विषय ₹नारी सशक्तिकरण में स्काउट गाइड की भूमिका₹ था, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के स्काउट एवं गाइड ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में यदुनाथ बालिका उच्च विद्यालय, संत रोबोट बालिका उच्च/मध्य विद्यालय और संत रोबोट बालक उच्च/मध्य विद्यालय के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिला संस्था द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को आगामी कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त हर वर्ष 8 मार्च को महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक उपलब्धियों को सम्मानित करने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष का थीम ₹कार्रवाई में तेजी लाना₹ है, जो लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति को तेज करने पर जोर देता है।

# श्री अग्रसेन स्कूल में विधायक ने डिजिटल बोर्ड का किया उद्घाटन



भुरकुंडा (रामगढ़)। श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में शनिवार को विधायक रोशनलाल चौधरी व डॉ. रेखा चौधरी ने स्मार्ट इंटरैक्टिव डिजिटल बोर्ड का उद्घाटन किया। अतिथियों ने डिजिटल बोर्ड के माध्यम से पढ़ाई के तरीके की जानकारी लेते हुए इसे बच्चों के लिए बेहतर बताया। स्मार्ट क्लासेज के उद्घाटन के बाद अतिथियों ने शैक्षणिक व खेलकूद की गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। श्री चौधरी ने कहा कि आज की शिक्षा व्यवस्था हाईटेक होती जा रही है। डिजिटल बोर्ड में इनबिल्ट फीचर्स को देखकर कहा जा सकता है कि इसके माध्यम से बच्चों की शिक्षा में और सुधार होगा। बच्चे आधुनिकता की दौड़ में कदमताल कर सकेंगे। उनका पढ़ाई में मन लगेगा व उनकी रुचि बढ़ेगी। बच्चे अपने विषय को आसानी से समझ पाएंगे। डॉ रेखा चौधरी ने कहा कि पुरस्कार मिलने से बच्चे और बेहतर करने के लिए मोटिवेट होते हैं। उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है, जो उनके उज्वल भविष्य को गढ़ने में सहायक होती है। स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई व खेलकूद के लिए लगातार सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। मौके पर योगेश दांगी, सतीश मोहन मिश्रा, अमरेश सिंह, राजेश मंडल, अनूप सिंह, गौतम मुखर्जी, ज्योति सिंह

## परवरिश एडुकेयर में मना महिला दिवस



**कुजू।** परवरिश एडुकेयर स्कूल कुजू में विद्यार्थियों की माताओं के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इविद्यालय के निर्देशक शैलेंद्र कुमार और प्रबंधक निदेशक विकास कुमार सिंह ने विद्यालय की तरफ से विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं और माता को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। विद्यालय के बच्चों की माताओं के लिए विद्यालय में प्रतियोगिता और खेल का आयोजन किया गया, जिसमें माताएं बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए। साथ ही होली मिलन का भी लुफ्त उठाया। हमारे बीच विद्यालय के प्रबंधक निदेशक विकास कुमार सिंह और विद्यालय की ट्रस्टी रूबी

## मुखिया सत्यवंती देवी को डीसी ने किया सम्मानित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को पंचायत बुध बाजार दोतल्ला की मुखिया सत्यवंती देवी को उपायुक्त चंदन कुमार ने उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। जल जीवन मिशन/स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण) फेज-2 के अंतर्गत स्वच्छता एवं जल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर उपायुक्त चंदन कुमार और कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ प्रदीप कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से मुखिया सत्यवंती देवी को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। मुखिया ने बताया कि ग्राम पंचायत बुध बाजार दोतल्ला में स्वच्छता एवं जल संचय हेतु ग्रामीणों को कई विशेष ग्रामसभा एवं विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम के माध्यम से निरंतर जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है। यहां के लोग शत प्रतिशत खुले में शौच से मुक्त हैं। ग्रामीण अपने स्तर से अपने मोहल्ले-टोलो की साफ सफाई करते हैं। उन्होंने बताया कि जल संचय के लिए अधिकांश घरों में सोकता गड्ढा का निर्माण किया गया है। वर्षा जल का संचय के लिए ग्रामीणों ने स्वयं के खर्च से दर्जनों छोटी-बड़ी तालाब का निर्माण किया।

# जेएसपी में धूमधाम से मना महिला दिवस

## महिलाओं के बिना समाज का प्रगति अधूरा : गुरदीप कौर

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जिंदल स्टील एंड पॉवर पतरातू में शनिवार को धूमधाम से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मानव संसाधन विभाग के देखरेख मे जिंदल क्लब व प्लांट में कार्यरत महिलाओं के मान-सम्मान, समाजिक और आर्थिक क्षेत्र में उनकी तरक्की के जश्न में विशेष कार्यक्रम किया। जिंदल महिला क्लब की अध्यक्ष गुरदीप कौर ने कहा कि महिलाएं समाज की मजबूत आधारशिला हैं। महिलाओं के बिना समाज की प्रगति अधूरी है। उन्होंने महिलाओं को आगे बढ़ने और हर क्षेत्र में अपनी क्षमता साबित करने के लिए प्रेरित किया। जिंदल फाउंडेशन की अध्यक्ष शालू जिंदल ने महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए कहा कि ह्यमहिला सशक्तिकरण केवल एक विचार नहीं, बल्कि समाज की उन्नति के लिए एक आवश्यक पहल है। महिलाओं को समान अवसर, शिक्षा और सम्मान मिलना चाहिए। ताकि वे अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ सकें। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रेरणादायक भाषण से सबों का मन मोह लिया। इस अवसर पर महिला कर्मचारियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कहा गया कि इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को प्रेरित करना और उनके योगदान को पहचान दिलाना है। कार्यक्रम में प्लांट में कार्यरत महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## स्पीड न्यूज

### समाज को आगे बढ़ाने में महिलाओं की भूमिका अहम : आरती सिंह



रामगढ़। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को भाजपा महिला मोर्चा ने ब्रह्मर्षि धर्मशाला में कार्यक्रम किया। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह, प्रदेश मंत्री व रामगढ़ जि प्रभारी नीलम चौधरी, प्रदेश नेत्री इलारानी पाठक, डॉ गीता सिन्हा मानकी, डॉ आरती दीप्ति, समाज सेवी पूनम सक्सेना, जिलामंत्री किरण सिंह मौजूद थी। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह ने कहा कि देश और समाज को आगे ले जाने में महिलाओं की अहम भूमिका है। कहा कि वर्तमान समय में हर क्षेत्र में महिलाएं देश का नाम रौशन कर रही हैं। केंद्र की भाजपा सरकार की महिला सशक्तिकरण योजनाओं का जिक्र करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस बार के बजट में महिलाओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए है।कहा कि लखपति दीदी योजना देश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। कहा कि मुद्रा योजना के द्वारा भी सरकार देश की महिलाओं की आर्थिक स्थिति को सुधारने के दिशा में कार्य कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा देश की महिलाओं को सम्मान देने का कार्य किया है। जिसका उदाहरण द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनाना और रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाना है।

### स्वास्थ्य पर ध्यान दें महिला : डॉ गीता




**रामगढ़ ।** सेल रिफ्रेक्ट्रीज यूनिट इफिको तथा रांची रोड में शनिवार को विश्व महिला दिवस पर कार्यक्रम में डॉ गीता सिन्हा मानकी ने कहा कि आज के दौर में महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरूषों से कम नहीं हैं। एक दौर था जब महिलाएं घर की दहलीज से बाहर कदम नहीं निकालती थी। आज महिलाएं पुरुषों से कहीं अधिक कार्यशील हैं। जबकि उन्हें बाहरी कामकाज के बाद घरेलू कामकाज तथा परिवार की देखभाल की भी जिम्मेदारी निभानी पड़ती है। ऐसे में महिलाओं को अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। मौके पर महाप्रबंधक (अनुरक्षण) पीके गुप्ता, महाप्रबंधक (परियोजना) केशरीनंदन, महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासनिक) एके सिन्हा, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) यश श्रीवास्तव एसआरयू कर्मचारी प्रसेनजीत सिंह, प्राणदीप बक्शी,रूमा दास सहित संयंत्र के काफी संख्या में महिला पुरुष कामगार मौजूद थे।

### कायस्थ महासभा ने जताया शोक



रामगढ़। रामगढ़ सौदागर मुहल्ला निवासी स्वर्गीय उमाशंकर प्रसाद की धर्मपत्नी 94 वर्षीय नीलम देवी का शनिवार को 1:00 बजे निधन हो गया। उनके निधन पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा शोक संवेदना व्यक्त किया है। कहा कि उनके आकस्मिक निधन से कायस्थ समाज को अपूर्णीय क्षति हुई है। ईश्वर उनकी आत्मा को अपने चरणों में स्थान दे और परिजनों को दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करे । इस दुख की घड़ी में कायस्थ महासभा शोक संतप्त परिजनों के साथ है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में राष्ट्रीय मंत्री अमित कुमार सिन्हा, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शंभु प्रसाद, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिन्हा, वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा,कुंटू बाबू रणंजय कुमार आदि शामिल हैं।

### राजा केशरी को मिला स्वर्ण पदक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा गुरुद्वारा रोड निवासी सह महावीर होटल के संचालक महावीर केशरी एवं रीता देवी के पुत्र राजा केशरी ने शिक्षा के क्षेत्र में एक और उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्हें केंद्रीय विश्वविद्यालय राजस्थान से इंटीग्रेटेड एमएससी बीएड (गणित) सत्र 2020-2023 के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि प्रो. टीजी सीथाराम (अध्यक्ष एआईसीटीई) और विशिष्ट अतिथि डॉ. निलेश देसाई (निदेशक अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र इसरो अहमदाबाद) ने राजा केशरी को सम्मानित करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। राजा केशरी वर्तमान में बिहार सरकार में 11वीं-12वीं के सरकारी स्नातकोत्तर शिक्षक (बीवीएससी) के रूप में कार्यरत हैं। उनकी यह सफलता संघर्ष, मेहनत और समर्पण की मिसाल है, जो युवा पीढ़ी को प्रेरित करती है। यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और प्रयास सच्चे हों, तो सफलता निश्चित है। राजा की उपलब्धि पर पिता महावीर केशरी, माता रीता देवी, बहन सोनाक्षी व खुशी ने दी बधाई।

### उज्जवला फाउंडेशन में मना महिला दिवस



कुजू। हर महिला की सफलता समाज के लिए प्रेरणा बनती है। नारी कोमल है, लेकिन उसकी शक्ति अटूट है। नारी ही शक्ति है, नारी ही सृजन है, नारी के बिना ये जग अधूरा है। उक्त बातें उज्जवला फाउंडेशन के अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने कही। श्री प्रजापति शनिवार को बोंगावार स्थित मोतीराम कॉम्प्लेक्स में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर आयोजित कार्यक्रम में सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिला जो भी सपने देखती है, उसे पूरा करके इतिहास रचती है। महिलाएं आज के समय पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। कला से लेकर खेल, बिजनेस और साइंस से लेकर टेक्नोलॉजी तक हर क्षेत्र में महिलाएं कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। उन्होंने सभी सदस्यो को महिला दिवस की बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। इधर उन्होंने बताया कि आने वाले समय में महिलाओं पर होने वाला प्रताड़ना को लेकर भी उज्जवला फाउंडेशन द्वारा अभियान चलाया जायेगा।भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सह वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को देवी का स्वरूप माना गया है।

## एक नजर में

### महिलाओं को हर दिन मिले सम्मान : संजय



हजारीबाग। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दामोदर घाटी निगम द्वारा महिलाओं के सम्मान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की हजारीबाग सेवाकेंद्र की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी हर्षा दीदी और देवांगना सेवाकेंद्र की संचालिका तृप्ति दीदी उपस्थित थी। कार्यक्रम में कॉलोनी की महिलाओं को सम्मानित किया गया। दामोदर घाटी निगम के निर्देशक संजय कुमार, सहयोगी एस.के. शर्मा और राहुल कुमार भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। निर्देशक संजय कुमार ने ब्रह्माकुमारी बहनों को शॉल, बुके और मोमेंटो देकर सम्मानित किया और कहा कि महिला केवल एक दिन के सम्मान की हकदार नहीं, बल्कि वह हर दिन सम्मान की अधिकारी हैं। वह सृजन की शक्ति है, जो समाज की दशा और दिशा बदलने की क्षमता रखती है। एसके शर्मा ने कहा कि बिना नारी के सृष्टि की उत्पत्ति भी संभव नहीं होती। ब्रह्माकुमारी हर्षा दीदी ने कहा कि हर महिला को पहले स्वयं का सम्मान करना सीखना चाहिए। जब हम खुद को स्व-सम्मान में रखते हैं, तो फिर किसी और के सम्मान या अपमान से प्रभावित नहीं होते। स्वतंत्रता का अर्थ उदंडता नहीं होना चाहिए। हमें अपनी सभ्यता, संस्कृति और कर्तव्यों की स्मृति रखनी होगी। उन्होंने महिलाओं को समाज की धुरी बताते हुए उन्हें अपनी गरिमा बनाए रखने और आत्म-सम्मान को प्राथमिकता देने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं को प्रेरणादायक उपहार भेंट किए गए। इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि महिला केवल सम्मान की हकदार नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाली शक्ति भी है।

### अरुण साहू ने दी तिलेश्वर साहू को दी श्रद्धांजलि



बरही। तिलेश्वर साहू की पुण्यतिथि पर उनके पुत्र अरुण साहू ने श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके संघर्षों और बलिदानों को नमन किया। इस अवसर पर परिवार के सदस्यों, समाजसेवियों, कार्यकर्ताओं और गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरूआत पूजा-अर्चना से हुई, जिसमें उनकी पत्नी साबी देवी, भाई मेघनाथ साहू और परिवार के अन्य सदस्य शामिल हुए। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए अरुण साहू ने कहा कि उनके पिता ने बिना किसी पद के समाजसेवा को अपना धर्म माना और सदैव गरीबों, किसानों व वंचितों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा, ₹मेरे पिता केवल हमारे परिवार के नहीं, बल्कि पूरे समाज के मार्गदर्शक थे। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर हम समाज में समानता और न्याय की स्थापना करेंगे।₹सभा में मौजूद वक्ताओं ने भी शहीद तिलेश्वर साहू के योगदान को याद करते हुए उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।इस अवसर पर कांग्रेस, भाजपा और विभिन्न संगठनों के नेताओं व समाजसेवियों ने भाग लिया। सभी ने एकजुट होकर शहीद तिलेश्वर साहू की विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया, जिससे समाज के वंचित वर्गों को उनका हक मिल सके।

### चचरो पार्क में नेहरू की प्रतिमा क्षतिग्रस्त



बरही। चचरो पार्क में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिससे स्थानीय लोगों और कांग्रेस कार्यकताओं में भारी आक्रोश है। प्रतिमा के सिर को तोड़कर अपमानजनक कृत्य किया गया, जिसे कांग्रेस नेताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला करार दिया है। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू अपने समर्थकों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रशासन से दोषियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा, ₹यह केवल नेहरू जी का नहीं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक विचारधारा का अपमान है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों को सजा दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।अरुण साहू ने इस घटना की जानकारी प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, जिला उपायुक्त और प्रशासन को देकर जांच और त्वरित कार्रवाई की मांग की। साथ ही, उन्होंने पार्क के जीर्णोद्धार और नेहरू जी की नई प्रतिमा स्थापित करने की अपील की।

### बीएम मेमोरियल स्कूल में मना महिला दिवस

**बड़कागांव।** बीएम मेमोरियल स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के निदेशक संदीप कुशवाहा की अध्यक्षता में हुए इस आयोजन में महिला शिक्षकों को बुके और टॉफी देकर सम्मानित किया गया। कुशवाहा ने कहा कि महिलाओं का सम्मान ही सशक्त समाज की पहचान है। उनके त्याग और बलिदान से ही यह संसार संचालित होता है।वहीं, महिला शिक्षिकाओं ने आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का संदेश देते हुए कहा कि महिलाएं किसी से कम नहीं हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को भी आगे आने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा, प्राचार्य कैलाश कुमार, उप प्राचार्य पूनम कुमारी सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक, शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने महिला सशक्तिकरण का संकल्प लिया और महिलाओं की भूमिका को सराहा।

### विधायक ने किया पुल का शिलान्यास

विष्णुगढ़।बराई गांव में बड़की बांध पर बगोदर विधायक नागेंद्र महतो ने पुल का किया शिलान्यास। यह पुल जिला योजना अनाबद्ध निधि के तहत 53 लाख रुपये की लागत से बनाई जाएगी। विधायक ने कहा कि सड़क और पुल-पुलिया किसी भी क्षेत्र के विकास की पहली कड़ी हैं, जिससे आवागमन सुगम होगा। उन्होंने काली मंदिर से बांध तक पक्की सड़क निर्माण का भी आश्वासन दिया।

### बड़कागांव में 15 महिलाएं हुयीं सम्मानित



**बड़कागांव।** बड़कागांव के जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय सभागार में अंबा सखी सहकारिता समिति के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मना। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने की, जबकि संचालन संगीता देवी ने किया। इस कार्यक्रम में केरेडारी, बड़कागांव और पतरातू प्रखंड की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया और महिला एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान बड़कागांव प्रखंड की 15 महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इन्हें सम्मानस्वरूप सिलाई मशीनें प्रदान की गईं। सम्मानित महिलाओं में आकांक्षा कुमारी भी शामिल थीं, जिनके पिता अशोक कुमार, जो पीएम श्री बड़कागांव के प्रधानाध्यापक हैं, ने पुरस्कार स्वरूप मिली सिलाई मशीन को स्कूली बच्चों के लिए दान कर दिया। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि अंबा सखी सहकारिता समिति के तहत शक्ति कोड जारी किया गया है, जिससे महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाएगा। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, चंदर साव, सुनीता देवी, कविता देवी सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं।

स्पीड न्यूज

## चलाया गया महिला जागरूकता अभियान

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को जागरूकता अभियान तो कानून की जानकारी दिया गया।जल सहिया के द्वारा ब्लॉक मोड़ से जागरूकता अभियान मुखिया निर्मला देवी के नेतृत्व में निकालकर मुख्य चौक पहुंचा। इस दौरान बापू न दिया संदेश, स्वच्छ रखो भारत देश,हम सभी ने ठाना है,देश को स्वच्छ बनाना है समेत कई नारे लगा रहे थे। वहीं विधिक सेवा प्राधिकार के तहत पहरा पंचायत के किरकिरा आंगनबाड़ी केंद्र में पीएलभी प्रेरणा दास ने कानूनी सहायता जागरूकता अभियान चलाते हुए यौन उत्पीड़न,शारीरिक उत्पीड़न, मानसिक उत्पीड़न, दहेज प्रथा, शिक्षा व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, डायन प्रथा,बाल विवाह समेत कानून की जानकारी दिया।

## रविवार को भी जमा कर सकते हैं होल्डिंग टैक्स : नगर प्रशासक

**कोडरमा।** नगर पंचायत के नगर प्रशासक शंभु प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि चालू वितीय वर्ष के बकाया होल्डिंग टैक्स जमा करने की प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाया गया है। अब जन सुविधा केंद्र रविवार को भी खुला रहेगा। वहीं उन्होंने क्षेत्र के गृहस्वामियों से अपील करते हुए कहा कि आपलोगों की सुविधा के लिए रविवार को भी जन सुविधा केंद्र खोला जा रहा है, ऐसे में जिन लोगों का होल्डिंग टैक्स बकाया है वे रविवार को छुट्टी के दिन भी जमा कर सकते हैं। इसके अलावे जल कर और नगरपालिका व्यापार अनुज्ञप्ति शुल्क भी समय पर जमा करें, वितीय वर्ष समाप्ति की ओर है, ऐसे में 31 मार्च के पहले सभी प्रकार के टैक्स को निर्धारित समय सीमा के अंदर जमा करें और जुर्माने से बचें।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय देवीपुर के समीप शनिवार की दोपहर सड़क किनारे स्थित एक पेड़ से एक बाइक सवार की टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घायल की पहचान मिर्जागंज निवासी राजू साव पिता दशरथ साव के रूप में की गई। वहीं दुर्घटना की सूचना मरकच्चो पुलिस को दी गयी एवं सूचना मिलने पर एएसआई एमएम शर्मा घटना स्थल पर पहुंच कर स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## कार व मोटरसाइकिल की टक्कर में दो युवक घायल

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत समाहरणालय के समीप कार एवं मोटरसाइकिल की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घायलों की पहचान राजा तालाब सहाना रोड निवासी 21 वर्षीय रविकांत कुमार पिता लक्ष्मी राम और 26 वर्षीय सानू कुमार पिता संतू राम के रूप में हुई है। घटना के बाद आसपास के लोगों के द्वारा दोनों युवकों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां एक की हालत गंभीर बतायी जा रही है।

## रेलवे ओवर ब्रिज पर अनियंत्रित होकर पलटी हाइवा, बड़ी दुर्घटना टली

**कोडरमा।** इन दिनों सड़क हादसों के लिए विख्यात होता जा रहा है। आए दिन यहां सड़क हादसे होते जा रहे हैं। ऐसा कोई दिन नहीं गुजरता, जिस दिन जिले के किसी हिस्से में सड़क दुर्घटना न हो। ताजा मामला तिलैया थाना क्षेत्र के एनएच 20 का है, जहां रामगढ़ से झुमरीतिलैया आ रही एक हाइवा झुमरीतिलैया बाईपास के रेलवे ओवर ब्रिज पर अनियन्त्रित होकर पलट गई। जिसमें हाइवा चालक को हल्की चोटें आई। वहीं घटना को लेकर चालक संजय पटेल सोनभद्र, उत्तर प्रदेश निवासी ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश यूपी64बीटी 8193 को रामगढ़ से झुमरीतिलैया किसी निजी फैक्ट्री से कोयले के डस्ट लोड करने जा रहा था।

### कुल दस करोड़ अठत्तर लाख अड़तालीस हजार एक सौ तेईस रूपये की गयी राजस्व वसूली

# राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 8897 वादों निष्पादन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधान जिला जज बाल कृष्ण तिवारी ने कहा कि लोक अदालत शीघ्र, सस्ता एवं सुलभ न्याय पाने का सशक्त माध्यम है। इसके माध्यम से जहां एक ओर लोगों का समय एवं पैसो की बचत होती है, वहीं लोगों को त्वरित न्याय भी मिल पाता है। वहीं उन्होंने सभी विभाग के पदाधिकारियों से अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन में सहयोग करने की अपील की। वहीं उन्होंने कहा कि लोक अदालत की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। वादों के निष्पादन के दृष्टिकोण से कोडरमा का ग्राफ काफी ऊंचा है। इसके लिए यहां के सभी न्यायिक पदाधिकारी बधाई के पात्र है। राष्ट्रीय लोक अदालत में 8 बेंचो का गठन किया गया। बेंच संख्या एक में जिला जज प्रथम गुलाम हैदर, अधिवक्ता सुधीर कुमार सिन्हा, बेंच संख्या दो में जिला जज द्वितीय संजय कुमार चौधरी, अधिवक्ता संजय कुमार सिंह, बेंच संख्या तीन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार वैश, अधिवक्ता जयगोपाल शर्मा, बेंच संख्या चार में अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, अधिवक्ता टीनू कुमारी, बेंच संख्या पांच में अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी कंचन टोप्पो, अधिवक्ता रीना कुमारी, बेंच संख्या छह में स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष आरके. तिवारी, सदस्य ममता सिंह, सदस्य कुमारी अनुपमा, बेंच संख्या सात में जिला नीलामपत्र पदाधिकारी व अधिवक्ता रीतम कुमारी एवं बेंच संख्या आठ में जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष अभय कुमार सिन्हा, सदस्य शिल्पी चटर्जी व अधिवक्ता किर्ती कुमारी ने मामले की सुनवाई की। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल आठ बेंचो के माध्यम से कुल 8897 वादों का निष्पादन किया गया। जिसमे लंबित वादों की संख्या 1497 तथा प्री-लिटिगेशन के 7400 मामले (बैंक ऋण व अन्य) शामिल है, जबकि विभिन्न विभागों से कुल 10,78,48,123 (दस करोड़ अठत्तर लाख अड़तालीस हजार एक सौ तेईस) राजस्व की वसूली की गई। मौके पर मुंसिफ मिथिलेश कुमार, ज्योत्सना पाण्डेय, निवास कुमार, सियाराम यादव, वन विभाग, उत्पाद विभाग, विधुत विभाग के पदाधिकारी एवं विभिन्न बैंकों के अधिकारी-कर्मचारी सहित भारी संख्या में अधिवक्ता, न्यायालयकर्मी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि व पक्षकार मौजूद थे।

एक नजर में

## होली और रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक हुई



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी (चतरा)।** शनिवार को इटखोरी थाना परिसर में होली और रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीएसपी अमिता लकड़ा ने की। इसमें प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न समुदायों के लोगों ने भाग लिया। बैठक में डीएसपी ने कहा कि होली के दौरान कोई भी परेशानी हो तो लोग 112 नंबर डायल कर पुलिस की मदद ले सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि होली में शांति बनाए रखने के लिए हुड़दंग करने वालों और शराब कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, डीजे बजाने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। बैठक में मौजूद जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि भरत साव ने सुझाव दिया कि 18 साल से कम उम्र के बच्चों को गलत गतिविधियों में शामिल न होने दिया जाए और जरूरत पड़ने पर उनके अभिभावकों को समझाया जाए। बैठक में सभी समुदायों से मिल-जुलकर और शांति से त्योहार मनाने की अपील की गई। अंत में सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर मौके पर मकसूद आलम, आजसू प्रखंड अध्यक्ष बिरजु राणा, राजेंद्र बैठा, राजकुमार रजक, प्रमोद कुमार, मुखिया रंजय भारती, रामदेव यादव, विकास सिंह, पंचायत समिति सदस्य रेणुका कुमारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### सृजन महिला विकास मंच ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

# महिलाओं के बिना हर उत्सव और दिवस अधूरा है : डॉ नीरा

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सृजन महिला विकास मंच के द्वारा स्थानीय वसुंधरा गार्डन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन मुख्य अतिथि कोडरमा विधायक डॉ.नीरा यादव, मंच की सचिव नरगिस व अन्य आगंतुक अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं और किशोरियों को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विधायक डॉ.नीरा यादव ने कहा कि महिलाओं के बिना कोई भी उत्सव और दिवस अधूरा है। वहीं उन्होंने कहा कि आज की नारी शक्ति किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नही है, बल्कि कंधे से कंधा मिला कर देश और समाज की उन्नति, खुशहाली और समृद्धि के लिए अपना योगदान दे रही है, उन्होंने सृजन महिला विकास मंच के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मंच की सचिव नारी सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयासरत है, महिलाओं और किशोरियों का सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही हैं। वहीं जीप उपाध्यक्ष निर्मला देवी ने कहा कि आज की नारी अबला नही बल्कि सबला है, अपने हक और अधिकार के लिए जागरूक हो रही है, यह अच्छी बात है कि मंच में भरपूर सहयोग कर रही है। वहीं अधिवक्ता सुमन जयसवाल ने महिला अधिकार के बाबत विस्तृत जानकारी दिया। इसके पूर्व मंच की सचिव नरगिस ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला, उन्होंने कहा कि उनकी संस्था महिलाओं और किशोरियों के हक, अधिकार के लिए कार्य कर रही है। वहीं संस्था के माध्यम से किशोरियों व बच्चियों को शिक्षा, खेलकूद और स्वरोजगार के क्षेत्र में हर सम्भव मदद कर रही है। कार्यक्रम के दौरान महिला स्वयं सहायता समूह को खेती से सम्बंधित उपकरण का वितरण किया गया। इस दौरान किशोरियों के द्वारा महिला शिक्षा, अधिकार और अंधविश्वास आदि पर एक से बढ़कर एक नाटक प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। मौके पर बाल कल्याण समिति की डोली प्रधान, जीप सदस्य शांति प्रिया, प्रियंका कुमारी, रौशनी कुमारी, बेबी कुमारी, कंचन कुमारी, विमला देवी, अनिता कुमारी, प्रिया कुमारी आदि मौजूद थे।

## जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हैंड इन हैंड इंडिया द्वारा डोमचांच प्रखंड के ढाब पंचायत भवन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य शांतिप्रिया, हैंड इन हैंड इंडिया के डीजीएम रवि रंजन, ढाब थाना एएसआई किशोर घोष आदि मुख्य रूप से मौजूद थे। वहीं रवि रंजन ने बताया कि महिलाएं सर्वत्र पूजनीय है, शक्ति के लिए दुर्गा, धन के लिए लक्ष्मी और विद्या के लिए सरस्वती की पूजा की जाती है। इस प्रकार सभी शक्तियां महिलाओं में निहित है, महिलाओं को बस जरूरत है, अपनी शक्तियों को पहचानने की। वहीं उन्होंने उपस्थित सभी महिलाओं को विशेष तौर पर साइबर ठगी एवं साइबर अपराधियों से सुरक्षित रहने का आह्वान किया।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई





खबर मन्त्र संवाददाता

**कुंदा(चतरा)।** शनिवार को जिला जल एवं स्वच्छता समिति छत्र के तत्वाधान में बैनर तले अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर महिलाएं निकला जागरूकता रैली कुंदा प्रखंड मुख्यालय समेत विभिन्न टोला मोहल्ला में ले जाया गया और महिलाओं का अधिकार और सशक्तिकरण पर चर्चा कर जागरूक किया गया। साथ ही जेएसएलपीएस महिलाओं समूह के द्वारा बाजार टांड़ कुंदा में कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में महिलाओं के अधिकार से शक्तिकरण पर चर्चा की गई। और समूह की सदस्यों अपने अनुभव और चुनौतियों के बारे में बात की उन्होंने महिलाओं को सशक्तिकरण और समाज उनकी भूमिका पर जोर दिया।

इस अवसर पर जेएसएलपीएस बीपीएम सत्येंद्र ने कहा कि महिलाओं समाज की रीड है उनका सहयोग सशक्तिकरण समाज का विकास के लिए आवश्यक है कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित हुई।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मना

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आइक्यूएसी के अंतर्गत महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। मौके पर सौरभ शर्मा, डॉ. मनीष कुमार पासवान, मनीष कुमार सिन्हा, खुशबू कुमारी सिन्हा, सीताराम यादव, चुन्नु कुमार सहित विवेक कुमार एवं ओंकार कुमार आदि उपस्थित थे।

## महिलाएं हर दिन समाज के विकास में योगदान देती है : राहुल घोष

खबर मन्त्र संवाददाता





**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूम-धाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत देश की उन महिलाओं को याद कर मनाया गया जिन्होंने अपने क्षेत्र में सफलता प्राप्त की है। वहीं विद्यालय के प्रिंसिपल राहुल घोष ने सभी विद्यालय की महिला शिक्षक, स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा की महिला दिवस हर दिन मनाया जाना चाहिए, क्योंकि महिलाएं हर दिन समाज के विकास में योगदान देती हैं, यह पंक्ति नारी के अद्वितीय महत्व और शक्ति को दर्शाती है। इतिहास गवाह है कि महिलाओं ने अपने साहस और संघर्ष के साथ बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना किया और मुश्किल परिस्थितियों में भी अपने आत्मविश्वास से असंभव को संभव कर दिखाया। हर साल महिलाओं के अधिकारों, समानता और उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में मनाया गया महिला दिवस

**कोडरमा।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर निर्देशिका संगीता शर्मा और प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। वहीं निर्देशिका संगीता शर्मा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के संघर्ष, उपलब्धियों और समाज में उनके योगदान को सम्मान देने का अवसर है।

## पलाश मार्ट में हर्बल गुलाल बिक्री सह प्रदर्शनी केंद्र का शुभारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** होली के अवसर पर 8 मार्च को पलाश जेएसएलपीएस द्वारा संचालित पलाश मार्ट में हर्बल गुलाल बिक्री सह प्रदर्शनी केंद्र का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन उप विकास आयुक्त, चतरा द्वारा किया गया। यह प्रदर्शनी सह बिक्री केंद्र 8 मार्च से 13 मार्च 2025 तक जारी रहेगा। यह हर्बल गुलाल सखी मंडल की महिलाओं द्वारा तैयार किया गया है। इसे अरारोट, पालक, चुकंदर, गेंदा फूल, हल्दी और पलाश फूल जैसी प्राकृतिक सामग्रियों से बनाया गया है, जिससे यह त्वचा के लिए पूरी तरह सुरक्षित है। विभिन्न रंगों में उपलब्ध यह गुलाल होली के त्योहार को रंगीन और सुरक्षित बनाएगा। हर्बल गुलाल की बिक्री पलाश मार्ट के अलावा जेएसएलपीएस के सभी प्रखंड कार्यालयों के निकट होगी। इसके अलावा, यहां ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित अन्य उत्पाद भी उपलब्ध हैं, जैसे रागी से बने नमकीन, मिठाई, केक, ब्रेड आदि। इस मौके पर जिला सूचना पदाधिकारी, चतरा दौलत कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, चतरा शकील अहमद, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, पलाश गौरव जयसवाल, जिला प्रबंधन नागेश्वर कुमार मौजूद थे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला जागरूकता शिविर का आयोजन





खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत पंचायत बारीसाखी मायाडीह गांव में प्रधान जिला जज एवम् सत्र न्यायधीस सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव महोदय तरकेश्व दास के तत्वाधान मे शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अधिकार मित्र पवन कुमार के द्वारा महिला जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे उपस्थित महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। अधिकार मित्र ने बताया कि रूस मे 1917 की क्रांति के दौरान महिलाओं ने बड़ी संख्या में प्रदर्शन किया, उन्होंने युद्ध के खिलाफ आवाज उठाई , और बेहतर अधिकारों की माँग की। महिलाओं के इस आंदोलन ने वहाँ कि सरकार को झुकने पर मजबूर कर किया और उन्हें वोटिंग का अधिकार मिला यह प्रदर्शन 8 मार्च को हुआ था, इसलिए इस तारीख को महिला दिवस के रूप मे मनाया जाता है। साथ ही साथ यह भी बताया गया कि यह दिन महिलाओं के सम्मान, उनके योगदान, उनकी उपलब्धिओ और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का उद्देश्य, समाज में महिलाओं को बराबरी का हक दिलाना।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मना

खबर मन्त्र संवाददाता



**हंटरगंज (चतरा)।** राम नारायण मेमोरियल (आर.एन.एन.) कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के बैनर तले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. फहीम अहमद ने किया, जबकि कॉलेज के प्राचार्य प्रो. जैनेंद्र कुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत रूप से की गई, जिसके बाद स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से ऑनलाइन मोड में एनएसएस की विशेषताओं और महत्व को समझाया गया। इस अवसर पर एनएसएस की स्वयंसेविका शौर्या कुमारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुरुआत अमेरिका और रूस से हुई थी, जो आज पूरी दुनिया में महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि महिलाएं अब केवल घर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि विज्ञान, खेल, शिक्षा, राजनीति, न्यायपालिका, सेना और अंतरिक्ष तक अपनी काबिलियत साबित कर चुकी हैं। उन्होंने कहा, महिलाएं अब अबला नहीं, बल्कि सबला हैं, लेकिन उन्हें अभी भी बराबरी के लिए संघर्ष करना होगा। शौर्या कुमारी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि महिलाओं को कमजोर समझने की मानसिकता को बदलने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार महिलाओं का शोषण करने में खुद महिलाएं ही अहम भूमिका निभाती हैं, इसलिए महिलाओं को ही एक-दूसरे के सम्मान और अधिकारों के लिए आगे आना होगा। वहीं, मनमीत कौर ने महिला दिवस की स्थापना और उसके ऐतिहासिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. जैनेंद्र कुमार सिंह, सुहाना प्रवीण, कुसुम कली और प्रिय कुमारी ने भी महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार साझा किए और समाज में महिलाओं की भागीदारी को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस आयोजन को सफल बनाने में ऋतुराज, अमित कुमार, मनीष यादव, मो. हसन, अलका कुमारी, अनु कुमारी, कुमकुम, जितनी सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## डीलर और लाभुकों के बीच कार्यशाला का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जॉन कुमार मराडी के नेतृत्व में डीलर व लाभुकों के बीच एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।कार्यशाला में उपस्थित डीलरो को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने डीलरो को खाद्यान्न वितरण में हो रही समस्याओं की जानकारी जुटाई।डीलरो ने ई पौष महीन में नेटवर्क की समस्या,विकलांग लाभुक व 60 वर्ष वाले लाभुक का ई केवाईसी नहीं होने की जानकारी दिया। वहीं कार्यशाला में उपस्थित लाभुकों को प्रत्येक माह खाद्यान्न उठाव करने की बात कही।साथ ही पीडीएस दुकान बेहतर संचालन करने के साथ साथ राशनकार्ड धारियों के साथ भी व्यवहार कुशल रखने की बात कही।बैठक में डीलर संतोष सिंह,कृष्णा पासवान,ऋतुराज दांगी,शारदा देवी,दासो उरांव, नेमु साव समेत लाभुक मौजूद थे।

# चबूतरा मरम्मत कर बताया नव निर्मित चबूतरा, ग्रामीणों ने की जांच की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**हंटरगंज/चतरा।** विकास कार्य के आड़ में सरकारी पैसों की कैसे हेराफेरी की जाती है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण चतरा जिले के हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के तिलहेत पंचायत के एकतारा में कराया गया चबूतरा निर्माण है संवेदक ने चबूतरा निर्माण की आड़ में विधायक मद का जमकर दुरुपयोग किया है। जिसके विरोध में ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने जमकर विरोध प्रदर्शन किया है वही उपायुक्त को ज्ञापन सौंप संवेदक द्वारा कराए गए चबूतरा निर्माण कार्य की जांच की मांग की है। गौरतलब है कि ग्राम एकतारा निर्माण कार्य की आड़ में सरकारी राशि का दुरुपयोग करने के मामले में इन दिनों सुर्खियों में है। संवेदक द्वारा गांव में कराए जाने वाले निर्माण कार्य की आड़ में जमकर घोटाला किया गया है। जिसके विरोध में ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने संवेदक और अधिकारियों के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि विकास कार्य के नाम पर वित्तीय वर्ष 2024- 2025 विधायक मद से आया चबूतरे की राशि 150000 रुपया गबन कर लिया गया है और सिर्फ चबूतरे की मरम्मती ही की गई।अधिकारियों से सांठगांठ कर संवेदक ने कागजों में चबूतरे का नवनिर्माण कर दिया है लेकिन धरातल पर कुछ और ही है । संवेदक ने जिस दमदारी से चबूतरा निर्माण की आड़ में सरकारी पैसों की हेराफेरी की है। उसे देखते हुए ग्रामीणों ने भी संवेदक के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया दुरुपयोग कर विकास कार्य की आड़ में लाखों रुपए का घोटाला किया है। ग्रामीणों ने कहा कि चबूतरे राशि की घोटाले की इस मामले में अधिकारियों की सॅलिप्तता से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। निर्माण कार्य की आड़ में सरकारी राशि का बंदरबांट करने वाले संवेदक के विरुद्ध वार्ड सदस्य दिनेश कुमार समेत ग्रामीणों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। जिसमे उन्होंने संवेदक द्वारा किये गए चबूतरे में अनियमितता के बारे में उल्लेख करते हुए जाँच की मांग करते हुए नवनिर्मित चबूतरा बनाने की मांग की है । ताकि संवेदक एवं अधिकारियों की मिलीभगत से विकास कार्य की आड़ में किया गया घोटाला उजागर हो सके और ग्रामीणों को नवनिर्मित चबूतरा मिल सके। अब देखना होगा कि वरीय अधिकारी इसपर किया करवाई करते हैं।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



अयप्पा मंदिर जमशेदपुर के बिष्टुपुर इलाके में स्थित एक प्रसिद्ध हिन्दू मंदिर है, जो भगवान अयप्पा को समर्पित है। यह मंदिर खासतौर पर केरल शैली की वास्तुकला में बनाया गया है और इसे 1970 के दशक में जमशेदपुर में रहने वाले मलयाली समुदाय द्वारा स्थापित किया गया था। यह मंदिर खड़कई लिंक रोड, साउथ पार्क, बिस्टुपुर, जमशेदपुर में स्थित है और यहां आसानी से पहुंचा जा सकता है। मंदिर की बनावट केरल की पारंपरिक वास्तुकला के अनुसार की गई है। इसका मुख्य गर्भगृह लकड़ी से बना हुआ है और छत पर तांबे की परत चढ़ी हुई है।

# फ्लेम्स ऑफ चेंज : कॉरपोरेट जगत में मिसाल बनी टाटा स्टील की 23 साहसी फायर फाइटर्स

- कॉरपोरेट जगत में मिशाल बनी टाटा स्टील की 23 साहसी फायर फाइटर्स

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** फायरफाइटिंग को हमेशा से एक पुरुष प्रधान पेशा माना गया है, जहां ताकत, धैर्य और हिम्मत की कसौटी पर पुरुषों का वर्चस्व रहा है। लेकिन अब यह धारणा बदल रही है। 23 साहसी महिला फायरफाइटर्स ने न केवल इस चुनौतीपूर्ण पेशे में अपनी जगह बनाई है, बल्कि यह साबित किया है कि जज्बा, हौसला और कुशलता किसी एक लिंग तक सीमित नहीं होते। आज, जब संगठन विविधता और समावेशन को बढ़ावा दे रहे हैं, ये महिलाएं न सिर्फ अपने दल में अहम भूमिका निभा रही हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनकर उभर रही हैं।

अपने कई ऐतिहासिक पहलुओं में से एक, 7 सितंबर 2023 को टाटा स्टील ने 23 प्रतिभाशाली महिला उम्मीदवारों को टाटा स्टील फायर सर्विसेज में शामिल किया, जिससे भारत के इस्पात उद्योग में पहली बार एक पूरी महिला फायरफाइटर्स टीम बनी। ह्यफ्लेम्स ऑफ चेंजह्ल नामक इस पहल ने इस महत्वपूर्ण पेशे में लैंगिक समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण बदलाव की नींव रखी है।

टाटा स्टील अपने डी ई आई (विविधता, समानता और समावेशन) लक्ष्यों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस यात्रा में यह महसूस किया गया कि एक विविध कार्यबल के लिए एक मजबूत और समावेशी समर्थन प्रणाली भी उतनी ही जरूरी है, खासकर आपातकालीन परिस्थितियों में। ऐसे में, यह अनिवार्य हो गया कि हमारी फायर ब्रिगेड जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं को न केवल उपयुक्त संसाधनों से सशक्त बनाया जाए, बल्कि उन्हें नई ऊर्जा और व्यापक प्रतिनिधित्व भी दिया जाए, ताकि हर चुनौती का सामना पूरी दक्षता और तत्परता से किया जा सके।

टाटा स्टील के इन प्रशिक्षुओं ने फायर एंड सिक्योरिटी ट्रेनिंग सेंटर में गहन इन-हाउस प्रशिक्षण प्राप्त किया। सैद्धांतिक शिक्षा को व्यावहारिक अनुभव के साथ जोड़कर एक समग्र सीखने का माहौल तैयार किया गया साथ ही आधुनिक फायरफाइटिंग तकनीकों में दक्षता हासिल करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए, उन्होंने भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण (अअक) के सहयोग से 16 सप्ताह का बाहरी प्रमाणन पाठ्यक्रम भी सफलतापूर्वक पूरा किया।

पुरुष अग्निशामकों को कार्यस्थल पर इस सांस्कृतिक बदलाव के अनुरूप ढालने में मदद करने के लिए, हमने एक संवेदनशीलता अभियान शुरू किया। साथ ही, कुछ प्रशिक्षुओं में इस भूमिका को निभाने को लेकर जो झिझक थी, उसे दूर करने का तरीका खोजना जरूरी था। इसी उद्देश्य से, हमने भारत की पहली महिला अग्निशामक, हरशिनी कान्हेकर (ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन) को आमंत्रित किया, ताकि वे प्रशिक्षुओं को प्रेरित कर उनकी चिंताओं का समाधान कर सकें।

## स्पीड न्यूज



### 10 मार्च को निकलेगी श्री श्याम निशान यात्रा

**जमशेदपुर।** युवाओं में धर्म के प्रति सकारात्मक सोच की उदय हेतु सतत प्रयासरत नगर के धार्मिक एवं सामाजिक संगठन श्री श्याम बाल मंडल अन्तर्गत श्री श्याम रात्रि निशान यात्रा समिति के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी 10 मार्च को विशाल रात्रि निशान यात्रा निकाली जायेगी। यह जानकारी समिति के अनिल मोदी, बिमल अग्रवाल, अनिल खण्डेलवाल एवं अन्य ने बिष्टुपुर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में दी।

**इन रास्तों से गुजरेगी यात्रा :** यात्रा साकची शिव मंदिर से पलंग मार्केट, बसंत टॉकीज चौक, साकची थाना रोड, गरमनाला रोड, बिष्टुपुर पोस्ट ऑफिस, डायगनल रोड, जुगसलाई थाना रोड, जुगसलाई फाटक, चौक बाजार होते हुए बैकुंठ धाम मंदिर पहुंचेगी। रास्ते में विभिन्न सामाजिक संस्था भक्तों का स्वागत करेंगे।

### मोतीलाल स्कूल में भव्य संगीतमय संध्या संपन्न

**जमशेदपुर।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक उत्सव गूंज के अंतर्गत एक भव्य संगीतमय संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के शिक्षा जगत के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने सम्मिलित होकर सुरों और उत्सव का आनंद लिया। इस भव्य कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य/ प्राचार्या, स्कूल प्रबंधन समिति के सम्माननीय सदस्य, शिक्षकगण एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस विशेष संध्या में जमशेदपुर के प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मौके पर मुख्य अतिथि विद्यालय के मानद सचिव डॉ डीपी शुक्ला, अध्यक्ष अखिलेश कुमार दुबे, प्रधानाचार्या संगीता सिंह तथा प्रबंधन समिति के अन्य सदस्य थे।
यह संगीतमय संध्या न केवल सुरों का उत्सव थी, बल्कि जमशेदपुर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के बीच सौहार्द और मैत्री संबंधों को और प्रगाढ़ करने का एक सशक्त मंच भी साबित हुई।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# आदिवासियों की संस्कृति को संरक्षित करने को सरकार प्रतिबद्ध : हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री ने कदमा में आयोजित प्रकृति उपासना का महापर्व 'बाहा पर्व' में सप्त्नीक हुए शामिल
- सोरेन दंपत्ति ने पारंपरिक विधि-विधान से की पूजा-अर्चना
- राज्यवासियों की सुख, समृद्धि, उन्नति और कल्याण की कामना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




कदमा में जाहेरथान में आयोजित बाहा परब में भाग लेते सीएम हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी विधायक कल्पना सोरेन यूं दिखे आत्मीय और कदमा जाहेरथान में पूजा करते सीएम हेमंत सोरेन और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कल्पना सोरेन।

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज प्रकृति उपासना का महापर्व 'बाहा पर्व' पर जमशेदपुर, कदमा के शास्त्रीनगर स्थित सरना पूजा स्थल जाहेरथान में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख, समृद्धि, उन्नति और कल्याण की कामना की। मौके पर मुख्यमंत्री ने गुरु गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आदिवासी समाज को सशक्त बनाने हेतु सरकार प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है। आर्थिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, और सामाजिक संरक्षण के साथ - साथ बहुआयामी दृष्टिकोण पर आधारित मजबूती प्रदान की जा रही है। आज आदिवासी समाज को एकजुट होने की आवश्यकता है। आदिवासी सभ्यता व संस्कृति झारखंड की पहचान है। आदिवासी समाज ही प्रकृति के असली संरक्षक हैं।

मौके पर मंत्री रामदास सोरेन, सांसद जोबा मांझी, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक मंगल कालिंदी, विधायक संजीव सरदार, विधायक सविता महतो, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के अलावे आदिवासी संथाल जाहेरथान समिति के संरक्षक लक्ष्मण टुडू, अध्यक्ष भुवा हांसदा, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम कासके, सचिव पंचू हांसदा, महासचिव भीम के अलावे माझी बाबा बिन्दे सोरेन, सुरेंद्र टुडू एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## महिलाओं को अपना इतिहास खुद लिखना होगा : डॉ कविता परमार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

सोना देवी विवि



**जमशेदपुर।** सोना देवी विश्वविद्यालय घाटशिला के सभागार में आज अंतरर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के सम्मान में कार्यशाला का आयोजन किया गया राष्ट्र के विकास में महिलाओं की भूमिका-विषय पर आयोजित इस सेमिनार में समाजसेवी डॉ कविता परमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। डॉ कविता परमार ने महिलाओं को पहले से मिल चुके अधिकारों पर चर्चा से शुरूआत की। उन्होंने आगे कहा कि भारत देश में महिलाओं की स्थिति दाता के रूप में रही है। जब महिलाओं के दाता स्वरूप में बदलाव आता है तब स्थिति चिंताजनक हो जाती है। डॉ कविता परमार ने कहा कि देश को महिलाओं की जरूरत है। उन्हें आगे आकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। महिलाओं को अपना इतिहास स्वयं लिखना होगा। महिलाएं जब वास्तविक रूप से शिक्षित होंगी जागरूक बनेंगी तभी देश आगे बढ़ेगा।

## टाटा स्टील यूआइएसएल ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

- 250 से अधिक महिलाओं ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (ळंइं रइीी' वक्रछ) ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के योगदान को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में टग ऑफ वॉर, थ्री-लेग्ड रेस और डंब चैरड्स जैसी रोचक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें प्रतिभागियों ने अपनी जोश और खेल भावना का प्रदर्शन किया। विजेताओं को उनके उत्साह और प्रतिस्पर्धात्मक भावना के लिए सम्मानित किया गया।

इस समारोह में टाटा स्टील UISL के मैनेजिंग डायरेक्टर रितु राज सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, साथ ही जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडे भी उपस्थित रहे। उनकी मौजूदगी ने कार्यक्रम को और प्रेरणादायक बना दिया। टाटा स्टील यूआइएसएल, कालिंगनगर में एक विशेष केक-काटने का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसने महिलाओं के योगदान की सराहना और एकता का प्रतीक बना।

## नेशनल लोक अदालत में 2,49,799 केस सुलझे, 6,09,96,453 की राजस्व प्राप्ति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर सिविल कोर्ट में शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में रिकार्ड कुल 2,49,799 मामलों का निष्पादन किया गया। इस दौरान 6 करोड़ 9 लाख 96 हजार 453 रुपए की राजस्व की प्राप्ति हुई। मामलों के निष्पादन के लिए जमशेदपुर सिविल कोर्ट में न्यायिक पदाधिकारियों की 12 बेंच एवं घाटशिला अनुमंडल कोर्ट में कुल तीन बेंच का गठन किया गया था। नेशनल लोक अदालत में वाहन दुर्घटना, बीमा क्लेम से जुड़े एक मामले में ओरियंटल इंशयूरेंस कंपनी की ओर से पीड़ित पक्ष राज कुमार सिंह को 16 लाख 34 हजार 141 रुपए का चेक मुहैया कराया गया। उक्त चेक प्रधान जिला जज माननीय अनिल कुमार मिश्रा द्वारा उन्हें सौंपा गया। नेशनल लोक अदालत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा, कुटुम्ब न्यायालय के न्यायाधीश अजीत कुमार सिंह, स्टेट बार कौंसिल के वाईस प्रेसिडेंट राजेश शुक्ला, डालसा सचिव राजेन्द्र प्रसाद, जिला बार संघ के अध्यक्ष आर एन दास, जिला बार संघ के महासचिव राजेश रंजन आदि मौजूद थे।

## ब्लड मैन राजेश मार्डी ने किया 77वीं बार रक्तदान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- शहीद भोंजो सिंह बानरा को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर।** आदिवासी बहुउद्देशीय उत्थान सहकारी समिति लि० झारखंड और नई जिंदगी परिवार, जमशेदपुर के सौजन्य से मुसाबनी प्रखंड के राखा कॉलोनी स्थित मुगार्घुटू पंचायत भवन में कुल 40 युवाओं ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि कुचाई प्रखंड के बीडीओ साधु चरण देवगम ने सर्वप्रथम शहीद भोजों सिंह बानरा के चित्र पर माल्यार्पण कर इसका उद्घाटन किया गया। वीवीडीए के सहयोग से जमशेदपुर ब्लड सेंटर की टीम ने अनमोल रक्त संग्रह किया। ट्राइबल ब्लड मैन के नाम से मशहूर जमशेदपुर के राजेश मार्डी ने अपने जीवन में कुल 77वीं बार रक्तदान कर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक मिसाल बने हुए हैं।

## अरका जैन और सोना देवी विवि में धूमधाम से मना अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**खबर मन्त्र टीम**

**जमशेदपुर। लौहनगरी जमशेदपुर के विश्वविद्यालयों में आज धूमधाम से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। प्रस्तुत है इस अवसर पर आयोजित गतिविधियां :**

### स्वस्थ महिला ही एक सशक्त समाज की नींव रख सकती है : डॉ अमित श्रीवास्तव

- सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के प्रति छात्राओं को किया जागरूक




फोटो अरका जैन

जमशेदपुर। अरका जैन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ नर्सिंग, इंटरनल कंप्लायंस कमेटी और स्पोर्ट्स काउंसिल के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य, विशेष रूप से गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम और लड़कियों व महिलाओं के लिए पोषण एवं स्वस्थ आहार के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का आयोजन यूनिवर्सिटी के जेईएच ऑडिटोरियम, ब्लॉक आर्यभट्ट में आयोजित किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के प्रबुद्ध सदस्यों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं विशिष्ट अतिथियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन यूनिवर्सिटी के संयुक्त रजिस्ट्रार डॉ. जसबीर सिंह धंजल, रजिस्ट्रार डॉ. अमित श्रीवास्तव और डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. अंगद तिवारी समेत अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर डॉ. जसबीर धंजल ने कहा कि नारी शक्ति को सशक्त बनाना केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारा नैतिक कर्तव्य भी है।

रजिस्ट्रार डॉ. अमित श्रीवास्तव ने कहा कि स्वस्थ महिला ही एक सशक्त समाज की नींव रख सकती है। इस प्रकार के आयोजन महिलाओं की सेहत और पोषण से संबंधित आवश्यक जानकारियों को प्रसारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## एक नजर में

### चाईबासा में महिला दिवस पर कई कार्यक्रम



**चाईबासा/जमशेदपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-2025 के अवसर पर चाईबासा शहर स्थित कोल्हन विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में सिंहभूम सांसद जोबा माझी के नेतृत्व एवं चाईबासा जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन, जिला उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, अपर उपायुक्त प्रवीण केरकेट्टा, सदर चाईबासा अनुमंडल पदाधिकारी अर्नव मिश्रा सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी की मौजूदगी और जिला समाज कल्याण कार्यालय के जिला, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी/कर्मी एवं अन्य की उपस्थिति में जिला स्तरीय कार्यक्रम किया गया। समारोह में सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया तत्पश्चाप दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। खेल जगत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली रूपा रानी तिर्की को लॉन बॉल, चांदमुनी कुंकल को आर्चरी, माधुरी कुंकल को जूनियन नेशनल 2024, माधुरी कुंकल व मिली मछुवेन को 68 एसजीएफआई नेशनल गुजरात 2024, सरीना बिरुली को 68 एसजीएफआई नेशनल गुजरात 2024 और ज्योति मछुवेन को 68 एसजीएफआई नेशनल गुजरात 2024 में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए नारी शक्ति सम्मान प्रदान किया गया। सिंहभूम सांसद जोबा माझी के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उपस्थित सभी नारी शक्ति का अभिनंदन किया गया। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का यह दायित्व है कि वह विकास के क्रम में पीछे रह गए लोगों को आगे लाने में अपनी सार्थक भूमिका अदा करें।

### ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, जमशेदपुर 61 प्रतिशत वीमेंस वर्कफोर्स : धर्मा राव




**जमशेदपुर।** ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल ने 8 मार्च 2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम किया गया, जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य सेवा और समाज में योगदान के महत्व को उजागर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एक हर्षभरे केक कटिंग समारोह से हुई, जिसमें हॉस्पिटल के सभी कर्मचारियों ने भाग लिया और इस खास दिन को उल्लास और सौहार्द्र के साथ मनाया। इसके बाद, मानव संसाधन टीम ने अस्पताल की सभी महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया, उनकी कड़ी मेहनत और समुदाय को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में उनके योगदान की सराहना की। नर्सिंग अधीक्षक रूपा मिंज, डाइटिशियन प्रिया द्विवेदी, और एच आर शरण कौर ने कार्यस्थल पर महिलाओं की उपलब्धियों और उनके योगदान पर प्रकाश डाला, जिससे रोगी देखभाल और अस्पताल संचालन में सुधार हुआ है। उनके भाषणों में महिला नेतृत्व, उनकी दृढ़ता और एक स्वस्थ व समृद्ध समाज के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर भी चर्चा की गई। श्री ए. धर्मा राव, फैसिलिटी डायरेक्टर, ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल ने कहा, बीएनएच में लगभग 61 प्रतिशत कर्मचारी महिलाएं हैं, और हम ऐसा माहौल बना रहे हैं।

### श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजूकेशन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नुक्कड़ नाटक



**जमशेदपुर।** श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन में हर्षोल्लास के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियो ने नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया, जिसमें समाज मे महिलाओं की भूमिका, महिला सशक्तिकरण और स्त्री पुरुष समानता पर जोर दिया गया। इस वर्ष की थीम महिला सशक्तिकरण: शिक्षा और नेतृत्व की ओर पर आधारित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया साथ ही छात्र-छात्राओं के द्वारा रैली भी निकाली गई। इस मौके पर श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन के चेयरमेन श्री सुखदेव महतो ने महिलाओं की उपलब्धियों और चुनौतियों पर प्रकाश डाला और कहा कि शिक्षा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्रभारी प्राचार्या रचना रश्मि ने अपने उद्बोधन में कहा महिलाएं समाज की आधारशिला हैं।

### मिथिला सांस्कृतिक परिषद महिला शाखा ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**जमशेदपुर।** विश्व महिला दिवस पर मिथिला सांस्कृतिक परिषद द्वारा महिला शाखा की संयोजक माला चौधरी के नेतृत्व के कई कार्यक्रम का आयोजन परिषद भवन में किया गया। भगवान विद्यापति जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। समाज में उल्लेखनीय कार्य कर अपनी मुकाम हासिल करने वाली हस्तियों को सम्मानित कर उनके समाज के प्रति योगदान को नमन किया गया। जिसमें पूर्णिमा साहू विधायक,डॉक्टर रंजू झा शामिल हुई। समाज के सहयोग से समाज की महिलाओं को मुख्य धारा में लाने का प्रयाश किया जा रहा है। संयोजक माला चौधरी के अनुसार मिथिला परिषद में पहली बार महिला दिवस के अवसर पर आधी आबादी को सम्मान देने हेतू प्रयास किया जा रहा है। सरकार और समाज मिलकर नये भारत के निर्माण में सार्थक प्रयास किया जा सकता है। समाज की जरूरतमंद महिलाओं के लिए विधवा, वृद्धा, दिव्यांग के अलावा 70 साल के लोगों के लिए आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में महिलाओं ने अपना पंजीकरण कराया। विधायक पूर्णिमा साहू ने महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा अब तेजी से दुनिया बदल रही है इस बदलाव में नारी शक्ति का मुख्य स्थान होगा।

स्पीड न्यूज

### छात्रा के साथ छेड़खानी व मारपीट, मामला दर्ज

**चंदवा।** चंदवा में शनिवार को जैक बोर्ड की परीक्षा देने आई दसवीं की छात्रा के साथ छेड़खानी व मारपीट किए का मामला सामने आया है। मामला शहर के इंदिरा गांधी चौक के समीप दोपहर बाद करीब डेढ़ बजे के आसपास की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के चकला पंचायत अंतर्गत एक गांव की छात्रा खीस्त राजा विद्यालय में बोर्ड की परीक्षा देने आई थी, परीक्षा के क्रम में वह अपने बैग, मोबाइल व अन्य सामान को परीक्षा केंद्र के बाहर रखकर परीक्षा में बैठी थी। परीक्षा समाप्त होने के बाद जब वापस लौटी तो बैग से मोबाइल का गायब पाया। दूसरी सहेली से मोबाइल मांग कर संपर्क करने पर एक युवक फोन उठाकर छात्रा को इंदिरा गांधी चौक की ओर बुलाया, जहां मोबाइल मांगने पर उसके के साथ युवक के द्वारा छेड़खानी व मारपीट की गई। जिससे छात्रा घायल हो गई, स्थानीय लोगों की पहल पर छात्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। इधर घटना की सूचना के बाद चंदवा पुलिस की टीम भी अस्पताल पहुंची व छात्रा से मामले की जानकारी ली। मामले में पीड़िता के आवेदन के आधार पर चंदवा थाना में कांड संख्या 58/25 में रामकिशुन गंझु (अनगड़ा चंदवा) के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करते हुए आरोपी की धर पकड़ को लेकर अभियान तेज कर दिया गया है।

### जमीरा में झामुमो की बैठक में पंचायत कमिटि का हुआ गठन

**चंदवा।** झारखंड मुक्तिमोर्चा केन्द्रीय कमिटि के आदेश के आलोक में झामुमो जिला संयोजक मंडली प्रमुख लाल मोती नाथ शाहदेव के निर्देशानुसार शनिवार को प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत रक्सी गांव में झामुमो की बैठक संपन्न हुयी, उक्त बैठक पंचायत में झामुमो पंचायत कमिटि गठन को लेकर आहुत की गयी थी, जिसमें संयोजक मंडली सदस्य सितमोहन मुंडा, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझु, मो. नौशाद, ब्रह्मदेव प्रजापति, जतरू मुंडा की मौजूदगी में सर्वसम्मति से पंचायत कमेटी गठन किया गया। जिसमें सर्व समिति से पंचायत अध्यक्ष शंकर उरांव, सचिव बबलू प्रजापति, कोषाध्यक्ष चंद्रदीप कुमार उपाध्यक्ष जागेश्वर गंझू व रिमल उरांव को बनाया गया साथ ही 15 लोगो को सदस्य भी बनाया गया। बैठक के दौरान पंचायत में महिला मोर्चा का भी गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष सुषमा देवी, सचिव कविता देवी, कोषाध्यक्ष गायत्री देवी,उपाध्यक्ष पूनम देवी व देवंती देवी को बनाया गया। जिन्हे सीमतोहन मुंडा एवं अतिथियों ने नव निवाचित सभी पदधारियों को बधाई दिया व पार्टी के नीति व सिद्धांतो से अवगत कराया। इस मौके पर सीतमोहन मुंडा व अन्य अतिथि ने कहा कि राज्य में आज बड़ी तेजी से झारखंड मुक्ति मोर्चा का ग्राफ बढ़ा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में राज्य आज उन्नति की राह पर अग्रसर है।

### विश्वकर्मा समाज ने किया झारखंड के नगर विकास मंत्री का स्वागत

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के ग्रामीण बैंक के समीप स्थित पायल गेट ग्रिल दुकान के सामने दिन शनिवार को झारखंड के नगर विकास एवं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का आगमन हुआ,जहां पर झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के लातेहार जिला अध्यक्ष सिकंदर कुमार शर्मा के नेतृत्व में मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। बता दें की झारखंड सरकार के नगर विकास एवं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के बेतला इकाई के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे,इसी क्रम में उनका मनिका आगमन हुआ। मौके पर सचिव अरुण विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष पवन शर्मा, महासचिव मनोज विश्वकर्मा,संयोजक रविंद्र प्रसाद शर्मा, सदस्य राजू शर्मा, विरेंद्र शर्मा, नंदलाल शर्मा, नारद शर्मा समेत कई लोग उपस्थित थे।

# आईआरबी जवान पर मारपीट का आरोप, युवक रेफर

## घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश, थाना प्रभारी के नाम आवेदन देकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की

खबर मन्त्र संवाददाता



इलाजरत घायल युवक व मामले की जानकारी लेते इंस्पेक्टर

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बोदा ग्राम के समीप स्थित आईआरबी पिकेट में तैनात जवान के द्वारा शुक्रवार की देर शाम से पिकेट के समीप पहाड़ी पर घूमने गए युवकों के साथ मारपीट किए जाने का आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाया गया है। पिटाई से नसरुद्दीन अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना के बाद से ग्रामीणों में पिकेट के जवानों के व्यवहार के प्रति खासा आक्रोश देखा गया व ग्रामीणों ने पिकेट के बाहर पहुंच कर घटना के प्रति कड़ी आपत्ति जताई व घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल लाया, जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर नीलिमा कुमारी के द्वारा उसका प्राथमिक उपचार किया गया। इधर घटना की सूचना के बाद शुक्रवार की रात्रि पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार अस्पताल पहुंचे घायल युवक व उनके परिजनों से घटना की जानकारी ली एवं मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने का भरोसा भी दिया। मामले को लेकर भुक्तभोगी नसरुद्दीन अंसारी की पत्नी राबिया खातून ने थाना प्रभारी के नाम लिखित आवेदन देकर दोषी जवानों के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है। आवेदन में उन्होंने बताया है कि शुक्रवार के शाम नसरुद्दीन अंसारी, मित्र हस्मतुल्ला अंसारी, भतीजा इमरान अंसारी के साथ पिकेट की ओर घूमने के लिए गए थे, इसके लिए बाकायदा उन्होंने तैनात प्रहरी से पूछा भी था, उनके इजाजत के बाद ही वे घूमने गए थे, इसी दौरान पिकेट से एक जवान बिना वर्दी के आया व मारपीट किया। घटना के बाद शनिवार को उपचार के बाद घायल नसरुद्दीन अंसारी को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। बता दे कि घायल युवक राजमिस्त्री का काम करता है। इधर मामले में दूसरी ओर बोदा पिकेट में तैनात जवान हरेंद्र कुमार सिंह के द्वारा मामले में चंदवा थाना में आवेदन दिया गया है, जिसके आधार पर 3 नामजद व 8 अज्ञात पर मारपीट व सरकारी काम में बाधा डालने आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया गया है। वहीं वादी पक्ष की ओर से भी मामले में आवेदन दिया गया है जिस पर जांच की जा रही है, हालांकि खबर लिखे जाने तक इस पर प्राथमिकी दर्ज नहीं हो पाई थी। मामले को लेकर पुनि सह थाना प्रभारी के संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि मैं अभी बाहर हूं मामले में ज्यादा जानकारी मुझे नहीं है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रशिक्षण प्राप्त जलसहिया

# स्वयं सहायता समूह की दीदियों को किया गया सम्मानित

### लातेहार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन




कार्यक्रम में शपथ लेती महिलाएं व मौजूद अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन, लातेहार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त श्री उत्कर्ष गुप्ता एवं जलसहिया, स्वयं सहायता समूह की दीदियों, मंचासीन अन्य पदाधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), जल जीवन मिशन के तहत अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जलसहिया एवं एसएलआरएम के तहत प्रशिक्षण प्राप्त जलसहिया, स्वयं सहायता समूह की दीदियों को प्रशिक्षण के क्रम में उत्कृष्टता के लिए शॉल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने बरवाडीह प्रखंड की एसएलआरएम प्रशिक्षित नेहा कुमारी, अंबिका देवी को एसएलआरएम हेतु सर्वे पत्र देकर आज से डोर टू डोर सर्वे की शुरूआत की। उपायुक्त ने इस मौके पर जिलेवासियों को महिला दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम में महिलाओं ने अपनी जीवन से जुड़े अनुभव रखें। कार्यक्रम को संबोधित करते उपायुक्त ने कहा कि कि यह दिन महिलाओं के अधिकारों, समानता और समाज में उनके योगदान को सम्मान देने के लिए समर्पित है। महिलाओं का सशक्तिकरण केवल एक सामाजिक आवश्यकता नहीं, बल्कि एक प्रगतिशील समाज की पहचान भी है। जब महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और निर्णय लेने की स्वतंत्रता मिलती है, तो पूरा समाज आगे बढ़ता है। इस दिन हम न केवल महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करते हैं, बल्कि यह भी संकल्प लेते हैं कि हम उन्हें समान अवसर देने और उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

### पर्यावरण विभाग से बिना एनओसी के ही

# कई अवैध बंगला ईंट भट्ठा का संचालन

### अवैध कोयले से धधक रही ईंट भट्ठा




अवैध संचालित बांगला ईंट भट्ठा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न पंचायतों में इन दिनों अवैध बांगला ईंट भट्ठा का कारोबार जोरों पर है। क्षेत्र में अवैध बांगला ईंट भट्ठा का कारोबार कई वर्षों से संचालित हो रहा और प्रशासन के नजर अंदाजी के कारण अवैध कोयले से बांगला ईंट भट्ठा धधक रहे हैं।

वहीं पूरे प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में बेखौफ होकर अवैध कोयले से कई बंगला ईंट भट्ठा का संचालन किया जा रहा है। यहां तक कि पर्यावरण विभाग से बैगर एनओसी प्राप्त किए ही धड़ल्ले से कई अवैध बांगला ईंट भट्ठा चलाए जा रहे हैं। वहीं मनिका प्रखंड के कोरिद, व्यांग, विशुंबाध, कोपे, भट्टक, बड़काडीह, सिंजो, समेत इत्यादि पंचायतों में देखा जाए तो खुलेआम अवैध कोयले से कई अवैध ईंट भट्ठा संचालित है और इसका सुध लेने वाला कोई नहीं है। वहीं अवैध ईंट भट्ठा संचालकों पर कोई कार्रवाई नहीं होने से संचालकों का हौसला बुलंद है। जिससे खनिज विभाग को हर महीने लाखों रुपए की राजस्व का हानि हो रहा है। बता दें कि ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों ईंट भट्ठे का कारोबार बैगर विभागीय अनुमति व रॉयल्टी जमा किए धड़ल्ले से चल रहा है और उच्च अधिकारियों तक अवैध ईंट भट्ठा संचालकों के ऊपर कार्यवाही करने के लिए कोई भी प्रतिवेदन नहीं दे रहे हैं। जिससे शासन को रॉयल्टी से लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है। वहीं धड़ल्ले से संचालित अवैध ईंट भट्ठा से क्षेत्र लगातार प्रदूषित हो रहा है एवं वायु प्रदूषण बढ़ रहा है साथ ही इसके प्रभाव से नदी नाले भी प्रभावित हो रहे हैं। इतना ही नहीं जंगलों का कटाव भी जारी है और कई ईंट भट्ठा तो जंगल के पास में ही है जिससे उन्हें लकड़ी आसानी से मिल जाती है और धड़ल्ले से जंगलों का सफाया भी होते जा रहा है। वहीं मामले को अविलंब संज्ञान में लेकर जांच उपरांत अवैध तरीके से संचालित बांगला ईंट भट्ठा के कारोबारियों को चिन्हित कर जिला प्रशासन को कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

# एक माह से बिजली का ट्रांसफार्मर खराब

### सैकड़ों घर के बिजली उपभोक्ता परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता



परेशानी को रखते भुक्तभोगी

**सरयू।** नवनिर्मित प्रखंड के सरयू मार्केट में एक महा से बिजली का ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण सैकड़ों घरों में मुश्किलें बढ़ीं गई है। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बिजली का वोल्टेज कभी कम कभी जादा होने से इलेक्ट्रॉनिक समानें जल कर खराब हो रहा है जिससे बिजली उपभोक्ताओं को भारी नुक्सान का मार झेलना पड़ रहा है। वही बिजली उपभोक्ता सादीक खान, असगर हुसैन, मनसुर आलम, मिथुन प्रसाद, सुरेन्द्र प्रसाद, समेत आदि लोगों ने बताया कि एक महा से खराब ट्रांसफार्मर को बनाने के लिए बिजली कर्मी को अवगत कराया गया लेकिन बिजली कर्मी के द्वारा कोई पहल नहीं किया गया। जिससे बिजली उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### बैठक में शामिल हुए राज्य पर्यटन मंत्री सुदीप्य कुमार सोनू



मंत्री सुदीप्य कुमार के साथ विधायक व कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** पीटीआर के बेतला स्थित डायरेक्टर हॉल में शनिवार को पलामू टाईगर फाउंडेशन के राज्य पर्यटन मंत्री सुदीप्य कुमार की मौजूदगी में बैठक हुई। इसमें पीटीआर में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की गई और पर्यटन को बढ़ावा देने पर गहन विचार- विमर्श किया गया। बैठक में पहली बार शामिल पर्यटन मंत्री ने कहा कि सरकार जन, जंगल और जमीन के हितों को ध्यान में रखकर पीटीआर को बेहतर बनाने के लिए प्रयत्नशील है। इसके लिए सरकार ने सभी के हितों का खास ख्याल रखते हुए पीटीआर में जनसहभागिता आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है, क्योंकि पर्यटकों की संख्या बढ़ने से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा और वे आत्मनिर्भर बनेंगे। इस दौरान जंगल और जानवरों की सुरक्षा के लिए बेहतर कार्य करनेवाले वनकर्मियों, सुरक्षा चौकियों, पशु चिकित्सकों और विशेषज्ञों को मंत्री द्वारा चेक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व बेतला आने पर पलामू के धमधमवां में पीटीआर के लाटू-कुजरुम से पुनर्वासित आदिवासियों ने परंपरागत लोक-नृत्य और वनकर्मियों ने गार्ड ऑनर देकर पर्यटन मंत्री सुदीप्य कुमार का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके पूर्व विधायक रामचंद्र सिंह के नेतृत्व में बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी आदि कई कार्यकताओं ने मंत्री महोदय का स्वागत बुके भेंटकर किया। बैठक में राज्य वन सचिव अबु बक्कर सिद्दीकी, पीसीसीएफ शशिकर सावंत, एपीसीसीएफ परितोष उपाध्याय, वाईके दास, सीसीएफ वाइल्डलाइफ रांची सह पीटीआर डायरेक्टर एसआर नटेश, डिप्टी डायरेक्टर पीके जेना, कुमार आशीष, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, विधायक रामचंद्र सिंह, लातेहार जिप अध्यक्ष पूनम देवी, जिप सदस्य संतोषी शेखर, रविंद्र राम, जेएमएम पूर्व अध्यक्ष अफजल अंसारी, शशि भूषण तिवारी और अरुण सिंह खरवार आदि मौजूद थे।

# टोमेटो सोलर ड्रायर मशीन का उद्घाटन

### उपायुक्त ने कहा किसानों की आय होगी दोगुनी

खबर मन्त्र संवाददाता



टोमेटो सोलर ड्रायर का शुभारंभ करते डीसी व अन्य

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बनियों ग्राम में शनिवार को लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने टोमेटो सोलर ड्रायर मशीन का उद्घाटन फीता काटकर किया ।जहाँ आदिवासी महिलाओं के द्वारा टिका लगाकर एवं पारंपरिक नृत्य के साथ उपायुक्त का भव्य स्वागत किया ।इस दौरान उपायुक्त ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि लातेहार जिला के मुख्यत तीन जगह बालूमाथ,बारियातु और हेरहंज प्रखंड में टमाटर की खेती के लिए अनुकूल वातावरण है और यहां पर बड़े पैमाने पर टमाटर की खेती होती है। कोल्ड स्टोरेज नहीं होने के कारण कई बार किसानों को कम दाम में टमाटर बेचना पड़ जाता था। जिसको देखते हुए सरकार की पहल पर पहले फेस पर टोमैटो सोलर ड्रायर मशीन लगाया जा रहा है जिसमे 15 किलो कच्चा टमाटर से एक किलो ड्राई प्रोडक्ट तैयार होगा। जिसकी कीमत 250 से 280 प्रति सोसल अल्फा कंपनी किसानों से खरीदेगी।

यह मशीन टमाटर सुखाने की मशीन यानी सोलर ड्रायर, सौर ऊर्जा से चलने वाली एक मशीन है. इसका इस्तेमाल टमाटर को सुखाने के लिए किया जाता है ।सोलर ड्रायर से सुखाए गए टमाटरों का इस्तेमाल पिज्जा टॉपिंग, सूप, और ओट्स में किया जा सकता है ।डीसी ने आगे बताया कि यह पहले चरण में अगर लगाया जा रहा सोलर सिस्टम किसानों के लिए लाभकारी रहा तो विभिन्न गांव में भी इसे लगाया जाएगा ।वही कंपनी सोशल अल्फा के मैनेजर पूजा कुमारी ने कहा कि ये रहेजा सोलर फूड प्रोसेसिंग कंपनी का टोमैटो सोलर ड्राइ मशीन तीन यूनिट का लगाया गया है। बालूमाथ बारियातु और हेरहंज में टमाटर की अधिक पैदावार क्षेत्र माना जाता है। जिसको सरकार के निर्देश पर जिले में तीन जगहों पर ड्राई मसीन दिया जाना है। जिसमे कैसे टमाटर सुखाया जाता हैं और इस यूनिट के लगने से किसानों को किस प्रकार से लाभ मिलेगा और कैसे रोजगार बड़े स्तर पर स्थापित होगा यह भी किसानों को बताया गया। आगे उन्होंने बताया कि टमाटर सस्ता होने पर किसान उसे सोलर ड्राइव में सुखाकर उसे महंगे दामों पर बेचकर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। सोलर ड्रायर से सुखाए गए उत्पादों का स्वाद, रंग, सुगंध, और पोषक तत्व बरकरार रहते हैं। बिना किसी एडिटिव्स या प्रिजर्वेटिव्स के,जल्दी खराब होने वाले खाद्य उत्पादों की शेल्फ लाइफ बढ़ जाती है ।बिजली या रखरखाव की जरूरत नहीं होती ।सोलर ड्रायर से सुखाए गए उत्पादों की मांग ज्यादा होती है ।इससे पूर्व लातेहार उपायुक्त बालूमाथ प्रखंड कार्यालय पंहुचे थे जहाँ उपायुक्त ने मौजूद महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बधाई दिया एवं स्वच्छता को लेकर जागरूक करते हुवे स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर श्रेयांश कुमार, डीसीओ जगमनी टोपनो, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिनोद रवानी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव, अंचलाधिकारी विजय कुमार, डीसीओ सुमन कुमार, प्रखंड प्रमुख ममता देवी, पूर्वी जिला परिसद सदस्य प्रियंका कुमारी, मुखिया सोनमणि देवी, विमला देवी, नरेश उरांव समेत कई लोग उपस्थित थे ।

एक नजर में

### प्रगतिशील समाज की पहचान है महिला सशक्तिकरण: चंदन प्रसाद

**चंदवा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर शनिवार को चंदवा में नारी सशक्तिकरण को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित हुए। झारखंड राज्य पंचायती राज विभाग के निदेर्शानुसार प्रखंड के चंदवा पूर्वी, पश्चिमी, अलौदिया, जमीरा समेत सभी पंचायतों में एकदिवसीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नारी सशक्तिकरण को लेकर चलाए जा रहे 9 योजनाओं की जानकारी साझा की गई। जिसमें शत प्रतिशत बालिकाओं का जन्म पंजीकरण, शत प्रतिशत विवाह पंजीकरण, कृषि पोर्टल पर शत प्रतिशत महिलाओं का पंजीकरण, सक्रिय महिला जॉब कार्ड धारकों को रोजगार, कृषि निर्माण एवं सेवा क्षेत्र में महिलाओं के लिए समान कार्य के लिए समान वेतन समेत कई जानकारियां साझा की गई। चंदवा पश्चिमी पंचायत सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ चंदन प्रसाद ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के अधिकारों के संरक्षण, समानता का अधिकार एवं समाज में उनके योगदान को सम्मान देने को लेकर समर्पित है। महिलाओं का सशक्तिकरण केवल एक सामाजिक आवश्यकता नहीं बल्कि एक प्रगतिशील समाज की पहचान है। आज यह संकल्प लेने का दिन है कि हम उन्हें सम्मान अवसर देने एवं उनके अधिकारियों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। कार्यक्रम के मौके पर जेएसएलपीएस के बीपीओ सुरेंद्र कुमार, कलेक्टर कोऑर्डिनेटर आशेश्वर प्रजापति, मुखिया संगीता लकड़ा, पंचायत सचिव आरती सक्सेना, आंगनबाड़ी सेविका, सहिया समेत काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं।

### सखी मंडल से जुड़कर स्वावलंबी व सशक्त बन रही है महिलाएं: मुजिबुल

**चंदवा।** आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के द्वारा शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित की गई। जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मुजिबुल आरफीन, एफटीसी शहीद, सीसी रमेश राम, प्रमिला कुमारी,पीआरपी अनिल उरांव सीएलएफ मैनेजर धीरज कुमार एवं लेखापाल कबूतरी कुमारी के द्वारा महिलाओं को सामाजिक आर्थिक रूप से सशक्त एवं स्वावलंबन होने के बारे में जानकारी साझा की एवं महिलाओं के द्वारा समाज में दिए जा रहे योगदान के बारे में विस्तृत चर्चा किया। इसके अलावी महिलाओं के हितार्थ संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ धरातल पर पारदर्शी तरीके से एवं सभी सुयोग्य लाभुकों को लाभ देने के बारे में बताएं। मुजिबुल आरफीन ने कहा कि सखी मंडल से जुड़कर आज दीदियां स्वावलंबी बनने के साथ सशक्त भी बन रही हैं। गांव हो या शहर आज माताएं व दीदियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं व विकास में सहभागी बन रही है।

### व्यवसायिक समिति ने पर्यटन और नगर ग्रामीण विकास मंत्री सुदीव्य कु. सोनू से की मुलाकात

**बरवाडीह।** बरवाडीह व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने राज्य के पर्यटन और नगर ग्रामीण विकास मंत्री सुदीव्य कु.सोनू से बेतला में मुलाकात कर पर्यटन के दृष्टिकोण से बरवाडीह बाजार क्षेत्र के विकास और व्यावसायिक वर्ग की प्रमुख ज्वलंत समस्याओं को लेकर तीन सूत्री मांगपत्र सौंपने का काम किया। दीपक राज ने मांगपत्र के माध्यम से मंत्री महोदय का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बरवाडीह बाजार क्षेत्र अंतर्गत आदर्श नगर से होते हुए मुख्य बाजार, मुर्गा मंडी, सब्जी मार्केट, बस स्टैंड और विवेकानंद चौक आदि 50 से अधिक मुख्य स्थानों पर सोलर स्ट्रीट लाइट लगवाने, बरवाडीह बाजार एवं बस स्टैंड में वर्षों से बंद पड़े शौचालय का चालू कराने। बरवाडीह संपूर्ण बाजार में आवश्यक स्थानों एवं मुख्य चौक चौराहों पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे का अधिष्ठापन कराने आदि मांग की। जहां पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने मांगपत्र को गंभीरता से पढ़ते हुए सभी मांगो को जायज बताया और पूरा कराने को लेकर आश्वत किया।

### होली पर्व शांतिपूर्वक मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना परिसर में शनिवार को होली पर्व शांतिपूर्वक मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रवानी की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एसडीपीओ श्री रवानी ने कहा कि होली के दिन दूसरे समुदाय लोगों का भी त्यौहार चल रहा है इसलिए कोशिश यह करें कि बिना सहमति के किसी पर रंग गुलाल नहीं लगावे तथा मुस्लिम भाइयों से भी अपील करते हुए कहा है कि अगर कोई बच्चा या गलती से कोई लगा दे तो उसे ज्यादा तुल ना देकर मामला को मैनेज करें ।उन्होंने कहा कि डीजे पर प्रतिबंध रहेगा सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी निगाह है कोई भी गलत पोस्ट करेंगे जेल की हवा खाएंगे। बालूमाथ अंचलाधिकारी विजय कुमार ने कहा के होली के दिन शराब पीकर लोग हुड़दंग न करें कहीं भी शराब की सूचना हो तो आप बताएं अवैध शराब माफियाओं पर कार्रवाई की जाएगी ।पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद बिरुवा ने कहा कि बालूमाथ का इतिहास रहा है कि प्रत्येक वर्ष यहां सभी समुदाय के लोग सभी पर्वों को मिल जुल कर आपसी भाईचारा के साथ मनाते आ रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि इस वर्ष भी मनाएंगे। वहीं थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने कहा कि किसी भी तरह का अफवाह ना फैलाएं कहीं किसी भी प्रकार की कोई सूचना मिलती है तो उसकी सूचना तुरंत थाना को दे। आपकी सूचना गुप्त रखते हुए कार्रवाई की जाएगी।

### विधायक ने मंत्री को भेंट की पहाड़ी मंदिर की तस्वीर, दिया निमंत्रण

**बरवाडीह।** पर्यटन और नगर विकास मंत्री सुदीप्य कुमार सोनू के बेतला आगमन पर मनिका विधायक सह सभापति रामचंद्र सिंह व जिप सदस्य संतोषी शेखर ने उन्हें प्राचीन पहाड़ी मंदिर की तस्वीर भेंट करते हुए मंदिर आने का निमंत्रण दिया। विधायक रामचंद्र सिंह ने मंत्री से पहाड़ी मंदिर को पर्यटक स्थल की सूची में शामिल करने के साथ विशेष योजना बनाने और पैकज उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। विधायक ने मंत्री से पहाड़ी मंदिर की योजना बनाते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने की मांग की। वही मंत्री ने आश्वासन दिया की जल्द ही पहाड़ी मंदिर को लेकर टीम भेजा जायेगा जो उसके बेहतर विकास की योजना बनाएगी।

### महुआडांड़ प्रखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा मिलन समारोह का आयोजन किया गया

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत जिला परिषद भवन परिसर में शनिवार को जेएमएम के द्वारा चलाये जा रहे सदस्यता अभियान के तहत झारखंड मुक्ति मोर्चा मिलन समारोह आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला संयोजक प्रमुख लाल मोतीनाथ शाहदेव रहें। कार्यक्रम में प्रखंड भर के विभिन्न गांवों से भारी संख्या में लोग पहुंचे हुए थे ।सैकड़ो लोगो ने जेएमएम का दामन थामा। मुख्य रूप से मदीना मस्जिद पूर्व सदर परवेज अलम, पत्रकार शहजाद आलम, पूर्व जिला परिषद सदस्य इग्नेशिया गिद्ध, जावेद शौकत, जावेद अख्तर, मनौवर आलम, शमशाद अंसारी, अहिया अंसारी, लक्ष्मण जायसवाल, जगरनाथ नायक, पूर्व मुखिया ब्रिजिनीया कुजूर, दयावंती तिर्की, अभिषेक कुमार राय, सहबूब अंसारी सहित सैकड़ों लोगों ने जेएमएम का सदस्यता ग्रहण किया। अपने संबोधन में श्री शाहदेव ने कहा लातेहार जिला में जेएमएम और भी मजबूत हुआ है। पूरे जिला भर से लोग जुड़ रहें है।

# दुमका : राष्ट्रीय लोक अदालत में 10,634 वादों का हुआ निष्पादन

खबर मन्त्र संवाददाता



लोक अदालत में सुनवाई करते बेंच सदस्य।

**दुमका।** राष्ट्रीय लोक अदालत में 10,634 वादों का निष्पादन करते हुए आपसी सुलह-समझौता से 87 करोड़ से अधिक की राशि की वसूली हुई। लोक अदालत झालसा, रांची के निदेर्शानुसार प्रधान सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष संजय कुमार चन्द्धरियावी के अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बावत प्राधिकार सचिव उत्तम सागर राणा से ने बताया कि व्यवहार न्यायालय के राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल सात बेंचों का गठन किया गया है। जिसमें बेंच नंबर 1 से फैमलि जज संजय कुमार सिंह, अधिवक्ता कुमार प्रभात एवं प्रशांत कुमार उपस्थित हुए। बेंच नंबर 2 मे एडीजे-टू रमेश चन्द्रा, अधिवक्ता विक्रमादित्य पांडेय एवं नीरज कुमार दीक्षित उपस्थित हुए। बेंच नंबर 3 में एडीजे-थ्री राजेश सिन्हा, अधिवक्ता ओमियो कुमार मांझी एवं मृगांक शेखर चक्रवर्ती उपस्थित हुए। बेंच नंबर 4 से जेएम वन मो जावेद खान, अधिवक्ता राकेश चंद्र लाल मरांडी एवं धर्मवीर मिश्रा उपस्थित हुए। बेंच नंबर-5 से जेएम वन नेहा झा, अधिवक्ता कामोद नारायण झा एवं वरुण सिंह उपस्थित हुए। इस प्रकार कुल सात बेंचों से 10,634 वादों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निष्पादन करते हुए कुल 87,36,79,388 रुपए की राशि का समझौता किया गया। साथ ही लोक अदालत में पहुंचे हुए ग्रामीणों के लिए विधिक जागरूकता के लिए एक स्टॉल भी लगाया गया एवं कानूनी पुस्तकों एवं पंपलेट का भी वितरण कर जागरूक किया गया।

## बेरमो : जनता मजदूर संघ का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन संपन्न

# जमसं को नंबर वन बनाना लक्ष्य : सिद्धार्थ

खबर मन्त्र संवाददाता

> 2022 में सीसीएल में संघ नौवें स्थान पर था, यह 2023 में छठे स्थान पर आ गया, इस बार हम सीसीएल में चौथे नंबर पर हैं

**बेरमो/कथारा।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के ऑफिसर्सक्लब में जनता मजदूर संघ द्वारा दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। अधिवेशन में मुख्य अतिथि जमसं के केंद्रीय महामंत्री सिद्धार्थ गौतम उपस्थित थे। संघ के कथारा क्षेत्रीय सचिव कमोद प्रसाद ने स्वागत भाषण से शुरू किया। संचालन कमलेश सिंह ने की। इस अवसर पर संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम ने कहा कि जमसं पिछले 45 वर्षों से कोयला क्षेत्र के मजदूरों की सेवा करती रही है उन्होंने कहा कि मजदूर हित में संघ द्वारा अब तक कई बड़ी-बड़ी लड़ाइयां लड़ी गई जिसमें शत प्रतिशत सफलता मिली है कहां की जमसं का जन्म बीसीसीएल के धनबाद में हुआ जबकि संघ आज बीसीसीएल से सीसीएल की ओर भी अपना विस्तार करने में लगी है। उन्होंने बताया कि बीसीसीएल में कुल 36 हजार मेंन पावर है, जिसमें 4 हजार अधिकारी संवर्ग से है। वही साढ़े चौदह हजार मजदूर जमसं के साथ है, इसलिए बीसीसीएल में जमसं सदसयो की संख्या नंबर वन पर है। जबकि 2022 में सीसीएल में संघ नौवें स्थान पर था। यह 2023 में छठे स्थान पर आ गया इस बार हम सीसीएल में चौथे नंबर पर हैं। हमारी सीसीएल में सदस्य संख्या 24सौ है जबकि उम्मीद है कि वर्ष 2026 में दूसरे और तीसरे स्थान पर अवश्य पहुंचेंगे। लेकिन हमारा लक्ष्य सीसीएल में पहले स्थान पर पहुंचना है। वर्तमान में उन्होंने सीसीएल में यूनियन के पदाधिकारी की कार्यकलापों की सराहना करते हुए कहा कि अन्य यूनियन की अपेक्षा हमारे पदाधिकारी गण कामगारों की समस्याओं का त्वरित निदान करने में ज्यादा विश्वास रखते हैं उन्होंने कहा कि आदमी इस तरफ काम करता है। जहां उसे सफलता मिलती है इस अवसर पर यूनियन के सीसीएल अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह उर्फ टीनू सिंह ने दिवंगत साथियों की याद में 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति की प्रार्थना की नेतृत्व किया जबकि इससे पूर्व यूनियन ने पूर्व पीएम चंद्रशेखर सिंह व जमसं के संस्थापक दिवंगत सूरज देव सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों से आए यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष व सचिव तथा शाखा अध्यक्ष एवं सचिव मौजूद थे।

## एक नजर में

### देश के विकास में महिलाओं का अहम योगदान है : रवींद्र



बेरमो शनिवार को सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ संबंद्ध भारतीय मजदूर संघ ढोरी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महाप्रबंधक कार्यालय सभागार मनायी। कार्यक्रम में पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय, ढ़ोरी क्षेत्र के एसओपी माला कुमारी, जिप सदस्य नीतू सिंह, भाजपा नेत्री अर्चना सिंह, मुखिया कल्पना देवी वार्ड परिषद लक्ष्मी देवी, डॉ शैलया व डॉ प्रेमा ज्योति, सहित दर्जनो सीसीएल महिला कर्मी कार्यक्रम शामिल हुए। कार्यक्रम का शुरूआत सीसीएल सीकेएस के कार्यकारी अध्यक्ष सह संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य रवीन्द्र कुमार मिश्रा, विनय कुमार सिंह एवं कुलदीप ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। रविंद्र पांडेय ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से महिला दिवस मना रही है। कहा कि देश के विकास महिलाओं का अहम योगदान है। आज की महिला किस प्रकार देश-विदेश एवं अपने घर मे परचम लहरा रही है। एसओपी माला कुमारी ने कहा कि मातृव शक्ति की अनेको रूप है और हमारे विकाशील देश मे हर क्षेत्र में हमारी मातृव शक्ति देश, विदेश अपने गृहस्थ जीवन मे परचम लहरा रही है। रवीन्द्र कुमार मिश्रा ने कहा आज हमारे देश की महिलाओं हर क्षेत्र में पुरूषों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर परचम लहरा रही है। वही डॉ शैलया, डॉ प्रेमा ज्योति ने कहा कि सभी मातृत्व शक्ति अपने बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान कर डॉक्टर, इंजीनियर, पायलट बनाये। कार्यक्रम में क्षेत्र के सम्मानित महिलाओ मे रेखा प्रसाद, राधा देवी, विभा सिंह, कल्पना देवी, शांति देवी, अनिता देवी, प्रेमलता देवी, सुजाता मुखर्जी, सुमिति कुमारी, ज्योति, बशन्ति देवी, सरिता देवी, सीमा देवी, कौशल्या देवी, देवकी देवी, नीरा देवी, लक्ष्मी देवी आदि शामिल है। इस अवसर पर सुबीर मुखर्जी, नुनुचंद महतो, बिरेन्द्र गुप्ता, संदीप उरांव, गब्बर सिंह, भुनेश्वर आदि उपस्थित रहे।

### बोकारो : बीएसएल के आरएमएचपी विभाग में नवीनीकृत टिपलर नंबर 3 का शुभारंभ



बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट के आरएमएचपी विभाग के नवीनीकृत टिपलर नंबर 03 का उद्घाटन ईडी संकार्य सीआर महापात्रा ने किया। मौके पर सीजीएम आरएमएचपी धनञ्जय कुमार सीजीएम सर्विसेज पीके बैसाखिया सीजीएम मैकेनिकल प्रकाश तिवारी सीजीएम सिंटर प्लांट पीताम्बर चौधरी सीजीएम सीईडी शालिग्राम सिंह सीजीएम शॉप्स जेवी शेखर के साथ आरएमएचपी विभाग के वरिष्ठ अधिशासी कर्मचारीगण तथा संविदा कर्मी उपस्थित थे। उद्घाटन के बाद टिपलर नंबर 03 का सुचारू एवं सुरक्षित संचालन आरंभ हो गया। आरएमएचपी में कुल पांच टिपलर का उपयोग होता है और कोयले के अलावा इस्पात उत्पादन की प्रक्रिया में रॉ मटेरियल-आयरन ओर, लाइम स्टोन, डोलोमाइट, पैलेट, सिंटर इत्यादि को रेलवे वैगन के द्वारा लाया जाता है। टिपलर के द्वारा रेलवे वैगन के कच्चे माल को हॉपर में डाला जाता है जहां से बे-फीडर के द्वारा इसे अलग-अलग बेड्स में ब्लेंडिंग और स्टैकिंग किया जाता है। ब्लेंडेड कच्चे माल को ब्लास्ट फर्नेस, सिंटर प्लांट या आरएमपी विभाग की जरूरत के अनुसार कन्वेयर बेल्ट के द्वारा संबंधित विभाग तक पहुंचाया जाता है। वर्ष 2025 के जनवरी माह में आरएमएचपी विभाग ने 1018791 टन कच्चे माल का डिस्पैच कर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। 10 फरवरी 2025 को टिपलर नंबर 03 को कैपिटल रिपेयर हेतु शटडाउन में लिया गया था।

### महिला अनुबंधकर्मियों के लिए स्वास्थ्य वार्ता का आयोजन



बोकारो। मानव संसाधन के ठेका श्रमिक प्रकोष्ठ द्वारा बीएसएल में कार्यरत महिला अनुबंध कर्मियों के लिए एक स्वास्थ्य वार्ता का आयोजन किया गया। बीजीएच की डॉ जया लक्ष्मी वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी ने स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर महिला अनुबंध कर्मियों को संबोधित किया। उन्होंने स्वयं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के महत्व के बारे में विस्तार से बात की। डॉ जया लक्ष्मी ने महिला स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों स्वास्थ्य देखभाल और सामान्य स्वास्थ्य जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा के दौरान महत्वपूर्ण सुझाव दिए। स्वास्थ्य वार्ता में 100 से अधिक महिला संविदा कर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी शंकाओं का समाधान भी किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रिया प्रेरणा टोप्पो उप प्रबंधक सोनाली गुप्ता प्रबीर कुमार गौरी शंकर ओहदार धीरेंद्र कुमार सुरेंद्र दास एमडी शादाब अख्तर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### कथारा ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक सह होली मिलन समारोह आयोजित



बेरमो। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कथारा ओपी में होली को लेकर शांति समिति की बैठक के साथ साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछवा, एसडीपीओ बेरमो डीएसपी विशिष्ट नारायण सिंह मुख्य रूप से उपस्थित हुए। इस मौके पर गोमिया प्रखंड विकास पदाधिकारी महादेव प्रसाद महतो,अंचल अधिकारी आफताब आलम,बीटीएस थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह, कथारा ओपी प्रभारी राजेश प्रजापति,सीएसआर प्रबंधक चन्दन कुमार,बांध पंचायत मुखिया मुरली देवी, कथारा पंचायत मुखिया पूनम देवी,झीरकी पंचायत मुखिया हाजी मिकाइल अंसारी,पंसस निभा देवी,दुलारी देवी,चन्द्र देव यादव,अजय कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, बबलू फ्रांसिस, रामकुमार यादव, राजेश जायसवाल, विजय कुमार सिंह,विजय यादव, प्रदीप यादव, गुप्तेश्वर पांडेय, प्रमोद कुमार, देवेंद्र यादव, समसुल हक, मथुरा सिंह यादव, गोपाल यादव, हेमू यादव, रामविलास पासवान, देवासीष आस, संतोष सिंहा, मोहम्मद कलीम मोहम्मद मुस्ताक अहमद, राजेंद्र यादव सुनीता सिंह, सुषमा कुमारी, सरिता देवी आशा देवी सन्जोती देवी, गोंदिया देवी, श्रीमती देवी के अलावा सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित हुए। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कथारा थाना प्रभारी के तरफ से महिलाओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि होली और रमजान की पवित्र माह आप सभी शांति से मनाए और एक दूसरे का सहयोग करें। बैठक के उपरांत उपस्थित लोगो ने एक दुसरे को रंग अबीर लगाकर और गले मिलकर होली की मुबारकबाद दी।

### तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कई मामलों का निष्पादन

बेरमो /तेनुघाट कोर्ट। माननीय सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय एवं बोकारो प्रधान जिला के निदेर्शानुसार शनिवार 8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया इस संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव महोदय सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने कहा कि माननीय झालसा, रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में लंबित सभी प्रकार के सुलहनीय आपराधिक मामलों, सिविल वाद, क्लेम वाद, एन आई एक्ट वाद एवं बिजली विभाग, वन विभाग, उत्पाद विभाग, श्रम विभाग, माप-तौल विभाग, टेलीफोन विभाग से संबंधित सहित अन्य मामलों का निष्पादन किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन के लिए तीन बेंच का गठन किया गया था। जिसके पहले बेंच पर जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी और अधिवक्ता बिनोद कुमार गुप्ता, दूसरे बेंच पर एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल और अधिवक्ता प्रशांत पाल तथा तीसरे बेंच पर मुंसिफ शिवराज मिश्रा और अधिवक्ता गिरिवर कुमार महतो मौजुद थे ा आज के इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 61,882 मामले और लगभग 8,85,00,000 सुलहनीय राशि प्राप्त हुआ।


### बेरमो नारी सशक्तिकरण से ही राष्ट्र की उन्नति संभव : मुखिया पार्वती



बेरमो/ललपनिया। गोमिया प्रखंड क्षेत्र होसिर पश्चिमी पंचायत सचिवालय भवन के सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान समारोहका आयोजन एकल नारी शसक्ति संगठन द्वारा मंगलवार को किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत की मुखिया पार्वती देवी शामिल हुई। यहां समारोह का नेतृत्व संगठन की मनीषा स्वेता मरांडी ने की। वही संचालन सहयोगी शांति देवी एवं झारखंड समृद्धि ट्रस्ट के सचिव रंजीत कुमार ने किया। सर्वप्रथम समारोह का शुभारंभ उपस्थित सभी ने माता सावित्री बाई फुले, फातिमा शेख, कस्तूरबा गांधी, झांसी की रानी माता लक्ष्मी बाई, झारखंड की योद्धा सिंगनी बाई, फूलो झानो की तस्वीर पर पुष्प गुच्छ अर्पित कर नमन कर की गयी। मुख्य अतिथि मुखिया पार्वती देवी ने कहा कि हर साल 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों, संघर्षों और समाज में उनके योगदान को सम्मान देने के लिए समर्पित है। महिलाएं न केवल परिवार की रीढ़ होती हैं, बल्कि वे देश, समाज और दुनिया के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इधर झारखंड समृद्धि ट्रस्ट सचिव रंजीत कुमार एवं समाजसेवी महावीर दास, प्रखंड लीडर तारा देवी, पंचायत लीडर मिना देवी व बबीता देवी, शंकरी देवी आदि ने संबोधित कर महिलाओं को जागरूक किया। मौके पर कई महिलाएं उपस्थित थी।

## स्पीड न्यूज

### नये एसडीओ कार्यालय में संचालित होगा चास अवर निबंधन कार्यालय



बोकारो। पुराने चास अनुमंडल कार्यालय परिसर में पूर्व से संचालित अवर निबंधन कार्यालय चास को भवन प्रमंडल द्वारा निष्प्रयोज्य घोषित किये जाने के बाद आगामी 10 मार्च से चास के नवनिर्मित अनुमंडल कार्यालय भवन में भू-तल से नए अवर निबंधन कार्यालय का संचालन होगा। यह जानकारी जिला प्रशासन की ओर से दी गई है। दरअसल पुराने अनुमंडल कार्यालय के भवन की स्थिति अत्यंत ही जर्जर होने एवं इसके खिड़की दरवाजा छत की जर्जर स्थिति सुरक्षा का अभाव आदि के कारण निबंधन से संबंधित अति महत्वपूर्ण दस्तावेज सुरक्षित नहीं हैं। साथ ही पुराने अनुमंडल कार्यालय को नये भवन में हस्तांतरित होने के कारण पुराना अनुमंडल कार्यालय परिसर असुरक्षित हो गया है। वहां लोगों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। फलस्वरूप जिला प्रशासन ने वर्तमान में चास के आईआईटी मोड़ के समीप स्थित नवनिर्मित अनुमंडल कार्यालय भवन के भू-तल में नए अवर निबंधन कार्यालय को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया है।

### यूनियन के साथ वार्ता में सहमति, बीएसएल में हड़ताल स्थगित



बोकारो। बोकारो इस्पात संयंत्र प्रबंधन और क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ के बीच हुई वार्ता में यूनियन की मांगों पर सहमति के बाद यूनियन द्वारा प्रस्तावित हड़ताल टालने की घोषणा की गई है। यूनियन के महामंत्री राजेन्द्र सिंह ने कहा कि हमारी मुख्य तीन मांगों को प्रबंधन ने पूर्णतया मान लिया है। साथ ही यह आश्वासन दिया है कि हमारी अन्य मांगों पर वार्ता कर जल्द ठोस पहल करेंगे। सिंह ने बताया कि क्राइम संघ (हिंद मजदूर सभा) द्वारा चरणबद्ध आंदोलन के प्रथम चरण में आहूत 07 मार्च की हड़ताल के मद्देनजर लगातार तीन दिनों तक चली यूनियन एवं प्रबंधन की वार्ता में आखिरकार ईडी संकार्य के हस्तक्षेप के बाद सहमति बनी और प्रस्तावित हड़ताल वापस ले ली गई है। वार्ता दो दिन सीजीएम-एचआर कार्यालय में हुई जिसमें प्रबंधन की ओर से सीजीएम एचआर जीएम प्रभारी संकार्य जीएम ठेका मजदूर प्रकोष्ठ संकार्य जीएम सी एण्ड आईटी एसीएमओ बीजीएच जीएम सुरक्षा एजीएम आईआर तथा वरीय प्रबंधक आईआर मौजूद रहे। वहीं यूनियन की ओर से महामंत्री राजेंद्र सिंह के साथ आरके सिंह रमेश राय शशिभूषण सुभाष चंद्र कुंभकार और विपिन कुमार सिंह शामिल रहे। वार्ता के उपरान्त सिंह ने दोनों विभागों में जाकर मजदूरों को कहा कि आपकी एकता ने फिर जीत हासिल की है। सिंह ने कहा कि हम एक जिम्मेदार यूनियन हैं। उन्होंने हड़ताल की स्थगित करने की घोषणा की।

### महिला दिवस पर डालसा ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

दुमका। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से महिला दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम शनिवार को आयोजित हुई। कार्यक्रम प्रधान जज सह प्राधिकार अध्यक्ष संजय कुमार चन्द्धरियावी के आदेशानुसार आयोजित हुई। जिसके तहत रानेश्वर प्रखंड के सुदूर हरिपुर पंचायत के पाटूशाला गांव में महिलाओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक एलएडीसी अंकित कुमार सिंह एवं रोबिन कुमार ने किया गया।

## रोटरी चास ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 16 महिलाओं को किया सम्मानित

# महिलाएं समाज की रीढ़ हैं : विधायक श्वेता सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** रोटरी क्लब चास द्वारा गोल्डन हट में आयोजित कार्यक्रम में 16 महिलाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई कदम उठाए गए हैं और हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। श्वेता सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल उत्सव नहीं बल्कि प्रेरणा देता है। सिंह ने सम्मानित महिलाओं की समाज में उनके योगदान के लिए प्रशंसा की तथा आशा व्यक्त की अन्य के लिए आदर्श बनेगी। मौके पर रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने बताया कि चिकित्सा शिक्षा व्यापार और घरेलू कार्य जैसे विभिन्न क्षेत्र की 16 महिलाओं को सम्मानित किया गया। इसके पूर्व विधायक श्वेता सिंह को विनय सिंह ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा कि महिलाओं के आर्थिक सामाजिक सांस्कृतिक और राजनीतिक योगदान का सम्मान करने और लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की संयोजक डिंपल कौर ने कहा कि रोटरी महिलाओं के अधिकार एवं सशक्तिकरण की हितेषी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय बैद नरेंद्र सिंह मनोज चौधरी धनेश बंका पूजा बैद ललिता चोपड़ा कुमार अमरदीप रितु अग्रवाल माधुरी सिंह संजय रस्तोगी शैल रस्तोगी प्रेम शंकर सिंह अर्चना सिंह पूनम अग्रवाल आनंद अग्रवाल किरण कविता बंका प्रिया केजरीवाल मंजीत सिंह आरती पारख अंजना झांझरिया आदी का योगदान रहा।

# अवैध कोयला खदानों के सुरंगों को जिला प्रशासन की टीम ने की डोजरिंग



डोजरिंग करने पहुंची दुमका की प्रशासनिक टीम।

खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध कोयला खदानों पर चला बुलडोजर। शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के बादलपाड़ा में चल रहे अवैध कोयला खदानो के सुरंगों को जेसीबी मशीन की सहायता से शनिवार को डोजरिंग कर मिट्टी भर कर बंद किया गया। करीब एक दर्जन अवैध कोयला के खदान को डोजरिंग कर बंद किया गया। यह खदान कुछ वन क्षेत्र और कुछ रैयती क्षेत्र में है। यहां बताते चलें कि इस कार्रवाई से कोयला माफियाओं में हड़कंप मच गया है। लगातार प्रशासन की ओर से कार्रवाई की जाती है और डोजरिंग कर अवैध कोयला खदानों को बंद भी किया जाता है। चालू बंद करीब एक दर्जन खदानों को डोजरिंग कर बंद किया गया है। कार्रवाई में 2 जेसीबी मशीन की सहायता से डोजरिंग किया गया। इस संबंध में एसडीओ अभिनव प्रकाश ने कहा कि यहां बहुत बड़ी क्षेत्र में कोयला है, और कुछ लोग साईकिल से कोयला का चोरी करते है। इसको बंद करने के लिए लगातार उन गड्ढों को डोजरिंग कर बंद करते है और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। मौके पर जिला प्रशासन की टीम, सीओ कपिलदेव ठाकुर ,थाना प्रभारी अमित लकड़ा समेत काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।

# देश की प्रगति में महिलाएं बराबर की भागीदार : डॉ ए एस गंगवार



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** नारी समाज और राष्ट्र की अहम धुरी हैं। हमारे देश में नारियों को देवी का दर्जा दिया गया है और जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं देवता भी वास करते हैं। वस्तुतः देश की प्रगति में महिलाएं बराबर की भागीदार हैं। ये बातें डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने कहीं। शनिवार को विद्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं एवं अन्य महिला कर्मियों को प्राचार्य की ओर से महिला दिवस का शुभकामना पत्र और गुलाब भेंटकर उनके प्रति अभिवादन व्यक्त किया गया। प्राचार्य ने कहा कि आज डीपीएस बोकारो को जो ख्याति राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पर मिली है उसमें विद्यालय की महिला शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के इस वर्ष की थीम एक्सीलेरेट एक्शन यानी कार्रवाई में तेजी का उल्लेख करते हुए डॉ गंगवार ने महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने और जागरुकता पैदा करने को लेकर कार्य की गति को तेज करने की जरूरत बताई। मौके पर विद्यालय के उपप्राचार्य अंजनी भूषण उपप्राचार्या मनीषा शर्मा एवं शालिनी शर्मा प्रधानाध्यापिका डॉ सरिता गंगवार प्रीति सिन्हा अनिंदिता भद्रा सुनीता भारद्वाज व ममता त्रिपाठी सुपरवाइजर निमिषा रानी व फरजाना गजाला नीलू व अन्य शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# बेरमो : सीसीएल के अधिकारियों और इनमोसा के पदाधिकारियों के बीच बैठक, कई मद्दों पर चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** सीसीएल दरभंगा हाउस मे इनमोसा एवं सीसीएल प्रबंधन के बीच एक मीटिंग हुई, जिसमे सीसीएल प्रबंधन की ओर से सीसीएल के सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह और इनमोसा राष्ट्रीय महामंत्री पी एन मिश्रा एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह सीसीएल के उप महामंत्री विजय कुमार सिंह की उपस्थिति मे वार्ता हुई। जो निम्नलिखित है।

(1) प्रमोशन के सम्बन्ध मे बात चित के क्रम मे सीएमडी ने कहा की माइनिंग स्टॉफ का प्रमोशन समय से होना चाहिए, और आने वाले बजट मे आप लोगों का जो भी डिमांड है, उसे सत प्रतिशत पूरा किया जायगा।

(2) यूनिट से लेकर सिसीएल स्तर तक सभी कमिटी मे भागीदारी के संबन्ध मे एवं सिसीएल मे हर लेबल पर होने वाले फंक्शन मे इनमोसा को आमंत्रित करने के सम्बन्ध पर सीएमडी ने सकारात्मक पहल करते हुए कहा की आप सिसीएल प्रबंधन पर भरोशा रखिये, बहुत जल्द इनमोसा को जल्द खुशखबरी मिलेगा। माइनिंग स्टॉफ के डेजिग्नेशन के चेंज करने के संबन्ध पर सीएमडी ने कहा की ये मुद्दा तो कोल इंडिया का है, पर मै कोशिश करूंगा की इसका निराकरण जल्द से जल्द हो जाये।

(3) माइनिंग सरदार के मुद्दे पर सीएमडी ने कहा की ये मुद्दा भी कोल इंडिया लेबल का है और इस पर कोल इंडिया मे भी वार्ता चल रही है, और ये मुद्दा तो आप लोग कोल इंडिया मे उठायें है, अगली मीटिंग जब भी होगी मै सीसीएल की ओर से अपनी सहमति दे दूंगा। इसी प्रकार अन्य मुद्दे पर सकारात्मक पहल करते हुए, हमारे रास्ट्रीय महामंत्री से इनमोसा के द्वारा चलाये जा रहे एक्शन प्रोग्राम को समाप्त करने की अपील की, इसपर मिश्रा ने 10 को मुख्यालय के समक्ष होने वाले प्रदर्शन को स्थगित करने पर अपनी सहमति दे दी। मौके पर उपस्थित सीसीएल के अध्यक्ष रामराज सिंह, इसीएल के अध्यक्ष समीर चक्रवर्ती, क्षेत्रीय अध्यक्ष/सचिव विकाश कान्त सिन्हा, हरेन्द्र कुमार सिंह, पवन कुमार सिंह, शशांक शेखर, सीसीएल के सहायक सचिव सुधीर कुमार उपस्थित थे।

# दुमका : अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने आयोजित की महिला सम्मेलन

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला इकाई ने महिला सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमे महिला जागरूकता के विषय पर विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। जैसे साइबर फ्राड, ऑनलाइन खरीदारी, एमआरपी नीति, सरकारी तंत्र, गैस सिलिंडर, महिला स्वास्थ्य एवं केंसर से बचाव के बारे में मुख्य रूप से बताया गया। कार्यक्रम में 9 ऐसी महिला जो अपने क्षेत्र में आदर्श स्थापित कर रहीं हैं। माधुरी केशरी, तारा देवी, छवि रानी दास, रीवा देवी, मिताली चटर्जी, चिंता देवी, विनीता देवी, चंपा देवी एवं अंजना भुवानिया उपस्थित रहीं। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला के द्वारा शॉल एवं मोमेंटो देकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 150 से भी अधिक महिलाओं की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि महिला थाना प्रभारीं अनुपमा सोरेन ने साइबर क्राइम के विषय में जानकारी देते हुए प्रान्त महिला आयाम प्रमुख रूबी लाल ने ग्राहक जागरूकता पर प्रकाश डाला। पूर्व नगर परिषद अध्यक्षा अमिता रक्षित ने महिला स्वास्थ्य संरक्षण पर अपनी बातें रखीं। प्रांत सचिव डॉ अमूल्य कुमार पाल ने ग्राहक के अधिकार और उसे प्राप्त करने के लिए महिलाओं का आवहन किया। कार्यक्रम में कैनरा बैंक की प्रबंधक अर्पण कुमारी, जिला अध्यक्ष डॉ करुण राय, उपाध्यक्ष नेहा सिंह, आनन्द गुप्ता, प्रान्त सचिव डॉ अमूल्य कुमार पाल, कोषाध्य ऋषभ कुमार गण, जिला सचिव अनय ओझा, सह सचिव संजय मित्रा, महिला आयाम प्रमुख गायत्री जायसवाल, पर्यावरण प्रमुख स्वपन दत्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष नेहा सिंह की।

# गोड्डा : महिला दिवस के अवसर पर प्रशासन ने जागरूकता रथ रवाना किया




खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** महिलाओं के प्रति अपराध को रोकने हेतु अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर लोगों को जागरूक करने हेतु सदर एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी, प्रशिक्षु डीएसपी कुमार गौरव, नगर थाना प्रभारी दिनेश महली, सर्किल इंस्पेक्टर, मधुसूदन मोदक एवं महिला थाना प्रभारी गुलाब किस्पोट्टा द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना। इस कार्यक्रम से महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन ने एक संदेश देने की कोशिश की है कि हम 24 घंटे आपकी सुरक्षाओं को लेकर गंभीर हैं। किसी भी प्रकार से शोषित पीड़ित और लाचार महिलाएं, छात्राएं अपने को सुरक्षित महसूस कर सकें किसी भी आपातकाल परिस्थितियों में असुरक्षा का अनुभव करते ही पुलिस हेल्पलाइन पर फौरन संपर्क करें।

स्पीड न्यूज

## ट्रंप ने क्रिप्टो उद्योग का किया समर्थन



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में शुक्रवार को हुई बैठक में क्रिप्टोकरेंसी उद्योग और अन्य डिजिटल परिसंपत्तियों को नीतिगत समर्थन देने का संकल्प लिया। श्री ट्रम्प ने अपनी तरह के पहले डिजिटल एसेट्स शिखर सम्मेलन में उद्योग के अनुकूल कानून और लचीले विनियमन के लिए अपना मजबूत समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने पिछले प्रशासन के दौरान लागू की गई प्रासंगिक नियामक नीतियों की आलोचना की और ह्लक्रिप्टो पर संघीय नौकरशाही के युद्ध को समाप्त करनेह्व के लिए चल रहे प्रयासों पर जोर दिया।

## नेपाल-तिब्बत सीमा पर भूकंप के झटके

काठमांडू। नेपाल और तिब्बत की सीमा पर शनिवार दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.9 मापी गयी है। भूकंप का असर चीन सीमा से लगे कई जिलों में दिखा। राजधानी काठमांडू में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि भूकंप से किसी भी प्रकार के जानमाल की क्षति होने की कोई खबर नहीं है। नेपाल के भूकंप मापन केंद्र के मुताबिक, शनिवार दोपहर स्थानीय समय के अनुसार 2:35 बजे भूकंप आया। भूगर्भविद भरत कोइराला ने कहा कि भूकंप का केंद्र तिब्बत के शिगात्से में है।

## बलूचिस्तान के प्रमुख मुफ्ती शाह की हत्या

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में केच जिले के तुरबत कस्बे में कुछ अज्ञात हथियारबंद लोगों ने शुक्रवार देर रात बलूचिस्तान के प्रमुख मौलवी मुफ्ती शाह मीर की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि हथियारबंद लोगों ने धार्मिक विद्वान को उस समय निशाना बनाया जब वह रात की नमाज अदा करके बाहर आ रहे थे।

## मणिपुर में सात उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार जब्त

इंफाल। मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग अभियानों में सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया और तीन हथियार जमा कराये गये। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि लोगों ने स्वेच्छा से तीन अलग-अलग तरह के हथियार, विभिन्न गोला-बारूद और अन्य विविध सामान सौंपे।

## यूपी में हिजबुल का आतंकी गिरफ्तार

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने हिजबुल मुजाहिद्दीन के फरार आतंकी को गिरफ्तार किया। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में प्रशिक्षित आतंकवादी की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। यह आतंकवादी 2001 में पुलिस हिरासत से फरार हो गया था जिसकी लंबे अरसे से तलाश थी। गिरफ्तार आतंकवादी जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले का निवासी है। उसे 2001 में भारी मात्रा में हथियार और गोली बारुद समेत गिरफ्तार किया गया था मगर वह सुरक्षा एजेंसियों को चकमा देकर भाग निकला था।

## रूस ने 31 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया

मॉस्को। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि शुक्रवार रात रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने 31 यूक्रेनी ड्रोन को रोक दिया और उन्हें नष्ट कर दिया। मंत्रालय ने कहा कि शुक्रवार रात ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने 31 यूक्रेनी मानव रहित हवाई वाहनों को रोका और उन्हें नष्ट कर दिया।



## अब महिला पुलिसकर्मी करेंगी पटना की यातायात का संचालन

**पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि अब पूरे पटना शहर के यातायात का संचालन महिला पुलिसकर्मी करेंगी। नीतीश ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला दिवस एक नयी मिशाल- पटना ट्रैफिक की जिम्मेदारी महिलाओं के हाथ कार्यक्रम में मॉडल ट्रैफिक पोस्ट का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने घोषणा की कि पूरे पटना शहर की ट्रैफिक व्यवस्था महिला पुलिसकर्मियों द्वारा संचालित की जाएगी, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।**

# दिल्ली में महिला समृद्धि योजना लागू

## गरीब महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 2500 रुपये

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की भाजपा सरकार ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को महिला समृद्धि योजना को लागू करने की घोषणा की। इसके तहत दिल्ली की गरीब महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये मिलेंगे। लाभार्थियों के सत्यापन के लिए ई-केवाईसी का उपयोग किया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में सचिवालय में हुई कैबिनेट की बैठक में इस योजना को लागू करने की मंजूरी दी गयी। कैबिनेट ने प्रारंभिक रूप से इस योजना के लिए 5100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इस योजना के कार्यान्वन के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा, आशीष सूद और कपिल मिश्रा शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला दिवस के अवसर पर दिल्ली की माताओं-बहनों से किया गया वादा पूरा करते हुए हमारी सरकार ने महिला समृद्धि योजना के लिए 5100 करोड़ रुपये करोड़ आवंटित किए हैं। जल्द ही हर पात्र महिला को 2500 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे, जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। यह सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि मोदी की गारंटी को साकार करने की प्रतिबद्धता है। योजना की पारदर्शिता, दक्षता और धन के निर्बाध वितरण को सुनिश्चित करने के लिए सरकार उन्नत प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करेगी। इसके लिए एक पोर्टल बनाया जाएगा। लाभार्थियों के सत्यापन के लिए आधार-आधारित ई-केवाईसी का उपयोग किया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि वित्तीय सहायता केवल उन लोगों तक पहुंचे जो पात्र हैं। इसके अतिरिक्त लीकेज और दुरुपयोग को रोकने के लिए मजबूत डिजिटल भुगतान तंत्र लागू किए जाएंगे, जिससे प्रक्रिया सुरक्षित, परेशानी मुक्त और सभी लाभार्थियों के लिए आसानी से सुलभ हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य दिल्ली की गरीब महिलाओं को प्रति माह वित्तीय सहायता देकर महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह योजना चुनावों के दौरान हमारे संकल्प पत्र 'विकसित दिल्ली संकल्प पत्र' को दिल्ली की महिलाओ के प्रति दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता को पूरा करता है। उन्होंने कहा कि यह महिलाओं विशेष रूप से गरीब परिवारों की महिलाओं के लिए आर्थिक स्थिरता और सामाजिक उत्थान सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस योजना को मंजूरी मिलने के साथ ही दिल्ली सरकार ने संकल्प पत्र में उल्लेखित अपनी प्रतिबद्धता को सफलतापूर्वक पूरा किया है।



**महिला समृद्धि के लिए कैबिनेट ने 5100 करोड़ की दी मंजूरी**

# करोड़ों महिलाओं ने मुझे सबसे धनवान व्यक्ति बनाया : मोदी

## महिलाओं का सम्मान करना देश के विकास पहला कदम : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं का सम्मान करना राष्ट्र के विकास की दिशा में पहला कदम है और इसी भावना के साथ भारत ने अब महिला-नेतृत्व वाले विकास का मार्ग अपनाया है।

नवसारी में जी-सफल और जी-मैत्री समेत विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं सबसे धनवान व्यक्ति हूं, क्योंकि मेरा खाता माताओं-बहनों के आशीर्वाद से भरा हुआ है और यह आशीर्वाद बढ़ता ही जा रहा है। मोदी ने कहा कि महिलाओं को नारायणी कहा गया है। महिलाओं का सम्मान करना राष्ट्र के विकास की दिशा में पहला कदम है। इसीलिए, विकसित भारत बनाने और राष्ट्र के विकास को गति देने के लिए, भारत ने अब महिला-नेतृत्व वाले विकास का रास्ता अपनाया है। हमारी सरकार महिलाओं के जीवन में उनके सम्मान और सुविधा दोनों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।

**2014 के बाद महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी :** उन्होंने जोर देकर कहा कि अनुच्छेद 370 को हटाकर दिखाया कि संविधान का सम्मान कैसे किया जाता है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि आज महिलाएं बड़ी संस्थाओं और देश के हर क्षेत्र में सर्वोच्च स्तर पर भाग ले रही हैं। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से देश में प्रमुख पदों पर महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। 2014 के बाद केंद्र सरकार में सबसे ज्यादा महिला मंत्री बनी हैं। संसद में भी महिलाओं का प्रतिनिधित्व काफी बढ़ा है।

2019 में पहली बार 78 महिला सांसद चुनी गईं। इस बार भी 74 महिला सांसद हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि देश की न्यायपालिका में महिलाओं की भागीदारी भी बढ़ी है।

**अंतरिक्ष विज्ञान में नई ऊंचाइयों को छू रहा भारत :** उन्होंने कहा कि जिला न्यायालयों में महिलाओं की उपस्थिति 35 प्रतिशत से अधिक हो गई है। कई राज्यों में सिविल जजों की भर्ती में 50 प्रतिशत से अधिक नई नियुक्तियां हमारी बेटियों द्वारा की गई हैं। आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इकोसिस्टम है। इनमें से लगभग आधे स्टार्ट-अप में महिला निवेशक प्रमुख भूमिका निभा रही हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत अंतरिक्ष विज्ञान में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। वास्तव में, कई प्रमुख मिशनों का नेतृत्व महिला वैज्ञानिकों की टीमों द्वारा किया जा रहा है। हमें यह देखकर गर्व होता है कि भारत में दुनिया में सबसे अधिक महिला पायलट हैं।



**गुजरात के नवसारी में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी का स्वागत करतीं महिलाएं।**



**नयी दिल्ली में नारा शक्ति सम्मलेन का उद्घाटन करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। साथ में केंद्रीय महिला बाल कल्याण मंत्री अन्नपूर्ण देवी।**

# महिलाओं से बन सकता है विकसित भारत : मुर्मू

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विकसित भारत को सभी का सपना बताते हुए कहा है कि आत्मनिर्भर, स्वाभिमानी, स्वतंत्र और सशक्त महिलाओं के बल पर ही विकसित भारत का निर्माण हो सकता है, इसलिए पुरुषों को महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनने में हर कदम पर सहयोग करना चाहिए। मुर्मू ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा नारी शक्ति से विकसित भारत विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति ने कहा कि यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करने, उनके अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए खुद को समर्पित करने का अवसर है।

उन्होंने कहा कि आज हम अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के 50 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं और इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस अवधि में महिला समुदाय ने अभूतपूर्व प्रगति की है। वह अपनी जीवन यात्रा को इस प्रगति का एक हिस्सा मानती हैं। उन्होंने कहा कि ओडिशा के एक साधारण परिवार

### लड़कियों को आगे बढ़ने के लिए बेहतर माहौल जरूरी : राष्ट्रपति

और पिछड़े क्षेत्र में जन्म लेने से लेकर राष्ट्रपति भवन तक की उनकी यात्रा भारतीय समाज में महिलाओं के लिए समान अवसरों और सामाजिक न्याय की कहानी है। राष्ट्रपति ने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए लड़कियों को आगे बढ़ने के लिए बेहतर माहौल मिलना जरूरी है। उन्हें ऐसा माहौल मिलना चाहिए, जहां वे बिना किसी दबाव या डर के अपने जीवन के बारे में स्वतंत्र निर्णय ले सकें। हमें ऐसा आदर्श समाज बनाना है, जहां कोई भी बेटी या बहन अकेले कहीं जाने या रहने से न डरे। मुर्मू ने कहा कि महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना ही भयमुक्त सामाजिक माहौल बनाएगी। ऐसे माहौल में लड़कियों को जो आत्मविश्वास मिलेगा, वह देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि जब भी हमने महिलाओं की प्रतिभा का सम्मान किया है, उन्होंने कभी निराश नहीं किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे कई उदाहरण हैं, जहां महिलाओं ने अपनी बुद्धि, विवेक और ज्ञान के बल पर न केवल ख्याति अर्जित कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया है, बल्कि देश और समाज का मान भी बढ़ाया है।

# खनिज और सुरक्षा समझौते पर जल्द हस्ताक्षर करेंगे : जेलेंस्की



**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि उनका देश जल्द से जल्द शांति चाहता है। इसके लिए उनका देश अमेरिका समेत अपने साझेदरों के साथ निरंतर काम कर रहा है। जेलेंस्की का यह बयान ऐसे समय आया है, जब हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि जेलेंस्की ने उन्हें पत्र लिखकर बताया है कि उनका देश वार्ता की मेज पर आने और खनिजों एवं सुरक्षा संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार है। जबकि ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि वह यूक्रेन युद्ध के समाधान के लिए रूस पर प्रतिबंध और शुल्क लगाने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि रूस के साथ शांति के लिए अपने साझेदारों के साथ बहुत काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम उन साझेदारों के साथ काम कर रहे हैं, जो शांति चाहते हैं। हम आवश्यक कदमों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम यूरोप में अमेरिका के साथ और सऊदी अरब में बैठक की तैयारी कर रहे हैं।

# किसान बनेंगे ऊर्जादाता : शाह



**गिर सोमनाथ।** । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को कोडिनार में सुगर मिल के पुनरुद्धार और आधुनिकीकरण का भूमि पूजन किया। जूनागढ़ के चांपरडा में उन्होंने ब्रह्मानंद विद्याधाम में विभिन्न प्रकल्पों के लोकार्पण और भूमिपूजन के कार्यक्रम के बाद अहमदाबाद के लिए रवाना हो गए। रविवार को वे अहमदाबाद में धार्मिक, सामाजिक और विकास कामों में शामिल होंगे। शाह ने कहा कि अन्नदाता कहलाने वाले किसान अब ऊर्जा दाता भी बनेंगे। शाह ने कहा कि सुगर फैक्टरी से इथेनॉल और इससे बिजली बनाकर ऊर्जा और गैस का उत्पादन भी होगा। इथेनॉल के उत्पादन से देश में पेट्रोलियम आयात में भी कमी आएगी।

# महाकुंभ ने बांसवाड़ा में बहाई सनातन की बयार

## तीस साल पहले मंदिर को चर्च बनाया था, फिर बन रहा मंदिर

एजेंसी

- **धर्म परिवर्तन करने वाला पूरा गांव कर रहा है 'घर वापसी'**
- **गांगड़तलाई के निकट सोडला दूधा गांव का है मामला**
- **चर्च के पादरी गरासिया ने फिर हिंदू धर्म अपनाया**

**बांसवाड़ा।** तीर्थराज प्रयागराज में 144 साल बाद लगे महाकुंभ ने सनातन की ऐसी बयार बहाई है कि पूरे देश में अलग ही माहौल नजर आ रहा है। इसका असर राजस्थान प्रदेश के जनजाति जिले बांसवाड़ा में भी देखने को मिल रहा है। दरअसल बांसवाड़ा जिले में एक गांव ऐसा है, जहां के लोगों ने सालों पहले धर्म परिवर्तित कर ईसाई धर्म को स्वीकार कर लिया था। अब पूरा गांव एक बार फिर से सनातन धर्म में वापस लौट रहा है। इतना ही नहीं, गांव में करीब 30 साल पहले भैरव जी का मंदिर था, जिसे चर्च में बदल दिया गया था।

अब 30 साल बाद चर्च को फिर से मंदिर में बदला जा रहा है। सनातन धर्म में घर वापसी और मंदिर के उद्घाटन का कार्यक्रम रविवार को धूमधाम से किया जाएगा। बांसवाड़ा जिले के गांगड़तलाई पंचायत समिति के सोड़ला दूधा गांव का माहौल ही कुछ अलग है। कभी चर्च में पादरी का काम करने वाले गौतम गरासिया ने भी हिंदू धर्म में घर वापसी कर ली है। उन्होंने बताया कि देश और प्रदेश में बह रही सनातन संस्कृति और महाकुंभ से मिले संदेश के बाद इस गांव के लोगों ने जिन्होंने पूर्व में ईसाई धर्म अपना लिया था, अब फिर से हिंदू धर्म अपना रहे हैं। साथ ही गांव में बने हुए 30 साल पुराने चर्च का रूप बदलकर फिर से यहां भैरव जी का मंदिर बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि सालों पूर्व यहां ईसाई मिशनरी से प्रभावित होकर पूरे गांव के लोगों ने ईसाई धर्म अपना लिया था, लेकिन और अब उनके मन में फिर से सनातन संस्कृति की ओर रुख हुआ और अब फिर से वह हिंदू धर्म अपनाते हुए यहां भैरव जी का मंदिर स्थापित कर रहे हैं। भारत माता मंदिर से प्रेरणा लेकर इस जनजाति क्षेत्र में इस तरह का पहला आयोजन है। इससे प्रभावित होकर यह संभावना है कि आने वाले दिनों में और भी कई गांव में ईसाई धर्म अपना चुके लोग वापस सनातन की ओर अपने घर की वापसी करेंगे।



## जीएसएलवी क्रायो स्टेज इंजन सफल

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने जीएसएलवी के क्रायोजेनिक ऊपरी चरण के साथ स्पार्क टॉर्च इग्नाइटर का उपयोग करके प्रक्षेपण यान चरणों के प्रज्वलन परीक्षण का कई पुनः आरंभ सफलतापूर्वक किया है। एक अपडेट में, इसरो ने कहा कि वह अगले पीढ़ी के प्रक्षेपण यान के लिए लॉक्स-मीथेन इंजन और चरणों का विकास कर रहा है, जो एक पुनः प्रयोज्य बूस्टर चरण और दो नष्ट होने वाले ऊपरी चरणों का उपयोग किया जाता है। इस विन्यास में, बूस्टर चरण की पुनर्प्राप्ति के लिए एकाधिक पुनःप्रारंभ आवश्यक होंगे, साथ ही मिशन लचीलेपन के लिए ऊपरी चरण को पुनःप्रारंभ करना भी आवश्यक होगा। तमिलनाडु के महेंद्रगिरि स्थित इसरो का द्रव नोदन प्रणाली केंद्र (एलपीएससी) भविष्य के लॉक्स-मीथेन चरणों के लिए स्पार्क टॉर्च इग्नाइटर विकसित कर रहा है, जिसके निम्नलिखित लाभ होंगे: मल्टी-रीस्टार्ट क्षमता, उच्च प्रज्वलन विश्वसनीयता और स्वच्छ दहन उत्पाद आदि।

